www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 31 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -296 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





इजराइल जाने को मजबूर युवकों को रोकने का सरकार के ... 02

■ दिल्ली की जनता के हितों वाला होगा बजट : शैली
■ कला क्षेत्र में पद्मश्री प्राप्त कर मैं सम्मानित ... 03

■ इमरान, महमूद को सिफर मामले में 10 साल जेल की सजा
■ अमेरिकी दूत ने आतंकवादी समूहों के खिलाफ भारतीय... 07

मुझे अंकिता से कोई दिक्कत नहीं : मन्नारा चोपड़ा 10

# विपक्षी सांसदों का निलंबन समाप्त

## सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दी जानकारी

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी।

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट सत्र कल से शुरू होगा। इससे ठीक पहले

- शीतकालीन सत्र में निलंबित किए गए थे 146 सांसद
- संसद का बजट सत्र आज से होगा शुरू

शीतकालीन सत्र में निलंबित किए गए सभी विपक्षी सांसदों का निलंबन खत्म हो गया है। मालूम हो कि निलंबित किए सांसदों में से 11 राज्यसभा सदस्यों का मामला राज्यसभा विशेषाधिकार समिति और 3 लोकसभा सदस्यों का मामला लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया था। जबकि 132 सदस्यों को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित किया गया था, जिनकी सदस्यता बजट सत्र शुरू होने के साथ ही अपने आप बहाल हो गई। बीते शीतकालीन सत्र में स्मोक बम लेकर दो लोग लोकसभा में कूद गए थे और सरकार विरोधी नारेबाजी की थी। जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि दो लोग संसद के बाहर इसी तरह की नारेबाजी करते हुए पकडे गए थे। संसद की सुरक्षा में हुई इस बडी चूक को लेकर विपक्ष हमलावर बना रहा और गृहमंत्री मंत्री अमित शाह के संसद में बयान देने का मांग को लेकर लगातार हंगामा करता रहा। सांसदों के इस रुख पर दोनों सदनों के 146 सांसद निलंबित कर दिए गए थे। इन 146 सांसदों में से 11 राज्यसभा और 3 लोकसभा के सदस्यों का मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया था। लोकसभा के विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने के बाद लोकसभा के 3 सांसदो का निलंबन 12 जनवरी को ही खत्म हो गया था। अब बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले राज्यसभा के सदस्यों का भी निलंबन खत्म कर दिया गया।



### सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : जोशी

#### सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए 30 दलों के 45 नेता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कहा कि सरकार दोनों सदनों की नियमावली और आसन के निर्देशानुसार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार है। सरकार ने अंतरिम बजट सत्र से पहले मंगलवार को यहां सर्वदलीय बैठक में संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया। बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा और 9 फरवरी तक चलेगा। बैठक में श्री जोशी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए श्री जोशी ने कहा कि सरकार अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्षी दलों से दोनों सदनों में कामकाज के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ सहयोग करने और तख्तियां लहराने से बचने का आग्रह किया।

- तख्तियां लहराने से बचने का किया आग्रह
- 9 फरवरी तक चलेगा संसद का बजट सत्र

### कांग्रेस ने अलिखित तानाशाही का लगाया आरोप

बजट सत्र की पूर्व संध्या पर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस हमलावर रही। राज्यसभा में विपक्ष के नेता का प्रतिनिधित्व कर रहे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने देश में अलिखित तानाशाही होने का आरोप लगाया। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद मुखिया लालू प्रसाद का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओ के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने असम में राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमले कराने और उस पर राज्य सरकार के प्रतिबंधों के बारे में भी चिंता जताई।




■ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके समाधि स्थल राजघाट पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सार संक्षेप

### सतनाम सिंह संधू राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के चर्चित शिक्षाविद सतनाम सिंह संधू को संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए नामित किया है। संसद सदस्य बनने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। धनकड ने एक्स पर उनका नियुक्ति पत्र साझा करते हुए लिखा, मै सतनाम सिंह संधू जी के राज्यसभा के लिए नामांकन का स्वागत करता हूं। सामुदायिक सेवा में उनका समृद्ध कार्य और शिक्षा,नवाचार और सीखने के प्रति उनका जुनून राज्यसभा के लिए ताकत का बडा स्रोत होगा।

### मणिपुर के दस विधायकों की अलग प्रशासन की मांग



**नई दिल्ली।** मणिपुर के दस आदिवासी विधायकों, जिनमें सत्तारूढ़ भाजपा के सात विधायक भी शामिल हैं, ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपे एक ज्ञापन में आदिवासियों के लिए एक अलग प्रशासन गठित करने की अपनी मांग दोहराई। प्रधानमंत्री को दिए अपने ज्ञापन में आदिवासी विधायकों ने कहा कि मणिपुर में जारी संघर्ष की स्थिति बद से बदतर हो गई है।

### जम्मू-कश्मीर के कठुआ में दो आईईडी बरामद



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने कठुआ जिले के श्मशान घाट शेरपुर इलाके में दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस ने कहा, कठुआ जिला पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा सुबह-सुबह श्मशान घाट के पास बेइन नाला पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें झाड़ियों में पॉलीथीन में पैक की गई दो संदिग्ध वस्तुएं मिलीं।

### उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा जारी रहेगा



**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार और शुक्रवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। वहीं शनिवार को अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।

### भारत पर्व में उत्तराखंड की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित लाल किला परिसर में आयोजित 'भारत पर्व' में आगंतुकों ने जहां उत्तराखण्ड के हस्तशिल्प लोक संस्कृति एवं खान-पान का लुत्फ उठाया वहीं दूसरी ओर राज्य की झांकी की थीम 'विकसित उत्तराखण्ड' को समारोह स्थल में प्रदर्शित किया गया।

चंडीगढ़ में इंडिया गठबंधन को झटका

# सबसे ज्यादा पार्षद होने के बावजूद आप-कांग्रेस गठबंधन को मिली हार

**चंडीगढ़,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। इंडिया ब्लॉक के कांग्रेस-आप गठबंधन को एक बड़ा झटका देते हुए नगर निकाय में सत्तारूढ़ भाजपा ने मंगलवार को केवल चार वोटों से जीत हासिल कर लगातार नौवीं बार चंडीगढ़ मेयर की सीट बरकरार रखी। सबसे ज्यादा पार्षद होने के बावजूद आप-कांग्रेस गठबंधन यह सीट हार गया। कांग्रेस और आप पार्षदों ने पीठासीन अधिकारी पर धांधली करने और उचित चुनावी प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप लगाया। मेयर चुनाव का विवाद एक बार फिर हाई कोर्ट पहुंच गया है और



- लगातार नौवी बार भाजपा ने मेयर पद बरकरार रखा
- पीठासीन अधिकारी पर धांधली करने का आरोप
- 36 में से आठ वोटों को अवैध घोषित कर दिया

सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है। पीठासीन प्राधिकारी अनिल मसीह, एक नामांकित पार्षद, ने 36 में से आठ वोटों को अवैध घोषित कर दिया, जिनके पास वोटिंग का अधिकार नहीं था। भाजपा को 16 वोट मिले, जबकि आप-कांग्रेस गठबंधन को 12 वोट मिले, जबकि उनके पास 20 पार्षद थे। बीजेपी के मनोज सोनकर ने आप-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप टीटा को हराया। नगर निगम के 35 सदस्यीय सदन में, भाजपा के पास 14 पार्षद हैं, जिसमें संसद सदस्य और पदेन सदस्य किरण खेर का एक और वोट है। आप के पास 13 पार्षद हैं, जबकि कांग्रेस के पास सात हैं। सदन में शिरोमणि अकाली दल का एक पार्षद है।

राहुल गांधी का बिहार के मुख्यमंत्री पर करारा तंज

# थोड़ा सा दबाव पड़ते ही पलट गए नीतीश

## पूर्णिया की रैली में चुटकुला सुना कर नीतीश कुमार को घेरा

**पूर्णिया,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नीतीश कुमार के महागठबंधन छोड़कर एनडीए में जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि बिहार को नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत पूर्णिया में रैली करते हुए नीतीश कुमार पर हमला किया। कांग्रेस नेता ने एक चुटकुला सुनाकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसा। राहुल गांधी ने कहा कि उन पर जरा भी दबाव पड़ता है तो वे यू-टर्न ले लेते हैं। नीतीश कुमार बीच में फंस गए हैं और बीजेपी ने उन्हें निकलने का रास्ता दे दिया है। मैं सिर्फ ये कह

- बिहार को अब नीतीश कुमार की जरूरत नहीं
- हिंदुस्तान का एक्सरे करने का समय आ गया

> राजभवन में शॉल छोड़कर आते हैं, लेने जाते हैं तो राज्यपाल चौंक जाते हैं : **राहुल गांधी**

रहा कि समय आ गया है हिंदुस्तान का एक एक्सरे हो जाए।

राहुल गांधी ने पूर्णिया रैली में एक चुटकुला सुनाते हुए कहा कि आपके चीफ मिनिस्टर नीतीश कुमार शपथ लेते हैं तो खूब तालियां बजती हैं। बड़ा धूमधाम



था। नीतीश शपथ लेते हैं मुख्यमंत्री का, उनके कुछ मंत्री भी शपथ लेते हैं। इसके बाद नीतीश कुमार सीएम हाउस की ओर निकल जाते हैं। फिर पता चलता है कि वो अपना शॉल राजभवन में छोड़ आए। वो लेने जाते हैं तो राज्यपाल भी कहते हैं, इतनी जल्दी वापस आ गए। ये हालत है बिहार की।

सिर पर गमछा बांधकर किसानों से की बात

### अडानी, अंबानी का कर्ज माफ कर रही सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसानों की समस्याओं पर उनसे बात की। इस दौरान राहुल गांधी सिर पर गमछा बांधे नजर आए। वे सड़क किनारे एक ढाबे पर रुके और कुछ लोगों के साथ चाय की चुस्की भी ली। हमने किसानों का 72,000 करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया था। राहुल ने कहा कि देश की सरकार अडानी, अंबानी का कर्ज माफ कर रही। लेकिन किसानों का कर्जा माफ नहीं हो रहा।

# सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए



- डिपल यादव को मैनपुरी से मैदान में उतारा
- लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा होंगे प्रत्याशी

**लखनऊ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने इस लिस्ट में 16 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। सपा ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी से चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी ने राजधानी लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं उम्मीदवारों की इस लिस्ट में डिंपल यादव समेत तीन प्रत्याशी अखिलेश यादव के परिवरा के लोगों को ही बनाया गया है। इनमें धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव का नाम भी शामिल है।

#### इन नेताओं को मिला टिकट

समाजवादी पार्टी ने संभल से शफीकुर्रहमान बर्क को, फिरोजाबाद से अक्षय यादव को, मैनपुरी से डिम्पल यादव को, एटा से देवेश शाक्य को, बदायूं से धर्मेंद्र यादव को, खीरी से उत्कर्ष वर्मा को, धौरहरा से आनन्द भदौरिया को, उन्नाव से अनु टंडन को, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा को, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को, अकबरपुर से राजाराम पाल को, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल को, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद को, अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा को, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी को, गोरखपुर से काजल निषाद को टिकट दिया है.

#### 2019 में जीती थी 5 सीटें

अगर पिछले चुनावी नतीजों पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश में समाजवादी के खाते में महज पांच सीटें आईं थी। बसपा ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, 3 जवान शहीद

**बस्तर,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान बलिदान हो गए। वहीं, 14 जवान घायल हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने टेकुलगुडम कैंप पर

- बीजापुर-सुकमा सीमा पर नक्सलियों ने की गोलीबारी
- 17 जवान घायल हुए, चार जवानों की हालत गंभीर

मंगलवार सुबह अचानक से हमला कर दिया। इस घटना में कुल 17 जवान घायल हुए, जिसमें से तीन जवान बलिदान हो गए। घायल जवानों को चोपर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चार जवानों की हालत गंभीर है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। कोबरा बटालियन और डीआरजी के जवानों के साथ अब भी मुठभेड़ जारी है। घायल जवानों ने बताया कि सुकमा पुलिस ने टेकुलगुडम में सुरक्षाबल के जवानों आज ही नया कैंप खोला है। कैंप के पास जोनागुडा-अलीगुडा की ओर एसटीएफ और डीआरजी के जवान गस्त सर्चिंग पर निकले थे।

# ध्रुवीकरण के लिए हर हथकंडा अपना रही भाजपा : येचुरी



**तिरुवनंतपुरम ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव के लिए ईडी और धनबल का इस्तेमाल कर रहे हैं। येचुरी ने कहा, वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भाजपा 2024 को लेकर आश्वस्त नहीं है और ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर उपकरण का उपयोग कर रही है, भले ही 400 से अधिक सीटें जीतने की डींगे हांक रहे हैं।

> भाजपा 2024 को लेकर आश्वस्त नहीं

**जानकारी** *अमेरिकी वीजा में 60 फीसदी की हुई वृद्धि*

# भारतीयों को वीजा देने में अमेरिका ने बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास टीम ने पिछले वर्ष (2023 में) पहले से कहीं अधिक वीजा संसाधित किए जिससे आगंतुक वीजा नियुक्तियों के लिए प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आई। दूतावास की ओर से मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि स्टाफिंग में वृद्धि, नवप्रवर्तन और बढ़ी हुई दक्षता के माध्यम से यह रिकॉर्ड हासिल किया गया।**

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भारत में अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों ने रिकॉर्ड 14 लाख अमेरिकी वीजा संसाधित किए। वर्ष 2022 की तुलना में सभी वीजा श्रेणियों के लिए आवेदनों में 60 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मांग अभूतपूर्व थी।

विजिटर वीजा (बी1/बी2) 700,000 से अधिक आवेदनों के साथ अमेरिकी मिशन के इतिहास में आवेदनों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या पर पहुंच गया है। अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों ने वर्ष की शुरुआत में तीन महीने




के लिए मुंबई में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर, स्थायी कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि और उन्नत तकनीकी संसाधनों को नियोजित करके इस मांग को पूरा किया। प्रक्रियाओं में सुधार और कर्मचारियों में निवेश ने देश भर में आगंतुक वीजा नियुक्तियों के

- एक लाख चालीस हजार छात्रों को मिला वीजा
- प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आई

लिए प्रतीक्षा समय को औसतन 1,000 दिनों से घटाकर केवल 250 दिन कर दिया है। अन्य सभी श्रेणियों में प्रतीक्षा समय न्यूनतम है। विज्ञप्ति में कहा गया कि वर्ष 2023 में, भारत में अमेरिकी कांसुलर टीम ने 1,40,000 से अधिक छात्र वीजा जारी किए - दुनिया के किसी भी अन्य देश से अधिक, लगातार तीसरे वर्ष एक रिकॉर्ड स्थापित किया। अलग से, मुंबई, नयी दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई अब दुनिया में शीर्ष चार छात्र वीजा प्रसंस्करण पोस्ट बन गए हैं। इन बढ़ती संख्या के परिणामस्वरूप भारतीय छात्र अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय स्नातक छात्रों का सबसे बड़ा समूह बन गए हैं और अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक विदेशी छात्रों में से एक चौथाई से अधिक हैं। दूतावास ने कहा कि रोजगार वीजा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

# देश

**उवाच**



उत्तर प्रदेश में पार्टी भाजपा के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है, इससे दोनों ही दलों को फायदा होगा। एनडीए गठबंधन लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 80 में से 75 सीटों पर जीत दर्ज करेगा।

–रामदास आठवले, केंद्रीय मंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 17.0 | 12.0 |
| मुंबई | 27.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 17.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

# इजराइल जाने को मजबूर युवकों को रोकने का सरकार के पास उपाय नहीं : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंयिसां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने

- **मोदी सरकार पर लगाया युवकों को रोजगार मुहैया नहीं कराने का आरोप**
- **बेरोजगार युवा अब युद्धग्रस्त इजराइल जाकर खतरा उठाने को है मजबूर**



**मोदी सरकार का हर साल दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वादा जुमला साबित हुआ : प्रियंका गांधी**

मोदी सरकार पर युवकों को रोजगार मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि हर साल दो करोड़ युवकों को रोजगार देने का वादा जुमला साबित हुआ है और यही वजह है कि बेरोजगार युवा युद्धग्रस्त इजराइल जाकर खतरा उठाने को मजबूर हैं वहीं सरकार के पास कोई उपाय नहीं है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अगर कहीं पर युद्ध के हालात हैं तो सबसे पहले हम अपने नागरिकों को वहां से बचाकर, वापस अपने वतन लाते हैं लेकिन बेरोजगारी ने आज वो हाल कर दिया है कि देश की सरकार हजारों असहाय और मजबूर युवाओं को युद्धग्रस्त इजराइल जाकर ये खतरा उठाने से भी बचा नहीं रही है। उन्होंने कहा कि इसी से पता चलता है कि चुनावों में पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी, सालाना दो करोड़ रोजगार और मोदी की गारंटी जैसी बातें सिर्फ जुमला हैं। यहां, अपने देश में इन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल रहा। ये लंबी-लंबी लाइनों में दो-दो दिनों से खड़े युवा क्या हमारे देश के बच्चे नहीं हैं कि हम इन्हें खुशी से इतने भयानक युद्ध के बीच भेजने को तैयार हैं।

### आज असली मुद्दा बेरोजगारी व महंगाई

कांग्रेस नेता ने कहा कि आज असली मुद्दा बेरोजगारी-महंगाई है और भाजपा सरकार के पास इसका कोई हल नहीं है। देश के युवा अब ये बात समझ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि गौर कीजिए कितनी चालाकी से सरकार इसे देश के युवाओं का व्यक्तिगत मसला बना रही है। सरकार की इसमें क्या भूमिका है। सरकार ने युद्धग्रस्त इजराइल को भारतीय युवाओं की बलि लेने की स्वीकृति किस आधार पर दी है। हमारे इन युवकों के जान-माल की रक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। भगवान न करे अगर किसी के साथ कोई दुर्घटना हो गई तो किसकी जिम्मेदारी होगी। वहीं युवा कांग्रेस ने बताया कि रेलवे जैसे महत्वपूर्ण विभाग में दो लाख 93 हजार 943 पद रिक्त हैं जबकि गृह विभाग में एक लाख 43 हजार 500 पद खाली हैं। इसी तरह से देश की सीमाओं से संबंधित सिविल डिफेंस में दो लाख 64 हजार 706 पद खाली हैं जबकि डाक विभाग में 90 हजार पद रिक्त हैं। इसी तरह से विदेश मंत्रालय, कृषि विभाग, खेल एवं युवा मामलों तथा अन्य विभागों में पद रिक्त हैं। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इसको लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया और कहा कि 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और उन्होंने हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन नौ साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी इन पदों को भरने में विफल रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश का युवा अब मोदी सरकार के बहकावे में आने वाला नहीं है और आम चुनाव में युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

### केंद्र सरकार के विभागों में खाली पड़े हैं दस लाख पद

नई दिल्ली। युवा कांग्रेस ने कहा है कि देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और सरकारी क्षेत्र में करीब दस लाख पद खाली पड़े हैं, जिन पर भर्ती के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। युवा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने मंगलवार को यह जानकारी दी और बताया कि सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं और बेरोजगारी की मार से बेहाल देश का युवा दर दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस में आरटीआई विभाग के उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा ने सूचना के अधिकार के तहत सरकार से जानकारी मांगी जिसके अनुसार केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौ लाख 80 हजार से भी ज्यादा पद खाली हैं और सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है।



## रेड्डी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना में मंगलवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शहर लंगर हौज क्षेत्र के पास बापू घाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किए। मुख्यमंत्री रेड्डी के साथ मुख्य सचिव शांति कमारी, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रवि गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी हनुमंत राव, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन और अन्य गणमान्य लोगों ने बापू घाट पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा, सरकारी कार्यालयों सहित राज्य भर के राजनीतिक नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों ने स्मरणोत्सव के रूप में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। यह दिन उन सभी लोगों की याद में शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

## एक दूसरे की बात सुनना सबसे मजबूत स्तंभ : मनोज सिन्हा

**जम्मू,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को वर्चुअल मोड से एलजी से मुलाकात-लाइव लोक शिकायत सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों के साथ बातचीत की और उनकी शिकायतें सुनीं। उपराज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को अधिक पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवेदकों ने मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए उपराज्यपाल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपराज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की समस्याएं सुनें और उन समस्याओं को हल करने के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी भी दें। जवाबदेही के मानक बनाए रखें और हमेशा सुधार के लिए प्रयास करें।

- **लोक शिकायत सुनवाई कार्यक्रम में की लोगों के बात**
- **अधिकारियों को जन शिकायतें सुनने के दिए निर्देश**

उन्होंने आगे कहा कि एक-दूसरे की बात सुनना सबसे मजबूत स्तंभ है जिस पर सुशासन टिका है। इस महीने के एलजी से मुलाकात कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल ने हम्मद द्वारा जेकेआईजीआरएएमएस पर दायर शिकायतों को संबोधित किया। रामबन से अशरफ, राजोरी



से रोहित शर्मा, पुंछ के मंडी के मोहम्मद आरिफ, डोडा के फिरदौस अहमद, बडगाम से हिलाल अहमद और अनंतनाग से मोहम्मद शफी की शिकायतों को सूना। उनकी शिकायतें मुख्यता जल शक्ति, श्रम एवं समाज कल्याण विभाग और बिजली विभाग से जुड़ी हुई थीं। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को लोगों की बात सुनने और बोरवेल, हैंडपंप, बिजली वितरण लाइनों और छात्रवृत्ति और पेंशन योजनाओं की संतृप्ति जैसे बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिए एक व्यापक रणनीति बनाने का निर्देश दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में नागरिकों और अधिकारियों की अनुकरणीय भागीदारी की भी सराहना की। लोक शिकायत सचिव डॉ. सैयद सेहरिश असगर ने उपराज्यपाल की मुलाकात कार्यक्रम का संचालन किया।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने महात्मा गांधी को की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यहां राजघाट पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भाग लिया और गांधी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल भी उपस्थित थे। प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों के विद्वानों, संतों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शान्ति केंद्र के संस्थापक जैनाचार्य डॉ. लोकेश आचार्य ने जैन प्रार्थना और महावीर वाणी प्रस्तुत की।

### कठुआ में बई नाला के पास विस्फोटक सामग्री बरामद

**कठुआ/हीरानगर।** जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के शेरपुर इलाके में बई नाला के पास विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने बताया हीरानगर थाने के अंतर्गत इस इलाके में मंगलवार सुबाह तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान सीमा से शेरपुर की ओर जाने वाली सड़क पर बई नाला के पास एक संदिग्ध पॉलिथीन बैग मिला। इसके बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। जांच में पॉलिथीन बैग में विस्फोटक सामग्री पाई गई।

### बेंगलुरु में बम का मजाक उड़ाने पर हवाई यात्री गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक हवाई यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसने विमान में सुरक्षा जांच के दौरान मजाक में कहा था कि उसके बैग में बम है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 48 वर्षीय साजु के कुमारन के रूप में की गई है, जो एक निजी कंपनी का कर्मचारी है। यह घटना रविवार शाम को हुई, जब कुमारन को एयर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से केरल के कोच्चि के लिए रवाना होना था। कथित तौर पर विमान में सवार आरोपी ने कर्मचारियों को यह कहते हुए अपना बैग जांचने की अनुमति नहीं दी कि वह इसमें बम ले जा रहा है, इसके बाद उसे विमान से उतार दिया गया।

### महानदी में फंसे सौ से अधिक यात्रियों को बचाया

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा में मंगलवार को दो नावों पर सवार 100 से अधिक यात्रियों को महानदी के बीचोंबीच तेज धारा में तीन घंटे से अधिक समय तक फंसे रहने के बाद सुरक्षित निकाल लिया गया। सूत्रों ने बताया कि एक नाव में सवार यात्री महाकालपाड़ा के बाहाकुड़ा नौका घाट से पारादीप के मुसाडीहा नौका घाट तक जा रहे थे, तभी तकनीकी खराबी के कारण नाव नदी के बीच में फंस गयी। वहीं, इन्हीं दोनों नौका घाटों के बीच यात्रा कर रही एक अन्य नाव भी यांत्रिक खराबी के कारण नदी की बीच धारा में फंस गई।

## अनुशासनहीनता करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस

**भोपाल,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अनुशासनहीनता को लेकर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के दो नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दोनों से सात दिन के भीतर जवाब मांगा है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी कार्यालय में कल हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए



- **सात दिन के भीतर जवाब मांगा**

पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शहरयार खान के बीच हुए विवाद के कारण पार्टी की छवि धूमिल हुई है। पटवारी ने दोनों नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा है। सात दिन के भीतर जबाव नहीं मिलने अथवा संतुष्टीपूर्ण स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर पार्टी द्वारा दोनों नेताओं के विरूद्ध अनुशासनहीनता की कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने इस बारे में आदेश जारी करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शहरयार खान को प्रवक्ता पद से पदमुक्त कर दिया गया है। कांग्रेस के इन दोनों नेताओं के बीच कल विवाद संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने वायरल किए थे। वीडियो में ये दोनों नेता अपशब्द बोलते हुए सुनाई दे रहे थे। शहरयार खान पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के समर्थक बताए जाते हैं।

### लालू-तेजस्वी से ईडी की पूछताछ पर जीतन राम मांझी का तंज

# खाएंगे जनता का पैसा तो खानी होगी हवालात की हवा

**पटना,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय की टीम पूर्व डिप्टी सीएम और राजद सुप्रीमो लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव से ईडी की पूछताछ शुरू हुई। तेजस्वी यादव जब ईडी दफ्तर पहुंचे तो वहां राजद समर्थकों ने उन्हें घेर लिया।

करीब 10-15 मिनट बाद तेजस्वी ईडी के ऑफिस में दाखिल हो सके। वहीं, पूछताछ को लेकर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने जोरदार हमला बोला है। मांझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए लालू परिवार, कांग्रेस और हेमंत सोरेन पर तंज कसते हुए कहा है कि का जी का चाहतें हैं आप नौकरी देकर जमीन लिखवा लिजिए कुछ ना हो। सेना की जमीन बेच दिजिए कुछ ना हो। सैकड़ों करोड़ रुपया घर में रखिए कुछ ना हो भाई ऐसा है ई मोदी राज है, जनता का पैसा खाईएगा तो हवालात का हवा भी खाना पड़ेगा। जस करनी तस भोग।



**जनता का पैसा खाईएगा तो हवालात का हवा भी खाना पड़ेगी : जीतन राम मांझी**

इससे पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि 1997 में किसकी सरकार थी। लालू प्रसाद यादव जब मुख्यमंत्री रहे तो चारा खा गए। जब रेल मंत्री हुए तो बच्चों की नौकरी खा गए। तो जाहिर सी बात है इसकी जांच तो होगी ही ना। आपको बताते चलें कि जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद से लगभग दस घंटे तक पूछताछ की। ईडी सूत्रों ने बताया कि जमीन के बदले नौकरी प्रकरण में लालू प्रसाद से पूछताछ के लिए ईडी की टीम ने करीब 70 सवालों को सूचीबद्ध किया था। जिसे बारी-बारी से लालू प्रसाद के सामने रखा गया। कुछ सवालों के जवाब लालू प्रसाद ने सहजता से दिए, जबकि कुछ जवाब यह कहकर टाल दिए कि उन्हें याद नहीं।

पूछताछ का समय जैसे जैसे बढ़ रहा था ईडी कार्यालय के बाहर राजद समर्थकों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव इस घोटाले में शामिल थे। यह घोटाला 2004 से 2009 के बीच किया गया था, जहां कई लोगों को रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप-डी के पदों पर नौकरियां दी गई थीं। बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेलवे मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी एके इंफोसिस्टम के नाम कर दी थी। जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत 17 लोगों को आरोपी बनाया गया था। एक दिन पहले यानी सोमवार को तेजस्वी यादव के पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना स्थित दफ्तर में पेश होना पड़ा था। सोमवार को भी राजद समर्थक ईडी दफ्तर के बाहर जुट गए थे और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे थे।

### जो जमीन लिखवाएगा तो ईडी तो पूछताछ करेगी ही



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आप पटना का महुआबाग चल जाइए तो आपको मालूम चल जाएगा की जमीन कहां लिखवाई। पटना के लाखों बच्चे हैं जिसका जमीन लालू प्रसाद यादव ने लिखवाया है। इसलिए साफ है कि जो जमीन लिखवाएगा तो ईडी तो पूछताछ करेगी ही।

## चुनावों में औरंगाबाद, उस्मानाबाद निर्वाचन क्षेत्रों के नाम नहीं बदलेंगे : चुनाव आयोग

**छत्रपति संभाजीनगर,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले, शहर, तालुका तथा छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद के धाराशिव गांव का नाम बदलने की योजना बनाई




है, लेकिन चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इन निर्वाचन क्षेत्रों का नाम नहीं बदलने का आदेश दिया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक औरंगाबाद शहर और उस्मानाबाद शहर का नाम बदलने के खिलाफ फिलहाल बॉम्बे उच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता अगले महीने लागू होने की संभावना है। ऐसी उम्मीद जताई गई थी कि चुनाव आयोग की ओर से इन निर्वाचन क्षेत्रों का नया नाम दिया जाएगा, लेकिन इसकी बजाय चुनाव आयोग ने हमें सूचित किया है कि इन निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा और विधानसभा चुनाव तक नाम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। निर्वाचन क्षेत्र के इस नाम परिवर्तन को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने भारत निर्वाचन आयोग से पत्राचार किया था।

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद ही इन निर्वाचन क्षेत्रों के नाम होंगे, चुनाव होने तक नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

### औरंगाबाद की मतदाता सूची में पुराने नामों का भी किया उल्लेख

चुनाव आयोग ने औरंगाबाद जिले की मतदाता सूची में निर्वाचन क्षेत्रों के पुराने नामों का भी स्पष्ट उल्लेख किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र का नाम बदलने का प्रस्ताव चुनाव आयोग को सौंपा गया है और अभी तक नाम परिवर्तन के संबंध में कोई पत्र नहीं मिला है। मतदाताओं की सूची में पुराना नाम का ही उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र का नाम भी नहीं बदला जाएगा और पुराना नाम ही उपयोग में लाया जाएगा।

## सहकारी संस्था के अध्यक्ष पर हेराफेरी का मामला दर्ज

**सांगली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की आस्था पुलिस ने मंगलवार को सांगली जिले के वालवा तहसील के बागानी में बागानी विविध सहकारी विकास संस्था के पूर्व अध्यक्ष, सचिव, निदेशक और दो कर्मचारियों के खिलाफ अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 के दौरान 38.60 लाख रुपए के कथित दुरुपयोग के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की। आस्था पुलिस के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकारी ऑडिटर सचिन अशोक पवार ने आज तत्कालीन अध्यक्ष रमेश बाबूराव पाटिल, सचिव खंडेराव भीमराव सावंत, निदेशक मुरलीधर शंकर बामने और दो कर्मचारियों, सतीश अशोक शेट्टी और रवींद्र नरहरि किट्टे के खिलाफ फर्जी ऋण लेने की शिकायत दर्ज की। अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के दौरान क्रेडिट पर उर्वरक, ट्रैक्टर किराये की राशि और वेतन अग्रिम, राशि 38,60,083 रुपए और कार्यालय के नियमों का दुरुपयोग करके संस्था के सदस्यों के साथ धोखाधड़ी तथा विश्वासघात किया। इस मामले से सम्बंधित जांच जारी है।

## तमिलनाडु में फरवरी से महंगी होगी शराब की बिक्री

**चेन्नई,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएएसएमएसी) ने एक फरवरी से शराब की खुदरा बिक्री की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। टीएएसएमएसी के इस फैसले के बाद राज्य में शराब के शौकीनों को एक फरवरी से अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बढ़ोतरी का कारण उत्पाद शुल्क में वृद्धि है। साधारण और मध्यम श्रेणी की 180 मिलीलीटर शराब की कीमत में 10 रुपए की बढ़ोतरी की जाएगी। वहीं 180 एमएल हाई-एंड शराब की कीमत 20 रुपए बढ़ जाएगी। बीयर का शौक रखने वालों को 650 एमएल के कंटेनर में बिकने वाली बीयर के लिए 10 रुपए और चुकाने पड़ेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 375 मिलीलीटर, 750 मिलीलीटर और 1,000 मिलीलीटर कंटेनर में बेची जाने वाली शराब और 325 मिलीलीटर और 500 मिलीलीटर कंटेनर में बेची जाने वाली बीयर की कीमतें भी उनकी



मात्रा और श्रेणी के अनुसार बढ़ेंगी। अब कीमतों में बढ़ोतरी के साथ, राज्य सरकार को इस साल शराब की बिक्री से अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है। करीब 5,300 खुदरा वेंडिंग दुकानों और इन खुदरा दुकानों से जुड़े बार के माध्यम से शराब की बिक्री, राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के वित्तपोषण के लिए प्रमुख राजस्व अर्जन में से एक थी।

**राहत** कश्मीर के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी से फिर चमके कश्मीरियों के चेहरे

# बर्फबारी देखने को बड़ी संख्या में उमड़े पर्यटक व स्थानीय लोग

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 30 जनवरी (देशबन्धु)। कश्मीर से बर्फ क्या रूठी, वे टूरिस्ट भी रूठ गए थो जो कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहते थे। बुरे दौर से गुजरने के बाद कश्मीर आने वालों का कश्मीरी अब तहेदिल से स्वागत कर रहे हैं। कश्मीरी खुश हैं कि बर्फ भी लौट आई है और पर्यटक भी लौटने लगे हैं। कश्मीर वादी के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी से कश्मीर की मांग फिर से।**

बढ़ गई है, पर्यटक आने वाले हफ्तों के लिए बड़ी संख्या में अपनी यात्राएं बुक करवाने लगे हैं। दरअसल कश्मीर में पिछले दो महीनों से बर्फबारी रहित सर्दी पड़ रही थी, जिसका असर पर्यटन क्षेत्र पर पड़ा है। और अब कश्मीरियों के चेहरे फिर से चमक उठे हैं। बर्फबारी न होने से बुकिंग में जबरदस्त गिरावट आ गई थीं पर्यटकों के कई बड़े समूहों ने बर्फ के अभाव में अपनी यात्राएं स्थगित या रद्द कर दी थीं। और अब



- **फरवरी माह में बुकिंग 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद**

जबकि पिछले दो दिनों से वादी के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे कश्मीर में पर्यटकों का प्रवाह फिर से शुरू हो गया है। ऐसे में ट्रैवल एजेंटों का अनुमान है कि फरवरी के लिए बुकिंग 70 फीसदी से ज्यादा हो जाएगी। ट्रैवल एजेंट और ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ कश्मीर के पूर्व अध्यक्ष फारूक अहमद कुथू कहते थे कि जनवरी के दौरान कश्मीर के पर्यटन को जबरदस्त घाटा हुआ है। अब, कश्मीर के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है, जिसके बाद बुकिंग में तेजी आई है। कुथू के बकौल, हमें आगामी हफ्तों के लिए पर्यटकों से अच्छी संख्या में पूछताछ मिल रही है और हमें उम्मीद है कि फरवरी में बुकिंग 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाएगी। वे कहते थे कि कि शीतकालीन साहसिक कार्य फिर से शुरू होने से पर्यटकों का प्रवाह और बढ़ेगा।

कुथू आने वाले दिनों में भारी बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं। वे कहते थे कि पर्यटक कश्मीर की अपनी यात्राएं बुक करने के लिए दौड़ रहे हैं। होटल व्यवसायियों और हाउसबोट मालिकों का कहना था कि वे फरवरी के लिए पूछताछ और बुकिंग में वृद्धि देख रहे हैं। पिछले दो महीनों से, कश्मीर की बर्फ रहित सर्दी खबरों में है। हाउसबोट ओनर्स एसोसिएशन कश्मीर के अध्यक्ष मंजूर अहमद पख्तून कहते थे कि अब इस बर्फबारी से एक सकारात्मक खबर सामने आई है। यह निश्चित रूप से हमें वर्तमान बुकिंग में मदद कर सकता है। पूरे साल ग्राहक बर्फबारी का इंतजार करते हैं और जैसे ही उन्हें कश्मीर में बर्फबारी की खबर मिलती है वे तुरंत अपनी यात्रा बुक कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में अधिक बर्फबारी होने के कारण बुकिंग और बढ़ेगी।

पख्तून बताते थे कि जनवरी और फरवरी की बर्फबारी शेष वसंत ऋतु के लिए पर्यटकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पख्तून के शब्दों में ऊंची चोटियां मई तक बर्फ से ढकी रहती हैं।

उल्टा पुल्टा

पति : तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं ? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।

पत्नी : क्यों क्या हुआ ?

पति : आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न ?

# दिल्ली की जनता के हितों वाला होगा बजट : शैली

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने डिप्टी मेयर, आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि मंगलवार को बजट का पहला दिन रहा। नेता विपक्ष राजा इकबाल ने अपने भाषण से उसकी शुरुआत की। इसमें उसी बजट पर चर्चा हुई जो कमिश्नर द्वारा बनाया गया है। जिसे पिछले महीने दिसम्बर में सदन में पेश किया गया था। इसमें हम दिल्ली की जनता की बात करना चाहते थे। लेकिन बहुत दुख हुआ क्योंकि नेता विपक्ष ने बजट पर चर्चा न करते हुए अपने भाषण को राजनीतिक भाषण बनाया। सदन का माहौल को ऐसा बनाया कि बजट पर चर्चा न होकर दिल्ली सरकार से संबंधित ज्यादा चर्चा हुई। नेता विपक्ष ने निगम से संबंधित विषयों की चर्चा कम की। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि हम ऐसा बजट बनाएं जो दिल्ली की जनता के लिए हो। हम उन वादों को पूरा कर सकें जो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनता से किए हैं। भाजपा ने सदन का माहौल आज शांति पूर्वक रखा क्योंकि नेता विपक्ष को राजनीतिक भाषण देना था। निगम का सदन वो जगह है, जहां हम जनता के हितों के लिए प्रस्ताव लाते हैं। हम ऐसे ऐसे प्रस्ताव लाते हैं जो कर्मचारियों, व्यापारियों के हितों से जुड़े हों। हालांकि, दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेता विपक्ष ने पूरे सदन को राजनीतिक रंग में रंग दिया।



■ नेता विपक्ष राजा इकबाल के बजट भाषण को बताया राजनीतिक

सदन का माहौल को ऐसा बनाया कि बजट पर चर्चा न होकर दिल्ली सरकार से संबंधित ज्यादा चर्चा हुई : डॉ.शैली ओबरॉय

**नेता विपक्ष ने बजट भाषण में सदन का समय बर्बाद किया : आले मोहम्मद**

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने बताया कि आज एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन था और नेता विपक्ष ने अपने बजट भाषण में सदन का समय बर्बाद किया। बजट के दौरान एक सकारात्मक चर्चा की जाती है जिससे दिल्ली के नागरिकों का हित हो सके। नेता विपक्ष का आज 40 पन्नों का बजट भाषण मात्र समय के बर्बादी रहा। उन्होंने एक मुद्दा भी दिल्ली को मजबूत करने के लिए नहीं रखा। नेता विपक्ष ने केवल आलोचनाओं का बजट रखा। नेता विपक्ष भी अपने कार्यकाल के दौरान मेयर थे। मगर उन्होंने अपने बजट में एक भी बात यह नहीं कहीं की मेरे कार्यकाल के दौरान किए गए इस कार्य में कमी कर दी गई और ना ही कोई उपलब्धि बताई। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि मैं भाजपा से कहना चाहूंगी कि आज का दिन एक महत्वपूर्ण दिन था। लेकिन उन्होंने इस दिन जनता के हितों से जुड़ी कोई बात नहीं की। अभी 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक बजट सत्र और चलेगा। इसके बाद निगम की आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा 8 फरवरी को फाइनल बजट पेश किया जाएगा। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि मैं आश्वासन देती हूं कि यह ऐसा बजट होगा जो जनता, व्यापारियों और कर्मचारियों के हित में होगा। यह बजट दिल्ली नगर निगम के हित में होगा। हम भाजपा की तरह राजनीति नहीं करना चाहते। हम सदन में जन प्रतिनिधि के तौर पर बैठे हैं। हमें जनता ने चुन कर भेजा है। नेता विपक्ष ने जनता के कामों पर चर्चा नहीं की। भाजपा से निवेदन करना चाहती हूं कि 5 फरवरी, 6 फरवरी, 7 फरवरी को भी चर्चा है। ऐसा माहौल ना बनाएं कि जिससे सदन का माहौल राजनीतिक हो जाए। दिल्ली की जनता को हमसे काफी उम्मीदें हैं। हम ऐसा बजट बनाएंगे जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे।

## नेता विपक्ष के भाषण में एक भी आंकड़ा नहीं था : मुकेश गोयल

नेता सदन मुकेश गोयल ने बताया कि आज से बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। नेता विपक्ष ने आज बजट पर अपने विचार रखे हैं। हमें आशा थी कि नेता विपक्ष बजट पर अपने अच्छे सुझाव देंगे और दिल्ली के नागरिकों हितों में अपने सुझाव रखेंगे। उनके द्वारा रखे गए सुझावों को हम अपने बजट में समायोजित करने का प्रयास करेंगे। जिससे कि दिल्ली की जनता का फायदा होगा। लेकिन बहुत ही खेद के साथ कहना पड़ रहा है नेता विपक्ष के पूरे भाषण के अंदर कहीं भी इस प्रकार का सुझाव नहीं था। बस एक रटी रटाई किताब थी। उन्होंने बताया कि अभी आयुक्त महोदय द्वारा रखे गए बजट पर चर्चा हो रही है। हम अपने बजट को 8 तारीख को फाइनल करेंगे और तब सबको पता चलेगा कि हम दिल्ली के नागरिकों के लिए क्या करना चाह रहे हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में यह हमारा पहला बजट है क्योंकि इससे पहले बजट विशेष अधिकारी द्वारा रखा गया था। सीएम अरविंद केजरीवाल ने जो दिल्ली के नागरिकों से वादे किए हैं उन वादों को ध्यान में रखते हुए हम नागरिकों के लिए बजट लेकर आएंगे और दिल्ली की जनता को सुविधा देंगे।

## कला क्षेत्र में पद्मश्री प्राप्त कर मैं सम्मानित अनुभव कर रही हूं : किरण नादर



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट केएनएमए की संस्थापक एवं चेयरपर्सन किरण नादर को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिए चुना गया है। यह सम्मान कला को बढ़ावा देने एवं इसे समृद्ध बनाने की दिशा में उनके योगदान को दिखाता है। पद्मश्री को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में गिना जाता है। सरकार ने 25 जनवरी को इस वर्ष नागरिक सम्मान पाने वालों की सूची जारी की। केएनएमए की संस्थापक के रूप में किरण नादर ने समृद्ध सांस्कृतिक माहौल को बढ़ावा देने और समकालीन कला को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पद्मश्री सम्मान इस साल मार्च-अप्रैल में प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर किरण नादर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कला के क्षेत्र में पद्मश्री प्राप्त कर मैं सम्मानित अनुभव कर रही हूं। यह मात्र व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि संपूर्ण केएनएमए परिवार के साझा प्रयासों का उत्सव है। मेरे परिवार और कला जगत के लोगों से मिले समर्थन का भी इसमें बड़ा योगदान रहा है। यह किसी भी संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है और समाज में कला की अहमियत को दिखाता है। किरण नादर के नेतृत्व में केएनएमए भारत एवं भारतीय उपमहाद्वीप में मॉडर्न एवं कंटेंपरेरी आर्ट के लिए समर्पित अग्रणी संस्थान बन गया है। म्यूजियम में देश एवं विदेश के कई प्रतिष्ठित कलाकारों के आर्ट वर्क्स हैं।

## सार संक्षेप

### द बॉडी शॉप की एंड ऑफ सीजन सेल में 50 प्रतिशत तक की छूट

**नई दिल्ली।** द बॉडी शॉप की एंड ऑफ सीजन सेल लौट आई है। इस बार यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी, बेहतर और ज्यादा आकर्षक है। स्किनकेयर के दीवानों को रोमांचित करने के लिए तैयार ब्रिटेन स्थित यह अंतरराष्ट्रीय एथिकल ब्यूटी ब्रांड, अपनी सभी कैटेगरी के प्रोडक्ट्स पर बेहतरीन छूट लेकर आया है। यह यह सेल 31 जनवरी 2024 तक चलेगी। इसमें प्री-पैक्ड गिफ्ट सेट पर जबर्दस्त ऑफर्स से लेकर मौसमी ब्यूटी पिक्स पर टॉप-टियर डील्स और बेस्टसेलर्स पर छूट दी जा रही है जोकि अमूमन सेल में कभी नहीं मिलती। द बॉडी शॉप की एंड ऑफ सीजन सेल, ग्राहकों के लिए बेहतरीन तोहफा होने वाला है। केवल इतना ही नहीं ग्राहक इन चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट भी पा सकते हैं।

### सामूहिक विवाह समारोह में 45 युगल परिणय सूत्र में बंधे

**नई दिल्ली।** 57वें निरंकारी संत समागम के स्थल पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 45 युगल परिणय सूत्र में बंधे। नव विवाहित वर-वधूओं को सतगुरु माता जी ने गृहस्थ जीवन को भक्ति के साथ जीने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा निरंकारी पद्धति द्वारा सादे विवाह को अपनाने के लिए उनके परिवारों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारम्परिक जयमाला के साथ निरंकारी विवाह का विशेष चिन्ह सांझा हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया। लावों के दौरान सतगुरु माता जी एवं राजपिता जी ने वर-वधू पर पुष्प-वर्षा कर अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वर-वधू के सम्बधित परिजनों एवं साध संगत ने भी पुष्प-वर्षा की।

### संपत्ति विवाद को लेकर शख्स की लाठियों से पिटाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में संपत्ति विवाद को लेकर कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति को लाठियों से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में छह लोगों को एक व्यक्ति को लात और डंडों से पीटते हुए देखा जा सकता है, जबकि उसकी पत्नी उनसे हाथ जोड़कर मारपीट रोकने की गुहार लगा रही है। पुलिस के मुताबिक, घटना बाहरी-उत्तरी दिल्ली के नरेला बाजार इलाके में हुई। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा, घटना 26 जनवरी की है और दिल्ली के होलंबी खुर्द की रहने वाली 32 वर्षीय पीड़िता को श्रद्धा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डीसीपी ने कहा, उन्होंने 28 जनवरी को छुट्टी मिलने के बाद पुलिस को अपना बयान दिया और तुरंत मामले में आईपीसी की धारा 323, 341, 506, 34 के तहत केस दर्ज किया गया।

# दिल्ली को जल्द मिलेगा पांचवां ओल्ड एज होम

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली में रह रहे बेसहारा बुजुर्गों को जल्द ही पांचवां ओल्ड एज होम मिल जाएगा। पश्चिम विहार में आधुनिक सुविधाओं से लैस ओल्ड एज होम का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसे सावित्री बाई फूले संस्था को संचालन के लिए दिया जाएगा। 96 बुजुर्गों के रहने की क्षमता वाले इस होम का औपचारिक रूप से संचालन के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंजूरी दे दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल से स्वीकृति मिलने के बाद इसका संचालन शुरु हो जाएगा। दिल्ली में अब पांच ओल्ड एज होम में कुल 505 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था हो जाएगी। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग ने पश्चिम विहार में इसका निर्माण करा रहा है। इसमें बुजुर्गों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। इस होम में रहने वाले बुजुर्गों को नि:शुल्क आवास, भोजन, कपड़े, बिस्तर की सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए टीवी, रेडियो और किताबें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बुजुर्गों के लिए होम में एक मनोरंजन केंद्र होगा। इसके अलावा उनके स्वास्थ्य का भी भरपूर ख्याल रखा जाएगा। उनकी देखभाल के लिए डॉक्टर और फिजियोथेरेपी समेत अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। दिल्ली के गरीब, निराश्रित और वृद्ध लोग प्रवेश ले सकते हैं, जिन की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है। जिनके पास भरण-पोषण के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है या रख-रखाव के लिए कोई सदस्य नहीं है। इच्छुक व्यक्ति को कुछ दस्तावेज व प्रमाणपत्रों के साथ समाज कल्याण विभाग मुख्यालय में सामाजिक सुरक्षा शाखा के उप निदेशक अथवा अधीक्षक (वरिष्ठ नागरिक निवास) को आवेदन करना होगा। आयु प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र, दिल्ली में निवास का प्रमाण-पत्र या अधिवास प्रमाण पत्र की कॉपी संलग्न करनी होगी। आवेदन प्राप्त होने पर अधीक्षक एवं कल्याण अधिकारी तुरंत पात्रता के मूल्यांकन के लिए प्रक्रिया पूरी करेंगे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आवेदक पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता है या नहीं।



■ मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दी संचालन की मंजूरी

### राजधानी में चल रहे चार ओल्ड एज होम

दिल्ली में अभी कुल चार ओल्ड एज होम का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। पहला ओल्ड एज होम साउथ-वेस्ट जिला के बिंरापुर में 1974 में निर्मित किया गया था। यहां 52 बेसहारा बुजुर्गों के रहने की क्षमता है। दूसरा उत्तरी दिल्ली स्थित अशोक विहार में ज्योतिबा होम 2019 में शुरू हुआ, जिसमें 36 बुजुर्गों के रहने की क्षमता है। तीसरा डॉ. बीआर अंबेडकर सीनियर सिटीजन होम पूर्वी दिल्ली के कांति नगर में संचालित हो रहा है, जहां 117 लोगों के रहने की व्यवस्था है। जबकि चौथा ताहिरपुर में संचालित हो रहा है, जहां 300 बुजुर्गों को रहने के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। कांतिनगर और ताहिरपुर में ओल्ड एज होम की शुरुआत 2022 में की गई थी।

# समाज में ऐसे लोग हैं जो ठगने का काम करते हैं : राकेश सिन्हा

## एक प्रतिनिधिमंडल ने राकेश सिन्हा को धन्यवाद पत्र सौंपकर मोदी का आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। छोटे निवेशकों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 को लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को धन्यवाद देने के लिए आज दिल्ली भाजपा कार्यालय में सांसद प्रोफेसर राकेश सिन्हा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा से मिलकर उनको एक धन्यवाद पत्र सौंपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार तपजप संस्थान के संयोजक मदन लाल आजाद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उन सभी लोगों को प्रदेश कार्यालय में इकट्ठा किया गया जिनके साथ ठगी की गई है और उन सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनाए गए कानून के कारण बड़ी राहत मिली है। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री मनोज कुमार, मास्टर प्रताप सिंह, रामदेव गौतम, एडवोकेट रामस्वरुप चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। प्रोफेसर राकेश सिन्हा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी हमारे समाज और देश में ऐसे कुछ लोग हैं जो लोगों को ठगने का काम करते हैं लेकिन मदन लाल आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानून को सार्थक बनाने के लिए पूरे देश भर में ऐसे लोगों से संपर्क कर उन्हें इकट्ठा किया जो अनैतिकता के शिकार हुए हैं। मोहन लाल गिहारा ने कहा कि पहले बहुत सारे गरीब दलित पीड़ित अनुसूचित जाति के लोगो के साथ ठगी होने के बाद कोई सुनवाई नहीं होती थी जोकि आज मोदी सरकार द्वारा बने कानून से सबको बहुत बड़ी राहत मिली है और इसके लिए मोदी जी का हम सभी बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं और जिन व्यक्तियों के साथ ठगी हुई है वे सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऋणी रहेंगे।




# न्यूनतम पेंशन को लेकर पेशनभोगी दोबारा करेंगे अनशन

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस -95 योजना के दायरे में आने वाले कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये मासिक किये जाने समेत अन्य मांगों को लेकर पेंशनभोगी ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर दोबारा आमरण अनशन शुरू करेंगे। पेंशनभोगियों को श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों पर जल्द ही कुछ किया जाएगा लेकिन अभी तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा सका। इस वजह से पेंशनभोगी नाराज हैं। अगर उनकी मांगों को अब भी नहीं पूरा किया गया तो 31 जनवरी से दोबारा से अनशन शुरू करने की चेतावनी है। समिति का कहना है कि पहले प्रांत वार क्रमिक अनशन से शुरूआत की जाएगी, अगर मांगों पर तत्काल कोई निर्णय नही लिया गया तो फिर इस आंदोलन को आमरण अनशन में बदल दिया जाएगा। इस आंदोलन में देश भर के 50 हजार से अधिक पेंशनभोगी शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यह हमारी अंतिम चेतावनी है। बार-बार आश्वासन के बाद भी हमारी मांगों को लेकर अभी तक कुछ कार्रवाई नहीं की गई है। अगर हमारी मांगे नहीं मांगी गईं तो हम आमरण अनशन करेंगे। उससे पहले 31 जनवरी से प्रांत वार क्रमिक अनशन से आंदोलन की शुरूआत की जाएगी।




# मैडम तुषाद में स्वामी रामदेव की मोम की प्रतिकृति लगेगी

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। मैडम तुषाद न्यूयार्क में योग गुरू स्वामी रामदेव पहले भारतीय सन्यासी होंगे, जिनकी मोम की प्रतिकृति लगने जा रही है। इससे पहले महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान समेत अब तक करीब 12 से हस्तियों का पुतला लंदन के इस म्यूजियम में लगाया जा चुका है।

मंगलवार को दिल्ली के एक होटल में बाबा रामदेव की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान बाबा रामदेव ने बताया कि पुतले को बनाने से पहले साल 2018 में तुषाद न्यूयार्क की टीम ने दो सौ से ज्यादा बार बॉडी की नाप ली थी। इस दौरान टीम ने उनके चेहरे के भावों को भी रेकॉर्ड किया और उनकी सैकड़ों फोटो लीं। कार्यक्रम में मैडम तुसाद, न्यूयॉर्क के मार्केटिंग हैड टियागो मोगाडोरा, सहायक मैनेजर बैन, मैडम तुसाद, नई दिल्ली के जनरल मैनेजर अंशुल जैन, पतंजलि योगपीठ के सह-संस्थापक आचार्य बालकृष्ण महाराज, पतंजलि योगपीठ यू. के. ट्रस्ट की मुख्य ट्रस्टी माता सुनीता पौद्दार, पूज्य स्वामी जी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एस.के. तिजारावाला, आस्था चैनल के सी.ई.ओ. प्रमोद जोशी, संस्कार चैनल के सी.ई.ओ. मनोज त्यागी, भारत स्वाभिमान के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



■ बाबा रामदेव की मोम की प्रतिमा का किया गया अनावरण

### आज पूरी दुनियां की निगाहें भारत के योग व आयुर्वेद पर : रामदेव

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि मैडम तुसाद, न्यूयॉर्क में 200 से ज्यादा बड़े आयकॉन्स के फिगर लगे हैं जिनमें अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, ऋतिक रोशन, प्रियंका चोपड़ा तथा शाहरूख खान आदि हैं किन्तु वर्ल्ड के उन 200 रिनाउंड आइकॉन्स के साथ भारत के एक संन्यासी को इन्होंने जो सम्मान दिया वह एक संन्यासी का गौरव नहीं अपितु पूरे भारत का गौरव है। आज पूरी दुनियां की निगाहें भारत के योग व आयुर्वेद पर हैं। अब तो अमेरिका में भी मेड इन यूएस तथा मेड बाई अमेरिका के कान्सैप्ट पर चल रहा है। योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी का जो मूमेंट पतंजलि से चलाया था उसकी लहर अब पूरी दुनियां में हैं।

**आरोप** *नगर निगम में नेता विपक्ष ने बजट भाषण में आप पर बोला हमला*

# वादे पूरे करने में आम आदमी पार्टी का कुछ भी लगाव नहीं

**नई दिल्ली, 30 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की मंगलवार को हुई विशेष बजट बैठक में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने संशोधित बजट अनुमान वर्ष 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 पर प्रतिक्रिया एवं सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि आज का यह क्षण निश्चित रूप से ऐतिहासिक रहेगा क्योंकि ऐसा पहले कभी दिल्ली नगर निगम के इतिहास में नहीं हुआ है। सदन के नेता-विपक्ष को पहली बार आयुक्त महोदय द्वारा प्रस्तुत की गई बजट पर चर्चा करने का मौका प्राप्त हुआ है।**

आज से पहले अध्यक्ष, स्थायी समिति द्वारा सदन में बजट पेश करने के उपरांत नेता-विपक्ष अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते थे। आपकी तानाशाही की मिसाल यह है कि निगम में अभी तक भी स्थायी समिति, विशेष समिति, तदर्थ समिति एवं अन्य कोई भी समिति गठित नहीं की गई है जोकि अति निंदनीय है। यहां पर स्पष्ट है कि आपने आयुक्त द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट अनुमान को ही अपना बजट अनुमान मान लिया है। राजा इकबाल सिंह ने अपने बजट भाषण में निगमायुक्त के बजट में संशोधन के लिए कई सुझाव दिए। इन सुझाव में उन्होंने कहा कि बच्चों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप में वर्दी का पैसा 1000 से बढ़कर 2000 किया जाए, विकास कार्यो के लिए पार्षद का फंड 2 करोड़ रुपए किया जाए, मरम्मत कार्यों के लिए पूरे साल भर बिल्डिंग मैटेरियल का सामान मैनहोल के ढक्कन व ,पार्कों के लिए टाइल्स उपलब्ध रहे, दिल्ली के अंदर विकास कार्यों पर कोई फर्क ना पड़े, इसके लिए शेड्यूल में इंजीनियर की जो पोस्ट काम की गई है उनको पहले की तरह रखा जाए।

निगम में अभी तक कोई भी समिति गठित नहीं की गई है जोकि अति निंदनीय : राजा इकबाल सिंह



■ संशोधित बजट अनुमान वर्ष 2023-24 व बजट अनुमान 2024-25 पर प्रतिक्रिया एवं सुझाव दिए

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाउस टैक्स के अंदर आम माफी योजना ली जाए, फैक्ट्री विभाग में लाइसेंस का सरलीकरण कर व इंस्पेक्टर राज को खत्म करे, अस्पतालों में मरीजों की सुविधा ठीक प्रकार से हो पाए, उसके लिए बजट को बढ़ाया जाए, निगम में ठेकेदारी प्रथा को खत्म कर, निगम द्वारा स्वयं नियुक्ति की जाए, 10 नई गौशालाएं बनाई जाए, हर निगम जोन में एक नया जानवरों के लिए अस्पताल बनाया जाए और विभाग का बजट भी बढ़ाया जाए, संविदा कर्मियों को पक्का करने, कोई नया शुल्क न लगाकर नई लाभकारी परियोजनाएं लाइन जाए तथा चौथे एवं पांचवें डीएफसी का 4000 करोड़ का दिया जाए एवं 850 करोड़ में जो देने हैं वह भी तुरंत दिए जाए।

राजा इकबाल सिंह ने महापौर डा. शैली ओबेराय के उस बयान पर आश्चर्य जताया है जिसमें दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले 2022 में किए गए वायदों को पूरा करने में अपनी असमर्थता जताई। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों को एक जनवरी 2024 तक कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने का वायदा आप ने किया था। इतना ही नहीं एक तारीख को कर्मचारियों और अधिकारियों को वेतन देने का वादा किया था। सभी कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। आज न तो कर्मचारियों और अधिकारियों को वेतन एक तारीख को मिल रहा है और न ही कर्मचारी पक्के हुए हैं। इतना ही नहीं स्वच्छता के मामले में दिल्ली में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं।

# निगम ने अवैध निर्माण व अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध की कार्रवाई

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम लगातार अवैध निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहा है। दिल्ली नगर निगम ने जनवरी 2024 में 440 विध्वंस,85 सीलिंग एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध 35 कार्रवाई करते हुए लगभग 70 एकड़ कृषि भूमि को अवैध निर्माण से मुक्त कराया। दिल्ली नगर निगम ने पिछले दो दिनों में 31 विध्वंस,08 सीलिंग एवं अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध 04 कार्रवाई की हैं जिसमें लगभग 07 एकड़ कृषि भूमि को अवैध प्लॉटिंग से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई डेरा मंडी, सैद उल अजायब,छतरपुर,बुराड़ी,जैतपुर और नरेला इत्यादि इलाकों में की गई है।

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-48-T-2023-24-E3 एईई/जी-II के अधिकार क्षेत्र में अन्य संबंधित कार्यों के साथ विद्युत संपतियों की मरम्मत और रखरखाव के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत:– | रू० 80.14 लाख |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि:– | रू0 160300.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 28.02.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 28.02.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:– | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 314/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"संभव में 16 संदर्भ प्राप्त हुए, सबसे कम समस्या स्वास्थ्य संबंधित प्राप्त हुई टैक्स विभाग से 6 समस्याएं प्राप्त हुई निर्माण विभाग से कर समस्याएं प्राप्त हुई जलकल विभाग से दो समस्याएं प्राप्त हुई तथा अन्य विभागों से एक-एक समस्याएं प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु मौके पर टीम को भेजकर कार्रवाई कराई गई।

**अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त**

## फिर बंद हो गए प्राधिकरण के दरवाजे

**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में किसान एक बार फिर प्राधिकरण के गेट पर बैठ गए। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। यही नहीं प्राधिकरण के कई कर्मचारी भी बाहर ही रह गए। हालांकि बाद में मुख्य गेट से किसी

■ **तीनों गेट पर किसान बैठे, बोले मांगे पूरी करो तब खुलेगा प्राधिकरण**

तरह स्टॉफ को अंदर भेजा गया। दरअसल सोमवार को सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के निवास का घेराव करने के लिए किसानों ने पैदल मार्च निकाला था। इसके चलते सभी किसान गेट से उठकर पैदल मार्च में चले गए थे। इस कारण प्राधिकरण के सभी गेट खोल दिए गए। लेकिन मंगलवार को सुबह से ही किसान प्राधिकरण के रिसेप्शन, गेट नंबर-2 और 3 पर बैठ गए। पुलिस ने उनको हटाने का प्रयास किया। लेकिन वो नहीं माने। ऐसे में पुलिस ने गेट के साथ बेरिकेड कर दी। जिसके बाद किसान उसी के आगे चादर बिछाकर बैठ गए। किसानों ने साफ कहा कि



जब तक हमारी मांगों पर काम होगा यहां किसी का काम नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे में प्राधिकरण आने वाले आवंटियों को दिक्कत हुई।

रिसेप्शन बंद होने की वजह से उनको बैरंग होकर वापस जाना पड़ा। मंगलवार को भी हवन के साथ धरना शुरू किया गया। एक फरवरी को नोएडा प्राधिकरण पर 105 गांवों की महापंचायत है। ऐसे में पहले से छावनी बना प्राधिकरण पर और पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी।

## डेयरी संचालकों से वसूला 23 हजार का जुर्माना

**गाजियाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। शहर के पांचो जोन में सफाई व्यवस्था के दौरान मुख्य नालों की सफाई को भी तेज किया जा रहा है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग को एक सप्ताह में मुख्य मार्गों के नालों को साफ करने के लिए निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में विजयनगर जोन के अंतर्गत राहुल विहार, विजय नगर इंडस्ट्रियल, एरिया, कवि नगर जोन के अंतर्गत लोहा मंडी तथा बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया, वसुंधरा जोन के अंतर्गत साहिबाबाद साइट 4, कड़कड़, झंडापुर, सूर्य नगर, मोहन नगर जोन के अंतर्गत पसोंडा, आराधना, शहीद नगर, अर्थला, सिटी जोन के अंतर्गत पटेल नगर, सेवा नगर, सराय नजर अली, राकेश मार्ग, केला भट्टा, नंदग्राम मे उपकरणों के माध्यम से नालों की सफाई की जा रही है। अवैध डेरियो को भी चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है जिसमें आंतरिक गलियों में नालियां तथा मुख्य मार्गों के नालों को साफ किया जा रहा है जेसीबी के माध्यम से सिल्ट को निकाला जा रहा है एक सप्ताह में 40 डेरी को नोटिस जारी किए गए, 23000 जुर्माना वसूला गया।

## संभव जनसुनवाई में निगम अधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं

**गाजियाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में जनसुनवाई संभव का आयोजन हुआ। जिसमें अधिकांश संदर्भ टैक्स विभाग से संबंधित प्राप्त हुए कुल 16 संदर्भ प्राप्त हुए। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ संभव जनसुनवाई की।अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि संभव में 16 संदर्भ प्राप्त हुए, सबसे कम



समस्या स्वास्थ्य संबंधित प्राप्त हुई टैक्स विभाग से 6 समस्याएं प्राप्त हुई निर्माण विभाग से कर समस्याएं प्राप्त हुई जलकल विभाग से दो समस्याएं प्राप्त हुई तथा अन्य विभागों से एक-एक समस्याएं प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु मौके पर टीम को भेजकर कार्रवाई कराई गई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव को प्राप्त टैक्स संबंधित संदर्भों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए तथा पुन: जांच करते हुए टैक्स जारी करने के निर्देश दिए। संभव के दौरान संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल केपी आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश व अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## महापौर ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। शहर में शहीद दिवस के अवसर पर अनेको कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें पांचो जोन में शहीदों की प्रतिमाओं को माल्या अर्पण किया गया तथा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में भी महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को पुष्प माला अर्पित करते हुए उनके बलिदानों को याद किया। महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनको नमन किया। साथ में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज महाप्रबंधक जल व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नवयुग मार्केट शहीद स्थल, मोहन नगर शहीद स्थल, वसुंधरा चौधरी चरण सिंह चौक व अन्य स्थानों पर एसबीएम टीम द्वारा विशेष सहयोग किया गया पार्षद कुलदीप त्यागी पार्षद सत्येंद्र चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे शहर में सफाई मित्रों ने शहीद स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

## सार संक्षेप

### सड़क हादसे में 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर -113 क्षेत्र के सेक्टर- 116 के पास एक 50 वर्षीय व्यक्ति की बाइक में अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में उनकी मौत हो गई है। थाना सेक्टर 113 के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि सतपाल पुत्र सूरजपाल उम्र 50 वर्ष आज सुबह को बाइक पर सवार होकर सेक्टर 116 के पास से गुजर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में नोएडा के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शिव मंदिर से दानपात्र चोरी

**नोएडा।** थाना फेस- 2 क्षेत्र के सेक्टर 82 स्थित केंद्रीय विहार सोसायटी के शिव मंदिर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दानपात्र चोरी कर लिया। दान पत्र में नगदी और अन्य दान दी हुई वस्तुएं थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना फेस -2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि मनोज कुमार पुत्र शिवचरण सिंह निवासी केंद्रीय विहार दो ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि केंद्रीय विहार सोसाइटी में स्थित शिव मंदिर के अंदर रखे दान पत्र से अज्ञात बदमाशों ने धनराशि और अन्य कीमती द्रव्य चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने दान पात्र का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी किया है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि मंदिर के अंदर चोरी करने वाले बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बुजुर्ग को बंधक बनाकर लाखों की लूट

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 41 में रहने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति के घर पर हथियारबंद चार बदमाशों ने धावा बोला। एक बदमाश ने बुजुर्ग से कहा कि वह ड्राइवर है। बुजुर्ग को ड्राइवर रखना था। उन्होंने उनकी बात पर विश्वास करके घर में बुला लिया। बदमाशों ने हथियार के बल पर उन्हें बंधक बनाकर घर में रखी लाखों रुपए के जेवरात और नगदी लूट लिया। बुजुर्ग के अनुसार चार बदमाशों में एक महिला जैसा प्रतीत हो रहा था। पुलिस को शक है की इस घटना में पीड़ित के घर की नौकरानी और ड्राइवर का हाथ हो सकता है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 41 के सी- ब्लॉक में कृष्ण कुमार दीवान अपने बेटे पंकज दीवान के साथ रहते हैं। उनके बेटे पंकज दीवान किसी काम से गोवा गए हुए थे। 29 जनवरी की शाम को उनके घर पर कुछ लोग आए। एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि वह कार का ड्राइवर है। बुजुर्ग को कार का ड्राइवर रखना था, क्योंकि उनका कार चालक नौकरी छोड़कर जा रहा था। उन्होंने उसकी बात पर विश्वास करके उसे घर के अंदर बुलाया। उसके पीछे-पीछे तीन लोग और आ गए। बुजुर्ग के अनुसार एक ने अपना मुंह ढक रखा था। उसने महिलाओं जैसे वस्त्र पहना था। पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने हथियार के बल पर उन्हें बंधक बना लिया।

## मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे अस्थायी कर्मचारी

**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत सभी 2.5 प्रतिशत संविदा, अस्थायी कर्मचारी मांगों को लेकर छह फरवरी से हड़ताल पर जाएंगे। अस्थायी कर्मचारी संघ के महासचिव विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिनिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण को लिखित में मांगें पूरी करने के लिए मांगपत्र दिया गया था। इसके लिए प्राधिकरण को 31 जनवरी तक का समय दिया गया। यदि प्राधिकरण आज तक मांग को पूरा नहीं करती तो 6 फरवरी 2024 से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल और धरना किया जाएगा। ये धरना सेक्टर-5 उप महाप्रबंधक (जल) कार्यालय पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक प्राधिकरण के किसी भी अधिकारी ने हमारी मांगों पर कोई बातचीत नहीं की है। बता दे नोएडा प्राधिकरण में करीब 4743 अस्थायी कर्मचारी है। जो साफ-सफाई से लेकर पंप आपरेटर और अन्य कार्यो में लिप्त है। इनके हड़ताल पर जाने से व्यवस्था चरमरा सकती है।

## पुलिस ने 25 हजार के इनामी को मारी गोली

**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। एयर इंडिया के क्रू मैंबर में वांछित हत्या आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान नवीन शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा

■ **एयर इंडिया के क्रू मेंबर की हत्या में था वांछित, कपिल मॉन गैंग का है मुख्य शूटर**

निवासी विजय विहार दिल्ली हुई है। इस पर 25 हजार का इनाम था। ये गैंगस्टर कपिल मॉन का मुख्य शूटर है। इसने कपिल के साथ मिलकर 2021 में दिल्ली बार्डर पर एक बिल्डर की हत्या भी की थी। इससे पूछताछ की जा रही है। नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस नोएडा पुलिस सेक्टर 43 चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि कपिल मॉल ग्रुप का एक शूटर यहां से निकलने वाला है। पुलिस ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। उसने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।



पुलिस पार्टी द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वो घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार करते हुए उसे जिला अस्पताल भेजा है। इसके पास से 1 तमंचा 315 बोर 2 जिंदा कारतूस 1 खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोटर साइकिल स्प्लेंडर बरामद की गई।

## पहाड़ों पर सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा असर, नोएडा में होगी बारिश

**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में मौसम बदलने वाला है। आसमान ने बादलों ने डेरा डाल दिया है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 5 से 6 दिनों के दौरान एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत पर एक्टिव हो रहे है। इन पश्चिमी विक्षोभों के असर से दिल्ली एनसीआर के इलाकों में झमाझम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मैदानी इलाकों पर पहला पश्चिमी विक्षोभ 31 जनवरी को एक्टिव होगा। इसके प्रभाव से दिल्ली एनसीआर के इलाकों में दो दिन तक मौसम खराब रहेगा।

■ **तेज हवा और गरज के साथ होगी बारिश**

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय पर दस्तक देने वाला है। इसकी वजह से अगले 6 दिनों (31 जनवरी से 4 फरवरी) के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी देखी जा सकती है। इसका असर 31 जनवरी से दिल्ली एनसीआर पर दिखेगा। इसके प्रभाव से 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

मौसम विभाग का कहना है कि इसके बाद एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ 3 फरवरी से मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा। इसके असर से दिल्ली एनसीआर के इलाकों में बूंदाबांदी देखी जा सकती है। आईएमडी ने बुधवार को गरज चमक और तेज हवा के साथ दिल्ली में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके चलते लोगों को ठंड से राहत मिलने की संभावना है। गुरुवार को भी दिल्ली एनसीआर के इलाकों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। हालांकि इसको लेकर यलो अलर्ट नहीं है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में इजाफा होगा और लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिलेगी।

## हृदय में करुणा का भाव नहीं है तब तक हम मनुष्य होकर भी मनुष्य नहीं है : मारवाह



**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। जब तक हमारे हृदय में करुणा का भाव नहीं है तब तक हम मनुष्य होकर भी मनुष्य नहीं है इसी भाव को लेकर अध्यात्म साधना केंद्र नई दिल्ली में आयोजित समारोह में लद्दाख महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर द्वारा करुणा दिवस मनाया गया, इस कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिकता, शांति-निर्माण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान इस अवसर पर परम पावन भिक्कू सांगसेन ने मारवाह स्टूडियो के अध्यक्ष और एएएफटी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. संदीप मारवाह को एक प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। 156 देशों में कार्यरत विश्व शांति विकास और अनुसंधान फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में, डॉ. संदीप मारवाह कला और संस्कृति के माध्यम से वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं साथ ही एशियाई एकता गठबंधन के अध्यक्ष का पद भी संभालते हैं, जो एशियाई देशों के बीच प्रेम, शांति और एकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## प्रधानमंत्री से रूबरू हुए रोजबेल पब्लिक स्कूल के छात्र

**गाजियाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। रोजबेल पब्लिक स्कूल के छात्रों परीक्षा पे चर्चा उत्सव भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में हुआ।

■ **परीक्षा पे चर्चा उत्सव में हुए शामिल**

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से रूबरू हुए और उन्होंने बच्चों के साथ संवाद किया। रोजबेल पब्लिक स्कूल के 10 बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। रोजबेल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बलप्रीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम से लौटकर आने के बाद स्कूल के बच्चों ने बताया कि कार्यक्रम से उन्हें बहुत ही ज्ञानवर्धक जानकारियां मिलीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



बहुत ही सरल शब्दों में तनावमुक्त रहते हुए परीक्षा देने व अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बच्चों को उपयोगी जानकारी दी।

## गांधी जी के आदर्शों से ही देश की अखंडता व एकता मजबूत होगी : रामकुमार तंवर



**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में 76वें बलिदान दिवस के रूप में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और राष्ट्रपिता को याद किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामकुमार तंवर कहा कि हमें महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। हमें गांधी जी द्वारा दिए गए उन सिद्धांतों को आगे बढ़ाना है। जिससे हमारे देश की अखंडता और एकता मजबूत हो सके। हमे आपसी भाई चारे से देश में बढ़ रहे तनाव के माहौल को खत्म करना है।

आज इस अवसर पर मुख्य रूप से नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, ओबीसी प्रदेश उपाध्यक्ष फिरे सिंह नागर, ओबीसी प्रदेश महासचिव उर्मिला चौधरी, पीसीसी सदस्य रिज़वान चौधरी, कोषाध्यक्ष रामकुमार शर्मा, महासचिव आरके प्रथम, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा,महासचिव सोनू खारी,महासचिव जितेंद्र चौधरी,अवनिष तंवर,शिव कुमार तंवर, राजेश शर्मा, सचिन तंवर, सनी तंवर आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## सिद्धार्थ विहार योजना से प्रभावित किसानों का आवास विकास परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन

**गाजियाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। आवास विकास परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना से प्रभावित किसानों ने अन्य प्राधिकरण की तरह अधिग्रहित भूमि का अन्य प्राधिकरणों की तरह 10 प्रतिशत विकसित भूखंड देने व अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को परिषद के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन में योजना से प्रभावित किसानों को अन्य प्राधिकरणों की तरह 10 प्रतिशत विकसित भूखंड देने, दुकान के लिए भूखंड देने,



■ **मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी**

मानचित्र शुल्क समाप्त करने की मांग प्रमुख रूप से की गई है।

किसानों ने कहा है कि पूर्व के अधिकारियों ने उन्हें दुकानों के लिए भूखंड देने के लिए लिखित करार किया था लेकिन अभी तक दुकान आवंटित नहीं की गई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह आंदोलन करने में पीछे नहीं रहेंगे। प्रदर्शन करने वाले किसानों में चरण सिंह सेन, सुरेंद्र नागर, मोहम्मद इरफान, महबूब अली, चौधरी राहत अली, वसीम अली, राशिद चौधरी, परवेज चौधरी, अशोक शर्मा दिनेश शर्मा, सतीश शर्मा, अनिल शर्माप्रमुख रूप से शामिल थे।

## इन्द्रविक्रम सिंह होंगे गाजियाबाद के नए जिलाधिकारी



**गाजियाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद के जिलाधिकारी आर के सिंह का तबादला कानपुर कर दिया गया है। अलीगढ़ में तैनात जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह को गाजियाबाद का नया जिला अधिकारी बनाया गया है। इंद्र विक्रम सिंह पूर्व में गाजियाबाद में अपर जिलाधिकारी नगर के रूप में तैनात रह चुके हैं। बुधवार को उनके चार्ज लेने की उम्मीद है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पंजीकरण के लिए एक बार फिर चला विशेष अभियान

**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों का पंजीकरण करने के लिए जनपद में एक बार फिर विशेष पंजीकरण अभियान शुरू किया गया है। योजना में पंजीकरण बढ़ाने के लिए शासन की ओर से तीन विशेष अभियान पहले चलाए जा चुके हैं। पहला अभियान 30 नवम्बर से एक दिसम्बर तक चलाया गया। इसके बाद इसे आठ दिसम्बर तक के लिए बढ़ा दिया गया। दूसरा अभियान 18 से 22 दिसम्बर तक चला। तीसरा अभियान दो जनवरी से 16 जनवरी तक चला। अब फिर 29 जनवरी से अभियान शुरू हुआ है जो 15 फरवरी तक चलेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं योजना के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने कहा कि इन अभियानों को बार-बार चलाने का मकसद गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रथम सन्तान एवं द्वितीय सन्तान (लड़की) होने पर लाभ दिये जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने के लिए नगरीय स्वास्थ्य इकाइयों पर एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा सकता है। ग्रामीण स्वास्थ्य इकाइयों पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम), ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम), एमसीटीएस ऑपरेटर, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पहली बार गर्भवती होने पर गर्भधारण से 570 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है। साथ ही पहली बार मां बनने वाली गर्भवती के लिए मिलने वाली राशि केवल दो किस्तों में देय होगी, जिसमें प्रथम किश्त 3000 रुपए एवं द्वितीय किश्त 2000 रुपए के रूप में लाभार्थी के पंजीकृत बैंक खाते में भेजी जाती है। वहीं अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय संतान बालिका होने पर धनराशि 6000 रुपए एकमुश्त दी जाएगी। इसमें शिशु के जन्म से 270 दिन के अन्दर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है। द्वितीय संतान बालिका यदि एक अप्रैल 2022 को या उसके बाद जन्म लेने की दशा में लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए pmmvy.wcd.gov.in पर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला कार्यक्रम सहायक अदिति करण के मोबाइल नं. 8882228683 पर योजना संबंधी जानकारी ली जा सकती है।

**29 जनवरी से शुरू हुआ अभियान 15 फरवरी तक चलेगा**

## एक्सप्रेस वे के पास कार में लगी आग

**नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली से ग्रेटरनोएडा जा रही एक कामर्शियल कार में

■ **एसआई ने पहले परिवार को कार से उतारा**

■ **फिर अन्य गाड़ियों के फायर एस्टिग्यूशर से आग पर काबू पाया**

आग लग गई। आग कार के बोनट के पास लगी। डीएनडी के पास से निकल रही कार को एसआई प्रवीन कुमार ने रोका। इसके बाद पहले कार में सवार तीन महिलाओं को दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्होंने खुद व उनकी टीम ने पास बड़ी बालू और अन्य गाड़ियों में लगे फायर एस्टिग्यूशर से आग पर काबू पा लिया। इससे पहले प्रवीन कुमार ने दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी।



सीएफओ प्रदीप चोबे ने बताया कि मौके पर दमकल की एक गाड़ी को रवाना किया गया। जब दमकी की गाड़ी मौके पर पहुंची इससे पहले ही एसआई और उनकी टीम ने कार में लगी आग को बुझा दिया था। इसके बाद दूसरी कार से परिवार को घर भेजा गया। सीएफओ ने बताया कि यदि थोड़ी देर हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसआई की सूझबूझ से न केवल आग पर काबू पाया बल्कि यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहा।

उवाच

बिसरख गांव में खसरा नंबर-773 की करीब 3 हेक्टेयर जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिग्रहित कब्जा प्राप्त जमीन है। इस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करते हुए घर बना लिया था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी की गई, लेकिन कब्जा न हटाने पर प्राधिकरण ने मंगलवार को कार्रवाई की।

अन्नपूर्णा गर्ग, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एसीईओ



# बोनी कपूर व भूटानी ग्रुप करेंगे उप्र की पहली फिल्म सिटी का निर्माण

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की पहली फिल्म सिटी के धरातल पर उतरना पक्का हो गया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास तीन साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी बनकर तैयार हो जाएगी। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र

- **बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने सबसे बड़ी 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर मारी बाजी**
- **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सभाकक्ष में खोली गई फिल्म सिटी की फाइनेंसियल बिड**
- **प्राधिकरण के सेक्टर 21 में 230 एकड़ में तीन साल में बनकर तैयार होगी फिल्म सिटी**

के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी परियोजना को बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और रियल एस्टेट कंपनी भूटानी ग्रुप मिलकर विकसित करेगी। मंगलवार को प्राधिकरण के सभाकक्ष में वित्तीय बिड खोली गई, इसमें बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने सबसे बड़ी 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर



बाजी मार ली। परियोजना के मूर्तरूप लेने के आठ साल बाद कमाई का 18 फीसदी प्राधिकरण को देना होगा।

बता दें फिल्म सिटी का पहला चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए चार कंपनियां आगे आई थी। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है।

पहला चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाएगा। परियोजना का पहला चरण अब 230 एकड़ में विकसित होगा। इसमें 1510 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यहां फिल्मी गतिविधियों के अलावा विला, सर्विस अपार्टमेंट, मॉल, प्लाजा आदि का निर्माण किया जाएगा।

> फिल्म सिटी की विकासकर्ता के चयन के लिए आर्थिक बिड खोली गई, इसमें बोनी कपूरी और भूटानी ग्रुप ने सबसे बड़ी बोली लगाई। दोनों कंपनियां कंसोर्सियम में आई है। पीपीपी गाइडलाइंस के अनुसार वित्तीय निविदा को पीपीपीबीसी समिति और कमेटी ऑफसेक्रेटीज के समक्ष संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद उत्तर प्रदेष मंत्रीपरिषद से अनुमोदन होने के बाद कंपनी को आवंटन पत्र जारी किया जाएगा। आवंटन पत्र जारी होने पर तीन साल के अंदर फिल्म सिटी का करना होगा निर्माण।
>
> डॉक्टर अरुणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी
> यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

कंपनी ने इस फिल्म सिटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्म सिटी के रूप में विकसित करने का दावा है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की पहली फिल्म सिटी के धरातल पर उतरना पक्का हो गया। फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए पिछले तीन सालों से प्रयास चल रहा था। राष्ट्रीय के बाद लगातार दो बार वैश्विक स्तर पर निविदा निकालने के बाद अंतिम रूप से चार कंपनियां बोनी कपूर की मैसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स, अक्षय कुमार की सुपरसोनिक टेक्नो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन कुमार सुपरकैसेट्स टीसीरीज और केसी बोकाडिया की 04 लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड आगे आईं। चारों कंपनियों के तकनीकी बिड में पास होने के बाद मंगलवार को आर्थिक बिड खोली गई। इसमें बोनी कपूर की कंपनी मैसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स और रियल एस्टेट कंपनी भूटानी ग्रुप ने बाजी मारी है। दोनों कंपनियां समूह बनाकर आई हैं। इस मौके पर यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, एसीईओ कपिल सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, फिल्म निर्माता केसी बोकाड़िया, अश्विनी चौटलें, अली चौटलें आदि मौजूद रहे।

**किस कंपनी ने कितनी लगाई बोली**

- मैसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी - 18 प्रतिशत
- सुपरसोनिक टेक्नो बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड - 10.8 प्रतिशत
- सुपरकैसेट्स टीसीरीज - 5.270 प्रतिशत
- 4 लायंस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड - 15.120 प्रतिशत।

## बिसरख में अवैध रूप से बने 4 व डूब क्षेत्र में बने 5 घरों को किया सील

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन कब्जा करके निर्माण कर लेने वालों के खिलाफकार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार को परियोजना विभाग की टीम ने बिसरख में अवैध रूप से बने चार घरों को सील कर दिया है। साथ ही डूब क्षेत्र में बने पांच घरों को भी सील किया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बिसरख में बड़ी कार्रवाई की गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि बिसरख गांव में खसरा नंबर-773 की करीब 3 हेक्टेयर जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की

- **प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई आगे भी जारी रखने की दी चेतावनी**
- **प्राधिकरण की जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ अभियान तेज**

अधिग्रहित कब्जा प्राप्त जमीन है। इस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करते हुए घर बना लिया था। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी की गई, लेकिन कब्जा न हटाने पर प्राधिकरण ने मंगलवार को कार्रवाई की। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया व नीतीश कुमार और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल की टीम ने स्थानीय सुरक्षा कर्मियों



की मदद से खसरा नंबर 773 के चार घरों को सील कर दिया। कोर्ट से स्टे होने के बावजूद यहां पर लगातार निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण ने स्थगन आदेश का हवाला देकर अवैध निर्माण को भी रुकवा दिया है।

इसके बाद प्राधिकरण की टीम हिंडन के डूब क्षेत्र में पहुंची। कालोनाइजर बिसरख के पास डूब क्षेत्र में खसरा नंबर 112 में भी कालोनी काट रहे थे। प्राधिकरण ने इस खसरा नंबर में अवैध रूप से बने 5 घरों को भी सील कर दिया है। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित अथवा अधिग्रहित/कब्जा प्राप्त जमीन पर अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा कर लिया है, उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। सभी अवैध निर्माण तोड़े जाएंगे।

## छह फीसदी भूखंड की पात्रता तय करने प्राधिकरण की टीम आएगी आपके द्वार

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को जमीन देने वाले किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में शिविर लगाएगा। पहला शिविर एक फरवरी को डाढ़ा गांव में लगेगा। दो फरवरी को सिरसा गांव में शिविर लगाया जाएगा। साथ ही एसआईटी जांच के बाद सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए इसी कैंप में आवेदन किया जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 06 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए

- **प्राधिकरण की टीम गांवों में शिविर लगाकर छह फीसदी भूखंडों की पात्रता करेगी तय**
- **एक फरवरी को डाढ़ा में और दो फरवरी को सिरसा में लगेगा शिविर**
- **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के दिए हैं निर्देश**

किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही जाकर शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि भूलेख विभाग की टीम एक फरवरी को सुबह 11 बजे से डाढ़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाएगी। इसके बाद दो फरवरी को सिरसा गांव में शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में एसीईओ स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

पात्रता तय कराने के लिए किसान संबंधित दस्तावेज लेकर इस शिविर में आ सकते हैं। अगर किसी को आपत्ति है तो वह भी इस कैंप में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। गांवों में ही शिविर लगाने से किसानों को बड़ी सुविधा हो जाएगी। किसानों को प्राधिकरण नहीं आना पड़ेगा।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का हल्ला बोल प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर मंगलवार किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने रैली निकाल कर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस दौरान

- **ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर ताला बंदी को लेकर किसानों और पुलिस से तीखी झड़प**

किसानों ने प्राधिकरण कार्यालय गेट पर तालाबंदी करने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस और किसानों के बीच तीखी झड़प हुई। आखिरकार किसान एक बार फिर प्राधिकरण कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए।

किसान सभा ने 10 प्रतिशत भूखंड एवं नए कानून को लागू करने के लिए पक्का मोर्चा लगाकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। प्राधिकरण ने






10 प्रतिशत प्लॉट एवं नए कानून को लागू करने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया है। धरने की अध्यक्षता बुधराम दारोगा ने की। किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि आंदोलन हक लेकर ही उठेगा। बीर सिंह नागर ने कहा कि आंदोलन के पहले चरण में 21 मुद्दे पर लिखित समझौता हुआ जिसमें प्राधिकरण स्तर की मांगों पर कुछ काम हुआ है बाकी पर तेज कार्रवाई को लेकर मांग है। महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि लड़ाई आर पार की है जीत कर है दम लेंगे। सुनील फौजी ने कहा कि नया कानून को लागू कराकर ही दम लेंगे।

धरना प्रदर्शन को गजराज चेयरमैन, सपा जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, इंदर प्रधान, कांग्रेस के नेता अजय चौधरी, यशपाल भाटी, सुशील प्रधान, नितिन प्रधान, नितिन चौहान, टीकम नागर, शिशंत भाटी, पप्पू ठेकेदार, इंद्रजीत भाटी, गाबरी मुखिया, निशांत रावल, यतेंद्र मैनेजर, प्रशांत भाटी, सुशील सुनपुरा, सुंदर भनौता, सुरेंद्र भाटी, मुकुल यादव, अंकित यादव, सतीश यादव, सुरेंद्र यादव, जोगिंद्री देवी, कमलेश, पूनम, प्रेमवती, जोगिंदर प्रधान, महेश प्रजापति, अशोक भाटी, भोजराज रावल, संदीप भाटी, तेजपाल रावल, दुष्यंत सैन, संदीप, सचिन एडवोकेट, पुष्पेंद्र त्यागी, अजयपाल भाटी, काले, निरंकार प्रधान, सुधीर रावल, मोहित भाटी ने संबोधित किया।

## शहीद दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। शहीद दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की



अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में शहीदों की स्मृति में दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत में शहीद दिवस हर साल 30 जनवरी को स्वतंत्रता, गौरव, कल्याण और प्रगति के लिए लड़ने वाले बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है।

शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि देने के लिए अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदन, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर,सहायक अभिलेख अधिकारी भैरपाल सिंह एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय बर्ड फेस्टिवल आज सूरजपुर वेटलैंड में होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। वन्य जीव संरक्षण एवं ईको पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर बर्ड फेस्टिवल-2024 को मनाने का निर्णय जिला प्रशासन ने लिया है, इसी क्रम में 31 जनवरी को राज्य स्तरीय बर्ड फेस्टिवल-2024 का आयोजन सुबह 10 बजे से सूरजपुर वेटलैण्ड में किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर प्रभागीय वन अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ.प्र. सरकार अरुण कुमार शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में के.पी. मलिक राज्य मंत्री पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उ.प्र. सरकार, डॉक्टर महेश शर्मा सांसद, पंकज सिंह विधायक नोएडा, तेजपाल नागर विधायक दादरी क्षेत्र, धीरेन्द्र सिंह विधायक जेवर क्षेत्र, मनोज सिंह अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन एवं सुधीर कुमार शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष उ.प्र. लखनऊ, अंजनी आचार्य प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव उ.प्र. लखनऊ, एन.के. जानू मुख्य वन संरक्षक, पश्चिमी जोन मेरठ गंगा प्रसाद वन संरक्षक मेरठ, मनीष कुमार वर्मा जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर बर्ड वाचिग चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। 31 जनवरी 2024 को प्रात: से सूरजपुर वैटलैण्ड पर स्कूली छात्र/छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा बर्ड वाचिंग का कार्य किया जाएगा, उसके पश्चात पक्षियों के सम्बन्ध में स्लोगन लिखी रैली का आयोजन करते हुए सूरजपुर वेटलैण्ड पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

> **कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार होंगे शामिल**

## एनसीसी कैडेट कृतिका शर्मा को मिला महानिदेशक एनसीसी पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई कर रही, अंडर ऑफिसर (यूओ) कृतिका शर्मा 31वीं यूपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट ने अपनी गतिविधियों में असाधारण प्रतिभा और अटूट समर्पण का प्रदर्शन किया है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों में महानिदेशक एनसीसी पदक मिला है, जो उनकी अथक मेहनत का प्रमाण है। विश्वविद्यालय की एएनओ लेफ्टिनेंट यशोधरा राज के सराहनीय मार्गदर्शन में उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ-साथ 31वीं यूपी गर्ल्स बटालियन के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय एकता जागरूकता कार्यक्रम (एनआईएपी) से संबंधित कार्यक्रमों में दूसरा पुरस्कार हासिल करके पाठ्येतर गतिविधियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। समूह नृत्य में उनकी भागीदारी ने उन्हें दूसरा पुरस्कार भी दिलाया। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि व्यक्तिगत और सहयोगात्मक दोनों प्रयासों के प्रति उनकी बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन। उनकी यात्रा एनसीसी और शारदा विश्वविद्यालय में उनके कौशल, दृढ़ता और योगदान का एक उल्लेखनीय प्रमाण है।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## यू ट्यूबर के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बनाई गई चार टीमें

**दनकौर,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गुर्जर गांव में रविवार को एक यूट्यूबर की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई थी। पीड़ित स्वजन द्वारा सात आरोपितयों को नामजद करते हुए दनकौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें में गठित की जा चुकी है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस को दी शिकायत में गांव निवासी बलबीर ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले मनीष, प्रिंस, विक्की, योगेंद्र, विजे, कपिल और मिंकू ने उनके बेटे दीपक को रविवार रात अपने घर बुलाया। आरोप है कि इस दौरान उसे काफी अधिक मात्रा में जबरन शराब पिलाई गई। इसके बाद लाठी डंडों और लोहे के पंच से उसकी पिटाई की गई। दीपक के सिर में अधिक दबाव से लोहे का पंच मारा गया। घटना में दीपक बुरी तरह से घायल हो गया था। ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई थी। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हत्या में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी(देशबन्धु)। दादरी पुलिस ने हत्या के मामले का सफल खुलासा करते हुए हत्या के दो आरोपियों को तमंचा-कारतूस और घटना में प्रयुक्त चोरी की होण्डा शाइन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुरानी रंजिश के चलते हत्या किया गया और इस मामले में बाकी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान ने बताया कि बीते 11 जनवरी को नारायणा गोलचक्कर के पास मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात आरोपियों ने सुखपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में मृतक के भाई ने थाना दादरी पर इन्द्रजीत प्रधान पुत्र वीर सिंह, सरजीत पुत्र सूका, उदयराम पुत्र बबलू, महेन्द्र पुत्र सुखदेव, बली उर्फ बलराज पुत्र रामरतन, राजेन्द्र पुत्र राम सिंह, सोरन पुत्र रामसिंह, बंटी पुत्र सोरन निवासीगण कासना थाना कासना सहित और दो अज्ञात मोटर साईकिल सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना पर लगाया सवालिया निशान

**जेवर,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए चल रही भूमि अधिगृहण की प्रक्रिया से प्रभावित 14गांव के ग्रामीणों द्वारा भूमि अधिगृहण व विस्थापन का लगातार विरोध किया जा रहा है। एसआईए की जनसुनवाई के दौरान भी ज्यादातार गांव में बहिष्कार किया था। मंगलवार को प्रभावित क्षेत्र के तीन गांव के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी व यमुना प्राधिकरण के सीईओ से मुलाकात की तथा भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 पर सवालिया निशान लगाते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी मनीष वर्मा व यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरूणवीर सिंह से अलग अलग मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए चल रही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से प्रभावित 14 गांव को वर्ष प्राधिकरण द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल करते हुए शहरी क्षेत्र घोषित कर दिया था तथा सभी गांव की ग्राम पंचायतों के अधिकार समाप्त कर दिए गए थे। भूमि अधिग्रहण की धारा4 नियम का उल्लंघन व कानून के विपरीत होने के उपरांत भी सामाजिक समाघात रिपोर्ट के अंकन के लिए एक कमेटी नियुक्त की गई जिसमें नियमानुसार ग्राम पंचायत/ग्राम सभा/ नगर पालिका अथवा नगर निगम के दो प्रतिनिधियों को नियुक्त किया जाना था। प्रभावित गांवों में वर्ष 2018 में ही ग्राम पंचायतों के अधिकारी समाप्त करने



के बावजूद भी नीमका व थोरा गांव के पूर्व प्रधानों को कमेटी में स्थान देकर नियम का उल्लंघन किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गठित कमेटी में पूर्व प्रधानों को जनप्रतिनिधियों के स्थान पर मनमाने तरीके से स्थान देकर दोषपूर्ण प्रक्रिया की गई है। जिससे धारा सात तथा सात से लेकर धारा ग्यारह तक की समस्त कार्रवाई धारा 4 के कानूनी रूप से पूर्ण न होने पर गैर कानूनी रहेगी। क्षेत्र के समस्त भू स्वामियों की सहमति के बिना सरकार द्वारा अपने अधिकारियों से मनमाने ढंग से भू अर्जन का कार्य कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर विजयपाल, उमाशंकर, महेन्द्र सिंह फौजी, अमरपाल सिंह, हरेन्द्र अत्री, रवेन्द्र सिंह, विनोद अत्री, मास्टर लेखराज व रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमण्डल अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखा

**ग्रेटर नोएडा,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गौतम बुद्ध नगर का प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों को सामूहिक समस्याओं पर चर्चा की। शिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक आदेश अध्यापकों को अपने अधिकारों से वंचित कर रहे है। बीएलओ का कार्य कर रहे शिक्षकों को पारस्परिक स्थानांतरण के लिए कार्यमुक्त करने का

- **समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने शिक्षकों को दिया आश्वासन**



आदेश में विलंब। माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं का हवाला देकर बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत नहीं करना। किन्हीं आवश्यक कारणों से बीएलओ का कार्य नहीं करने पर वेतन अवरुद्ध करना। अति महत्वपूर्ण कार्य ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में तैनात शिक्षकों को किराया भत्ता ए- श्रेणी से बी -श्रेणी से कर दिया जिससे अधिकांश अध्यापकों को कई हजार रुपए प्रत्येक माह आर्थिक हानि हो रही है। उपरोक्त आदेशों के अतिरिक्त भी अन्य विभागीय आदेश है जो अध्यापकों को अधिकारों से वंचित कर रहे है। उपरोक्त समस्याओं के संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला। सभी विषयों पर विस्तार से सकारात्मक चर्चा हुई। संघ के सभी विषयों को शीघ्र समाधान संबन्धित सक्षम अधिकारी को भेजा है। आशा है सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। प्रतिनिधि मण्डल में मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिलामंत्री गजन भाटी, जिलाउपाध्यक्ष जगवीर भाटी, जिला संघठन मंत्री राजीव शर्मा, मीडिया प्रभारी अरविन्द शर्मा, सदस्य राहुल भाटी, रीता शाहिता, प्रवीण, श्वेता वर्मा, शिवानी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 31 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## राजनैतिक शिष्टाचार की जरूरत

प. बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में आयोजित एक रैली में राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जतलाते हुए कहा कि- 'जब आपके बच्चे स्कूल से वापस आ रहे हैं तो वे कुछ भी जवाब नहीं दे सकते हैं। आप उन्हें थप्पड़ मार रहे हैं और उनसे सवाल कर रहे हैं कि स्कूल में क्या पढ़ा है। अपने बच्चों को थप्पड़ मारने के बजाय, ममता बनर्जी को थप्पड़ मारें क्योंकि उन्होंने शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है।' मूलत: बांग्ला में दिए इस बयान को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है और इस पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच टकराव और बढ़ चुका है। विपक्षी दल का मुखिया होने के नाते सुकांत मजूमदार को सरकार के फैसलों की समीक्षा करने, नीतियों की आलोचना करने और कमजोरियों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने का पूरा हक है। लोकतंत्र में इसी लिहाज से मजबूत विपक्ष को जरूरी भी माना गया है। लेकिन ये मजबूती मौखिक नहीं व्यावहारिक तौर पर नजर आनी चाहिए। अपने राज्य की मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारने जैसे बयान देना विपक्षी धर्म का पालन नहीं है, बल्कि यह विरोधी के लिए नफरत का इज़हार है। कुछ ऐसी ही नफरत प.बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व तृणमूल कांग्रेसी सुवेंदु अधिकारी ने राहुल गांधी के लिए दिखाई। गौरतलब है कि श्री गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। यात्रा अभी बिहार में है, इससे पहले प.बंगाल और पूर्वोत्तर में थी। असम में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के शासन में पनपे भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने बताया था कि कैसे हरेक संसाधन पर कुछ मुट्ठी भर लोगों का ही कब्जा हो गया है और इसके उदाहरण के लिए उन्होंने बताया था कि जिस स्टोव में आप सुबह चाय गर्म करने के लिए कोयला जलाते हो, वो कोयला भी किसका है। राहुल गांधी एक व्यापक मुद्दे को जनता के सामने रख रहे थे, लेकिन सिगड़ी या अंगीठी की जगह उन्होंने स्टोव शब्द का इस्तेमाल किया तो भाजपा ने इसे फिर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भुनाना शुरु कर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने श्री गांधी को सोशल मीडिया पर घेरते हुए लिखा- स्टोव पर कोयला? आपके आलू से सोना बनाने वाली बात से हम उबर ही रहे थे कि आपने स्टोव में कोयला डालकर हमें असमंजस में डाल दिया। इसके बाद और भी कई भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाया। भाजपा के ट्विटर हैंडल पर इसे डाला गया और मुख्यधारा के मीडिया ने भी बिना जांच-पड़ताल राहुल गांधी को कमअक्ल साबित कर दिया। जबकि ऑक्सफोर्ड शब्दकोष के मुताबिक स्टोव का एक अर्थ धातु का एक बंद बक्सा है, जिसमें कोयला, लकड़ी आदि डालकर गर्म किया जाता है।

दरअसल भाजपा और उसके समर्थक पत्रकारों के लिए मुद्दा सिगड़ी या अंगीठी कहने की बजाए स्टोव कहने का था ही नहीं, उन्हें किसी भी तरह राहुल गांधी को नीचा दिखाना था। इसी राजनीति के तहत सुवेंदु अधिकारी ने भी राहुल गांधी पर कैमरे के सामने बरसते हुए कहा कि 'मैं पिछले चार दिनों से लगातार राहुल गांधी के बारे में सुन रहा हूं। वह कौन हैं?' कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि वह सुबह चाय बनाने के लिए चूल्हे पर कोयले के टुकड़े डालते हैं. ये कोई तथ्य है कि कोयला चूल्हे पर डाला जा सकता है, ये मेरी जानकारी या समझ से परे था।' इसी बयान के बीच में श्री अधिकारी ने राहुल गांधी के लिए एक अपशब्द का प्रयोग किया, जिसे बीप की आवाज के जरिए वीडियो में दबाया गया। कल्पना की जा सकती है कि देश की सबसे बड़ी और सबसे ताकतवर पार्टी के नेता ने कैसी भाषा का इस्तेमाल किया होगा, जिसे सार्वजनिक तौर पर सुना भी नहीं जा सकता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अक्सर इस बात की शिकायत करते हैं कि उन्हें उनके विरोधी खूब कोसते हैं। अपनी आलोचना को श्री मोदी ने गाली शब्द का नाम दिया है और वे कह चुके हैं कि ये गालियां उनके लिए टॉनिक का काम करती हैं। प्रधानमंत्री की इस बात में कुछ गलत नहीं है, क्योंकि जब भी उन्हें भला-बुरा कहा जाता है, उन्हें लोगों की सहानुभूति और अधिक मिल जाती है। शायद इसी सहानुभूति को वे टॉनिक मानते हैं। हालांकि श्री मोदी की आलोचना जिन भी शब्दों के साथ की गई हो, याद नहीं पड़ता कि किसी शब्द को बीप के जरिए दबाया गया हो। हालांकि प्रधानमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति की आलोचना भी उसके कार्यों और फैसलों को लेकर ही होनी चाहिए और वह भी मर्यादा में रहकर। राहुल गांधी भी श्री मोदी के कड़े आलोचक हैं, लेकिन उन्होंने हमेशा उनके पद और अपने शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखा है। बल्कि संसद के भीतर तो वे श्री मोदी से गले तक मिल चुके हैं, ताकि नफरत और नाराजगी दूर हो और स्वस्थ वातावरण लोकतंत्र बना रहे। लेकिन राहुल गांधी के इस आचरण को भी तुच्छ राजनीति और भद्दे मजाक में कैद कर लिया गया।

बीते 12-15 बरसों में राजनीति इसी संकीर्ण मानसिकता का शिकार हो गई है, जिसमें विरोधी के लिए सम्मान नहीं है और केवल नफरत का इजहार है। चाहे सुकांत मजूमदार हों या सुवेंदु अधिकारी, दोनों के बयान राजनैतिक शिष्टाचार के खिलाफ हैं। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब राजनैतिक विरोधियों पर शाब्दिक हिंसा की गई हो। चुनावी मौसम में ऐसे प्रकरणों की लंबी सूची तैयार हो जाती है। तब निर्वाचन आयोग की आचार संहिता और लोकतंत्र के तकाजे दोनों धरे के धरे रह जाते हैं। नफरती जुबान का दायरा राजनेताओं तक ही सीमित नहीं है, धर्म की ठेकेदारी करने वाले और कट्टरता के पोषक भी ऐसी ही भाषा बोलते हैं। फर्क यही है कि पहले अपशब्दों के इस्तेमाल में थोड़ी झिझक दिखाई जाती थी, अब वह उतारकर दूर फेंक दी गई है। कभी-कभार इसकी शिकायत अदालत में होती है, तो वहां भी अब यह देखा जाता है कि ऐसी बातें मुस्कुराकर कही गईं या क्रोध में या फिर अभिव्यक्ति के अधिकार की आड़ ले ली जाती है।

राजनेताओं के आचरण का व्यापक असर आम जनमानस पर पड़ता है। जब नेता अपशब्द और हिंसक अभिव्यक्ति को सहजता में लेंगे, तो समाज भी इसका शिकार होगा। नफरत की आग ऐसे ही पनपती है और जब फैलती है तो फिर विरोधी या समर्थक का भेदभाव नहीं करती। इसलिए राजनैतिक शिष्टाचार को हर हाल में बनाए रखना होगा, अन्यथा सबका नुकसान होगा।

# बिहार में राहुल की सफलता से नीतीश के हाथ से सामाजिक मुद्दा छिना

इसी माह की 14 तारीख को मणिपुर से निकली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सोमवार को उसी जोशो-खरोश के साथ बिहार पहुंचने और मंगलवार को उसमें विशाल रैली आयोजित होने का अर्थ सिर्फ इतना नहीं है कि 20 मार्च तक चलने वाली (मुम्बई में समापन) इस यात्रा ने रास्ते में आने वाले किसी राज्य में एक पड़ाव डाला है। जिस दिन, जिन परिस्थितियों में और जो मुद्दे उठे हैं- वे संयोगों से बढ़कर परिवर्तनकारी परिघटना के रूप में दर्ज होंगे।

उल्लेखनीय है कि इस यात्रा के पहले ही दिन जिस प्रकार से मणिपुर में राहुल-यात्रा के प्रस्थान स्थल को आखिरी वक्त पर बदला था, उससे आभास तो हो गया था कि आने वाला सफर उतना आसान नहीं होगा जैसे 7 सितम्बर, 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से लेकर 30 जनवरी, 2023 को कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त हुआ मार्च था। एकाध जगह, वह भी जम्मू जैसे संवेदनशील राज्य में उनकी सुरक्षा से सम्बन्धित मुद्दे को छोड़ दें तो राहुल को विशेष दिक्कतें नहीं आई थीं। अलबत्ता न्याय यात्रा पूर्वोत्तर के पांच राज्यों- मणिपुर, नगालैंड, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय तथा असम से गुजरी थी। इनमें से अंतिम राज्य में उन्हें कांग्रेस से ही भारतीय जनता पार्टी में जाकर वहां के मुख्यमंत्री बने हिमंता विस्वा सरमा के इशारे पर राहुल की यात्रा के लिये जितने भी अवरोध पैदा करने थे, वे हुए। कभी उन्हें शहर के भीतर से गुजरने की अनुमति नहीं दी गई तो कभी मंदिर जाने से रोका गया (22 जनवरी को जोरहाट स्थित शंकरदेव मंदिर)। यहां तक कि उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर दी गई है और जैसा कि सरमा ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद यानी दो-तीन माह के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। यह तो खैर देखने की बात है कि ऐसा हो पाता है या नहीं। कुल जमा बात यह रही कि असम प्रशासन कांग्रेसियों को डरा नहीं पाया और उस राज्य में राहुल ने 8 दिन बिताए, 17 जिलों का प्रवास किया तथा 855 किलोमीटर नाप दिया। हर बढ़ते कदम पर उन्हें पिछले कदम से अधिक लोग मिले और वे सफलतापूर्वक वहां से निकलकर पश्चिम बंगाल पहुंचे। वहां की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के साथ इंडिया गठबन्धन के कभी खट्टे तो कभी मीठे सम्बन्धों के बाद भी उस राज्य में भी राहुल गांधी को अच्छा प्रतिसाद मिला।

अब आते हैं अगले राज्य में जहां राहुल मौजूद हैं! वे एक दिन और रहेंगे। प. बंगाल के सिलिगुड़ी को पीछे छोड़कर जब राहुल ने बिहार के अररिया में प्रवेश किया तो पहले की तरह उनका जबर्दस्त स्वागत हुआ। अनपेक्षित इसलिये क्योंकि तब तक राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा देश के राजनैतिक इतिहास की सबसे बड़ी पलटी मारे हुए 24 घंटे भी नहीं हुए थे। रविवार को सुबह इस्तीफा देकर शाम होते न होते वे फिर से इस कुर्सी पर काबिज हो गये थे। बात सिर्फ इतनी ही नहीं थी। उन्होंने जिस संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया के निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उससे अलग हो गये और भाजपा प्रणीत एनडीए के वे अपनी जनता दल यूनाइटेड पार्टी के मार्फत सदस्य बन गये। राष्ट्रीय जनता दल का हाथ छोड़कर उस भाजपा के साथ मिलकर वापस सरकार बना ली जिसे पहले वे अपनी सबसे बड़ी भूल बतलाते रहे थे और यह कहते रहे कि वे मर जाएंगे पर भाजपा के साथ कभी नहीं जाएंगे। यह ज्यादा नहीं केवल 17 माह पुरानी बात है।



डॉ. दीपक पाचपोर

> सामाजिक न्याय के पुरोधा के रूप में वे ही जाने जाते थे। उन्होंने ही सबसे पहले अपने प्रदेश में जातिगत जनगणना की न केवल बात उठाई थी, वरन ऐसा सर्वे भी किया था। गणतंत्र दिवस के ठीक पहले जब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार ने भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया था, तो माना गया था कि यह सामाजिक न्याय की अवधारणा की जीत है। इसका बड़ा श्रेय भी नीतीश को दिया जा रहा था

सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, शुचिता एवं सत्यवादिता के मानक के रूप में देखे जाने वाले महात्मा गांधी की शहादत के दो दिन पूर्व नीतीश एवं उनकी एक बार फिर से सहयोगी बनी भाजपा ने असत्य का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है। दूसरी ओर उसी गांधी की पुण्यतिथि पर राहुल उस पूर्णिया में एक विशाल रैली करते हैं। यह महान साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु का क्षेत्र है जिन्होंने जयप्रकाश नारायण के साथ इंदिरा गांधी का विरोध किया था। ...तो राहुल की इस धरा पर सफल यात्रा एवं विशाल सभा बहुत कुछ कहती है। दरअसल नीतीश की हाल की कारगुजारियों से विक्षुब्ध जनता ने राहुल का यहां जबर्दस्त स्वागत किया है। वह यह भी बतलाता है कि साथियों की दगाबाजी का इस यात्रा के उत्साह व गतिशीलता पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। अंदेशा था कि नीतीश यहां खेल बिगाड़ने की वैसी ही कोशिशें कर सकते हैं जैसी कि हिमंता ने असम में की थीं। सम्भवत: नीतीश ने असम की घटनाओं से सबक लेते हुए खुद को समेटकर रख लिया था। वैसे बिहार की इस यात्रा व रैली में राजद ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो बतलाता है कि नीतीश के धोखा देने के बावजूद इंडिया अब भी मजबूत है। वामपंथी दल का भी इसमें साथ बना हुआ है।

इस तरह से संयोग से राहुल की बिहार यात्रा दो ऐसी प्रवृत्तियों को आमने-सामने करती है जिसमें एक ओर नीतीश जैसे लोग हैं जो सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, तो वहीं दूसरी ओर राहुल हैं जो तमाम तरह के अपमान, अवहेलना एवं आलोचना के बाद भी सच बोल रहे हैं। वे सत्ता के सामने डरे बिना प्रतिरोध की मुद्रा में तनकर खड़े हैं। मजेदार बात यह है कि नीतीश ने ऐसे वक्त पर पाला बदला है जब इंडिया, जिसके वे सहयोगी थे, सतत शक्तिशाली हो रही है। लोग इसकी ओर बड़ी संख्या में न केवल आकृष्ट हुए हैं बल्कि अब यह माना जाने लगा है कि अगर सब ठीक रहा तो भाजपा को अगले 3-4 महीनों के भीतर होने जा रहे आम चुनाव में हराया जा सकेगा। अनेक एजेंसियां एवं विशेषज्ञ इस तरह के अनुमान व्यक्त कर रहे हैं। निर्णायक मोड़ पर नीतीश द्वारा इंडिया का साथ छोड़ना लोग कभी भूल नहीं सकेंगे।

नीतीश द्वारा इंडिया का साथ छोड़ने और भाजपा का हाथ पकड़ने का महत्व सिर्फ एक गठबन्धन का साथ छोड़कर दूसरे के साथ जाना नहीं है। इसके साथ ही नीतीश ने महत्वपूर्ण सामाजिक न्याय की लड़ाई से भी खुद को अलग कर लिया है। यह पिछड़ों, अति पिछड़ों, दलितों, शोषितों, वंचितों के साथ भी एक तरह से गद्दारी करने जैसा ही है। उल्लेखनीय है कि सामाजिक न्याय के पुरोधा के रूप में वे ही जाने जाते थे। उन्होंने ही सबसे पहले अपने प्रदेश में जातिगत जनगणना की न केवल बात उठाई थी, वरन ऐसा सर्वे भी किया था। गणतंत्र दिवस के ठीक पहले जब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार ने भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया था, तो माना गया था कि यह सामाजिक न्याय की अवधारणा की जीत है। इसका बड़ा श्रेय भी नीतीश को दिया जा रहा था लेकिन ऐन वक्त पर इंडिया से विलग होकर और उससे भी बढ़कर जातिगत जनगणना विरोधी भाजपा से हाथ मिलाकर नीतीश ने इस मुद्दे को भी दफ़्न कर दिया है। भाजपा अगर नीतीश की जातिगत जनगणना के आधार पर पिछड़ों को नौकरियां देने की बात मानती है तो उसके द्वारा शासित अन्य दर्जन भर से अधिक प्रदेशों में भी उसे यह लागू करना होगा जो सम्भव नहीं है। वहीं दूसरी तरफ सामाजिक न्याय की भूमि कहे जाने वाले बिहार में राहुल की सफल यात्रा एवं विशाल रैली बताती है कि अब सामाजिक न्याय के सबसे बड़े पोस्टर ब्वॉय वे ही हैं। इसका असर आगामी चुनावों पर अवश्य ही पड़ेगा।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# नीतीश के फैसले से जद (यू) का भविष्य अंधकारमय

■ कल्याणी शंकर

रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में वापसी का बम फोड़ दिया। उन्होंने इंडिया विपक्षी गठबंधन भी छोड़ दिया, जिसे उन्होंने आठ महीने पहले बनाने की पहल की थी। इससे इंडिया गठबंधन को एक बड़ा महत्वपूर्ण झटका लगा है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक ने भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में हराने का एक मौका गंवा दिया लगता है।

यह तलाशने लायक है कि बिहार की राजनीति राष्ट्रीय परिदृश्य को कैसे प्रभावित कर सकती है। कुमार के एन.डी.ए. में लौटने के निर्णय से भाजपा को राजनीतिक लाभ हो सकता है और इससे बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस कमजोर भी हो सकती है। यह अंतत: राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को प्रभावित कर सकता है। यह भाजपा-जद(यू) साझेदारी भाजपा की चुनावी संभावनाओं में सुधार कर सकती है जिससे आगामी 2024 के आम चुनावों में भाजपा और एनडीए को अधिक सीटें मिल सकती हैं और मोदी को जीत की हैट्रिक हासिल करने में भी मदद मिल सकती है।

> नीतीश और भाजपा की साझेदारी कितने समय तक चलेगी। वे आगामी लोकसभा चुनाव तक साथ मिलकर काम कर सकते हैं, लेकिन उसके बाद क्या होगा यह अनिश्चित है। भारतीय जनता पार्टी केवल लोकसभा चुनावों तक नीतीश का समर्थन कर सकती है और उसके बाद उनका समर्थन समाप्त हो सकता है। कुछ लोग सवाल करते हैं कि क्या गठबंधन 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों तक जारी रहेगा?

भाजपा ने स्पष्ट रूप से विपक्षी गठबंधन को तोड़ने और जद(यू) गठबंधन के साथ साझेदारी करने की कोशिश की है। पार्टी बिहार में नीतीश कुमार को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखती है और मानती है कि उनकी साझेदारी 2024 के चुनावों में जीत हासिल करा सकती है। मौजूदा विधानसभा में कुमार के पास केवल 45 सीटें हैं, जबकि राजद और भाजपा के पास क्रमश: 79 और 78 सीटें हैं। इसके बावजूद नीतीश मुख्यमंत्री बने रहने में कामयाब रहे।

क्या नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन छोड़ने में कांग्रेस पार्टी का हाथ था? इस झटके के पीछे की वजह नीतीश को किनारे करने और कांग्रेस को आगे बढ़ाने का फैसला था। कुमार ने कांग्रेस पार्टी पर इंडिया गठबंधन के असफल होने के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया और तर्क दिया कि संवादहीनता की स्थिति के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।

जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के प्रवक्ता के सी त्यागी ने कांग्रेस पार्टी पर विपक्षी गुट पर हावी होने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। 13 जनवरी को मुंबई में सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी ने नीतीश कुमार को ब्लॉक के संयोजक के रूप में प्रस्तावित किया। इस सुझाव का उपस्थित अधिकांश अन्य नेताओं ने समर्थन किया। हालांकि, राहुल गांधी ने अपनी असहमति जताई। बाद में ममता बनर्जी ने गठबंधन प्रमुख के रूप में कांग्रेस प्रमुख खड़गे का नाम प्रस्तावित किया, त्यागी का दावा है कि यह एक व्यापक साजिश का हिस्सा था।

त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार ने एक गठबंधन बनाया जो सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एकजुट करता है। हालांकि, अब यह विघटित हो रहा है। पंजाब और बिहार में स्थिति खराब होने की कगार पर है और पश्चिम बंगाल में भी इंडिया गुट टूट रहा है।

नीतीश कुमार ने पुष्टि की कि उन्होंने इंडिया गठबंधन छोड़ दिया है क्योंकि यह गठबंधन उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्हें लगा कि गठबंधन के लक्ष्यों की दिशा में काम करने वाले वे एकमात्र व्यक्ति हैं। हालांकि इस साझेदारी ने सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एक साथ ला दिया, लेकिन गठबंधन बिहार में बिखर गया और पंजाब और बंगाल में लगभग ध्वस्त हो गया।

एक अनकही कहानी भी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लक्ष्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस योजना का मकसद लालू यादव के बेटे के लिए बिहार का मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ करना था। हालांकि, यह योजना तब विफल हो गई जब मल्लिकार्जुन खड़गे को नये गठबंधन के नेता के रूप में चुना गया। नतीजतन, नीतीश कुमार ने बेहतर भविष्य के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।

नतीजों की परवाह किये बिना सत्ता पर काबिज रहने की उनकी अटूट इच्छा के कारण कुमार की विश्वसनीयता धूमिल हो गई है। उन्होंने हमेशा अपने फायदे के लिए कई बार राजनीतिक निष्ठाएं बदली हैं और वर्तमान में उनके पास बिहार में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री का खिताब है।

नीतीश का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि 2013 में दूसरे विकल्प तलाशने के बाद नीतीश कुमार ने भाजपा छोड़ दी और राजद तथा कांग्रेस से गठबंधन किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के साथ गठबंधन किया, और 2020 में फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि, दो साल बाद कुमार ने भाजपा छोड़ दी और राजद के साथ मिलकर नई सरकार बनाई। अब उन्होंने राजद का साथ भी छोड़ दिया है, इसीलिए उन्हें पलटू राम भी कहा जा रहा है।

एक अनुभवी राजनेता होने के कारण 72 वर्षीय नीतीश कुमार को विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा था, परन्तु बार-बार पलटी मारने की उनकी आदत के कारण उन्हें ऐसा मौका खोना पड़ा है।

भाजपा द्वारा इंडिया गठबंधन को खत्म करने से प्रधानमंत्री मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल जीतने में मदद मिल सकती है। फिर भी बिहार में ओ.बी.सी. समुदायों को संगठित करना चुनावी सफलता हासिल करने के लिए आवश्यक है। नवंबर 2023 में बिहार ने अनुसूचित जाति और अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण भी बढ़ाया है।

यह स्पष्ट नहीं है कि नीतीश और भाजपा की साझेदारी कितने समय तक चलेगी। वे आगामी लोकसभा चुनाव तक साथ मिलकर काम कर सकते हैं, लेकिन उसके बाद क्या होगा यह अनिश्चित है। भारतीय जनता पार्टी केवल लोकसभा चुनावों तक नीतीश का समर्थन कर सकती है और उसके बाद उनका समर्थन समाप्त हो सकता है। कुछ लोग सवाल करते हैं कि क्या गठबंधन 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों तक जारी रहेगा?

नीतीश ने दिखा दिया है कि चतुराई से सत्ता बरकरार रखना संभव है, तथा सौदेबाजी के कौशल से कुछ सीटें जीतना भी संभव है, भले ही मतदाताओं का केवल 4 फीसदी उनकी जाति से हो। लेकिन एक बात निश्चित है- नीतीश के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगे भी पलटी मार सकते हैं।

## पावन प्रसंग

### एकांतवाश का आनंद

जिंदगी आजकल इतनी तनावपूर्ण और व्यस्त हो गई है कि लोगों के सोने-जागने का वक्त ही बदल गया है। परिणामस्वरूप अनिद्रा, अवसाद और तनाव की स्थिति बनती जा रही है। देर रात तक जागना और सुबह देर से जागना, इससे जीवन और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन बिगड़ता है। जरूरी है कि दस या साढ़े दस बजे रात्रि सो जाएं और सुबह छह बजे तक उठें। यह समय हमारी सैर का भी हो सकता है और एकांत का भी। जरूरी है कि ऐसे समय काम का, दफ्तर का अथवा घर की किसी भी मुसीबत का विचार, मस्तिष्क में नहीं होना चाहिए।

एकांत में बैठने, वक्त गुजारने, उसे महसूस करने का अपना ही आनंद है। एकांत व उससे उपजी शांति शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करती है, जबकि बहुत ज्यादा शोरगुल खून में कोलेस्ट्राल के स्तर को बढ़ा देता है। इसकी वजह से हाई ब्लडप्रेशर की समस्या हो सकती है और व्यक्ति हृदय रोग का भी शिकार हो सकता है। यदि हम एकांत का लाभ उठाने की सही तकनीक जान लें तो शोर के कारण होने वाले नुकसानों को कम किया जा सकता है। अक्सर एकांत से लोग डरने की शिकायत करते हैं। वे एकांत होने पर सन्नाटे की स्थिति में आने के कारण घबरा जाते हैं। इसलिए सन्नाटे से बाहर आकर एकांत में समाने की कोशिश करनी चाहिए। उससे डरना या घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर क्षण में एकांत तलाशने की काबिलियत खुद में पैदा करनी चाहिए। एकदम संभव है कि हम शोरगुल के बीच एकांत को महसूस कर सकते हैं। एकांत की सबसे ज्यादा जरूरत सुबह-सुबह होती है क्योंकि उसके बाद कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ने लगती है। टीवी देखने या अखबार पढ़ने के बजाय कुछ देर चुपचाप बैठना चाहिए। सुबह के आधा घंटे का एकांत खुद को देना चाहिए। प्रकृति का संगीत एकांत है, जिसका पूरा आनंद लेना चाहिए, महसूस करना चाहिए। अपने बगीचे की देखभाल करनी चाहिए। उसका माली खुद बनना चाहिए, इतनी मानसिक शांति महसूस होगी कि उच्च रक्तचाप हो या कोलेस्ट्राल का बढ़ा स्तर, सब शात हो जाएगा।

बागवानी के भी फायदे हैं, एक तो यह कि बागवानी हमको प्रकृति के निकट रखती है और जब हम प्रकृति के निकट होते हैं तो वह क्षण एकांत में बिताने का समय होता है। इससे तनाव व मानसिक दबाव का स्तर कम होता है। इसलिए आंख मूंदकर जो अच्छा लगे, उस बारे में मन ही मन सोचना चाहिए, दिन भर के कामों पर मनन करना चाहिए इससे थकान दूर होती और मन को चैन मिलेगा। मोबाइल फोन, इंटरनेट की घंटियों से सारा माहौल गुंजायमान रहता है। इस तरह की आवाजें शोर का रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि कभी-कभार जब सोने जा रहे हों या शांति से बैठे हों तो ऐसे समय में कुछ देर के लिए ऐसे उपकरणों को बंद करके कुछ घंटे एकदम शांतिपूर्वक अलग अंदाज में बिताना चाहिए।

इतना सा प्रयास हमारा मन मस्तिष्क और स्वास्थ्य सुरक्षित रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भोजन की सात्विकता पर ध्यान देना चाहिए। ठीक इसी तरह भारतीय स्वास्थ्य के लिए स्वाध्याय एवं मानसिक शांति की जरूरत है। इससे एकांत का आनंद और बढ़ जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### आत्मनिर्भरता राष्ट्र का गौरव

पराधीन सपनेहूं सुख नाहीं- यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है। एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि -'एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं', पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे में डूब गया है और अपने देश में खर्च चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है जबकि भारत देश विज्ञान, टैक्नालॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज, स्पेस रिसर्च में पूर्णत: आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर इच्छित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी।

हमारा देश आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ। आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है। महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी 'दैव दैव आलसी' पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्मनिर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें उनके अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं। जिनका अपना कोई विचार या व्यक्तित्व नहीं हो सकता। कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता -

राम सहायक उनके होते, जो होते हैं, आप सहायक,

हम सबको स्वयं पर भरोसा रखना आत्मबल बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देती रहती हैं।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## जापान में मछली पकड़ने वाली नाव पलटी, तीन की मौत

**टोक्यो।** जापान के शिगा प्रांत में बिवा झील में मछली पकड़ने वाली एक नाव के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शिगा प्रांतीय पुलिस को आज एक मछुआरे ने बताया कि बिवा झील में उसने एक नाव को पलटी हुई हालत में देखा है। जिसके बाद अग्निशमन विभाग सहित स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और झील में तैर रहे तीन मृतकों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबक तीनों पीड़ितों की आयु लगभग 50 वर्ष के करीब रही होगी, जिन्होंने लाइफ जैकेट पहन रखी थी।

### संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया फैसला

# इमरान, महमूद को सिफर मामले में 10 साल जेल की सजा



■ कुरैशी ने किया विरोध, बोले उनका बयान दर्ज नहीं किया गया

**इस्लामाबाद,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान की राजनीति में मंगलवार को उस समय तूफानी घटनाक्रम सामने आया जब सरकारी गोपनीयता कानून मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मंगलवार को 10 साल जेल की सजा सुनाई। मामले की सुनवाई की शुरुआत में श्री खान और श्री कुरैशी को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 342 के तहत एक प्रश्नावली दी गई। श्री खान की ओर से अपना बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने उनसे सिफर के ठिकाने के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, मैंने अपने बयान में यही कहा है जो मुझे नहीं पता। सिफर मेरे कार्यालय में था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों नेताओं को 10 साल जेल की सजा सुनायी। फैसला सुनाने के बाद न्यायाधीश अदालत कक्ष से बाहर चले गए। श्री कुरैशी ने यह कहते हुए विरोध जताया कि उनका बयान दर्ज नहीं किया गया। विशेष अदालत का यह फैसला पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव से नौ दिन पहले आया है। इस चुनाव में पाकिस्तान तहरी-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) सरकार की सख्ती के बीच और बिना किसी चुनावी चिह्न के भी चुनाव लड़ रही है। बदले घटनाक्रम में अब श्री खान और श्री कुरैशी दोनों नेता अगले पांच साल के लिए कोई चुनाव नहीं लड़ सकते। इस बीच पीटीआई के एक नेता ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान इमरान और कुरैशी के साथ खड़ा है। दोनों ने देश को बचाने का काम किया है और हकीकी आज़ादी के लिए खड़े हुए हैं। सिफर मामले में कानून का पूरी तरह से मजाक बनाया गया और उसकी अवहेलना की गयी है।

## पाकिस्तान में मुठभेड़ में छह आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गये। प्रांतीय कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर कहा, सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करके प्रांत के माच शहर में अराजकता पैदा करने के आतंकवादियों के प्रयास को विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की और आतंकवादियों को मार गिराकर उनकी जान बचाई। उन्होंने कहा कि ये हमले प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा सोमवार रात और मंगलवार सुबह तड़के किये गये। उन्होंने बताया कि सरकारी प्रतिष्ठानों पर तीन समन्वित हमले किए गए लेकिन उनमें से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने ईरान के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई



■ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के साथ की बैठक

**इस्लामाबाद,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने ईरान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ एक बैठक में श्री काकर ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, विशेष रूप से दोनों देशों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के सम्मान में निहित सहयोगात्मक और सहकारी दृष्टिकोण के माध्यम से आम चुनौतियों का समाधान करने पर जोर दिया।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने राजनयिक सिद्धांतों के महत्व पर जोर देते हुए दोनों देशों के बीच संप्रभुता को बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का सम्मान करने के लिए साझा प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। श्री काकर ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को जल्द से जल्द पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दिया। गौरतलब हे कि पिछले कुछ समय से पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों में तल्खी बढ़ गई है। गत 16 जनवरी को ईरान ने दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान में हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में 18 जनवरी को पाकिस्तान ने ईरान पर हमला किया था। ईरान और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच अब दोनों ही देश एक दूसरे के साथ अपने रिश्तों को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।

## सुडोकू 6452

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 31 जनवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 6

### राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। बहुत लंबे समय के लिए निवेश की योजना बनाएंगे। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ -वैचारिक स्तर पर विशालता और वाणी की मधुरता बनी रहेगी। आप दूसरे लोगों को प्रभावित करने के साथ ही उनके साथ संबंध भी बेहतर रख सकेंगे। बैठक या विचार-विमर्श में भी आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन -आपका मन अनिर्णायक स्थिति में रहेगा। मन दुविधा में रहेगा। अधिक भावुकता भी मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेंगे। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालें।

कर्क -आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है। दोस्तों के साथ संबंध अच्छा रहेगा।

सिंह -आपके दूर रहने वाले मित्र और स्नेहियों के साथ की गई बातचीत लाभप्रद रहेगी। सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति प्राप्त कर सकेंगे। वाणी से किसी का मन जीत सकेंगे।

कन्या -अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला -आज असंयमित और अविचारी व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकता है। दुर्घटना से बचे रहें। वाणी में उग्रता हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगी। मनोरंजन या घूमने के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृश्चिक -आज आपको बिजनेस में लाभ हो सकता हैं। समय आपके साथ है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और बुजुर्गों से लाभ प्राप्त हो सकता है। लोगों से मेल जोल बढ़ेगा। यात्रा का अवसर मिल सकता है।

धनु -आर्थिक योजना तथा व्यापार के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा और सफलता मिलेगी। आपके भीतर लोकहित की भावना होगी। आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

मकर -आपका आज का दिन मिश्रित फल देने वाला होगा। आप अपने व्यवसाय और काम में नए विचार अमल में लाएंगे। आज आप साहित्य में रुचि लेंगे। फिर भी आपको मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

कुंभ -आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दुःख की भावना हो सकती है। स्वास्थ्य खराब रह सकता है। दुर्घटना न हो इसका ध्यान रखें।

मीन -आज का दिन व्यापारियों के लिए काफी अच्छा है। व्यवसाय में भागीदारी करने के लिए भी शुभ समय है। साहित्य सृजन, कलाकार और कारीगर अपनी सृजनात्मकता निखार सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इजरायल की सेना ने जेनिन में तीन फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा

**रामल्लाह,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने वेस्ट बैंक शहर जेनिन के एक अस्पताल में छापेमारी के दौरान हमास के सशस्त्र तीन युवा लड़ाकू की हत्या कर दी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेनिन के कार्यवाहक गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने 'शिन्हुआ' को बताया कि इजरायली विशेष बल ने शहर के इब्न सिना अस्पताल में घुसकर तीन युवा सशस्त्र नागरिकों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा, यह अस्पतालों की सुरक्षा करने वाले सभी चार्टर और परंपराओं का उल्लंघन कर उसे कब्जे में लेने का एक नया अपराध है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा, सेना ने इस्लामिक चरमपंथी संगठन(हमास) के सशस्त्र सेल को मार गिराया है, जो जेनिन शहर में इब्न सिना अस्पताल के अंदर छिपे हुए थे, उन पर विध्वंशक अभियान चलाने की योजना बनाने का आरोप लगाया गया था। उल्लेखनीय है गाजा पट्टी से 07 अक्टूबर, 2023 को इज़राइल पर रॉकेट के हमलों के बाद से इजरायल की ओर से किए गए हमलों से वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ गया है। इजरायली सेना हमास का खात्मा करने की सौगंध उठाकर गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों को खत्म करने में लगी हुई है।

## अमेरिकी दूत ने आतंकवादी समूहों के खिलाफ भारतीय नौसेना की कार्रवाई को सराहा



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने मंगलवार को हिंद महासागर में शिपिंग की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले व्यापारिक जहाजों के नाविकों को बचाने के लिए समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक को संबोधित करते हुए, गार्सेटी ने कहा कि भारतीय नौसेना न केवल भारतीय चालक दल को बचा रही है, बल्कि अन्य देशों के नाविकों को भी समुद्री डाकुओं और आतंकवादी समूहों से बचा रही है। उन्होंने कहा कि यह एशियाई क्षेत्र में भारत की बड़ी रणनीतिक भूमिका को दर्शाता है। गार्सेटी ने कहा कि भारत इस क्षेत्र का सबसे बड़ा देश है और अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के कारण अन्य देश सुरक्षा प्रदान करने के लिए उसकी ओर देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध एक योगात्मक भारत+अमेरिका संबंध नहीं है, बल्कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के एक साथ आने से मिलने वाली शक्ति के संदर्भ में एक बहुगुणात्मक भारत-अमेरिका संबंध है। राजदूत ने कहा कि भारत-अमेरिका के मजबूत रक्षा संबंध रक्षा उपकरणों के सह-उत्पादन में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित सौदों में भी परिलक्षित हुए।

## अमेरिका की सीरिया से सेना हटाने की योजना नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका, सीरिया से अपनी सेना वापस बुलाने की योजना नहीं बना रहा है। अमेरिका की कार्यवाहक उप विदेश मंत्री विक्टोरिया नुलैंड ने एक बयान में यह जानकारी दी। विभिन्न अरब और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि अमेरिका, सीरिया से अपनी सेना की पूर्ण वापसी पर विचार कर रहा है, लेकिन अंतिम निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। सुश्री नुलैंड ने सीएनएन तुर्क को बताया, ठीक है, पहले मुझे स्पष्ट करने दीजिए, अमेरिका सीरिया से पीछे नहीं हट रहा है।

## तुर्कीए, रूस में धन हस्तांतरण की समस्या से बचने के विकल्पों पर चर्चा जारी



**मॉस्को,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। तुर्कीए और रूस भविष्य में धन हस्तांतरण की समस्याओं से बचने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा कर रहे हैं जिसका असर पर्यटकों पर भी पड़ेगा। इससे पहले जनवरी में तुर्कीए के अखबार एकोनोमिम ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि व्यापार मंत्रालय ने रूस से धन हस्तांतरण में समस्याओं से जूझने वाली कंपनियों की एक सूची तैयार की है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि निर्यातकों को कथित तौर पर बैंकों द्वारा रूस से धन हस्तांतरित करने से इनकार करने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। तुर्कीए के स्टेट बैंकों के सूत्रों ने बताया कि रूस से धन हस्तांतरण की समस्या साल की शुरुआत से ही मौजूद है और यह आंशिक रूप से रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के संबंध में तुर्कीए पर दबाव से भी संबंधित है। सूत्र ने कहा, इस मुद्दे पर चर्चा चल रही है। शासी निकायों की ओर से (धन हस्तांतरण के लिए) वैकल्पिक विकल्प खोजने का आदेश दिया गया है जिस पर काम जारी है। हम वैकल्पिक भुगतान के बारे में बात कर रहे हैं कि क्या सिस्टम और मोबाइल उपकरणों का उपयोग करके स्थानांतरण तथा खरीदारी करना संभव होगा। उन्होंने कहा कि जिन विकल्पों पर चर्चा की जा रही है, उनका असर रूसी पर्यटकों पर भी पड़ेगा और रूस से तुर्कीए तक धन हस्तांतरण में अभी भी कई समस्याएं हैं। निर्यातकों, विशेष रूप से निजी क्षेत्र से संकेत आ रहे हैं। आधिकारिक निकाय भी तात्कालिक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। विगत 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में विशेष अभियान शुरू होने के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंधों का दबाव बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, तुर्कीए के बैंकों ने रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के संबंध में रूसी भुगतान प्रणाली का उपयोग छोड़ दिया।

## ईरान में दो पुलिसकर्मियों की हत्या, चार घायल

**तेहरान,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। ईरान के दक्षिणी प्रांत फार्स में मंगलवार तड़के 'अज्ञात सशस्त्र तस्करों' के हमले में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई, और चार अन्य घायल हो गए। अर्ध सरकारी समाचार एजेंसी 'फ़ार्स' ने प्रांतीय पुलिस कमांडर रोहम बख्श हबीबी के हवाले से कहा कि यह घटना नेरीज़ काउंटी में स्थानीय समयानुसार मध्यरात्रि लगभग एक बजे तब हुई, जब काउंटी के कानून प्रवर्तन बल नशीली दवाओं के विरोधी योजना के तहत तस्करों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक वाहन को रोका। श्री हबीबी ने कहा कि वाहन रुकने के बाद चार हमलावर बाहर निकले। उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलायीं और तुरंत घटनास्थल से भाग गए। उन्होंने बताया कि प्रांतीय पुलिस ने 'सशस्त्र तस्करों' को गिरफ्तार करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। मृतक पुलिस अधिकारियों की पहचान रेजा शाहसवानी और अली शाहसवानी के रूप में की गई है।

## वर्ग पहेली 6452



**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
११. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित
२३. मणिमंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करनेवाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
१९. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6451

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | त्प्र | २ स | व | ■ | ■ | ३ अ | ट | ४ प | टा |
| त्सु | ■ | म | ■ | ५ स्था | प | त्य | ■ | गा | ■ |
| ६ क | न्नी | का | ट | ना | ■ | ७ धि | क्का | र | ८ ना |
| त्य | ■ | ली | ■ | ९ भा | वु | क | ■ | ■ | ट |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ उ | द | क |
| ■ | ल | ■ | ज | ■ | १३ बु | रा | दा | ■ | का |
| १४ अ | धि | १५ कृ | त | ■ | लं | ■ | १६ स | १७ मी | र |
| प्र | ■ | त | ■ | १८ अं | द | १९ र | ■ | ना | ■ |
| २० स | र्व | ज्ञ | ■ | ज | ■ | २१ ति | जा | र | २२ त |
| न्न | ■ | २३ ता | त्का | लि | क | ■ | ■ | ■ | स्र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1561 – मुगल सेना के सेनापति बैरम खां की गुजरात के पाटन में हत्या।

1747 – लन्दन लॉक हॉस्पिटल में पहली बार बेंगलिया रोग क्लिनिक खोला गया।

1801 – जॉन मार्शल को संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।1814 – गेरवासिओ एंटोनियो डे पोसडास अर्जेन्टीना के मुख्य निदेशक चुना गया।

1850 – चीन में ताए पींगहा नाम से सबसे बड़ा जनान्दोलन आरंभ हुआ। ताए पींगहा चीनी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ जनता का संकल्प होता है।

1897 – कजेकोस्लाव ट्रेड यूनियन एसोसिएशन प्राग में स्थापित किया गया।

1893–'कोका कोला' ट्रेडमार्क का अमेरिका में पहली बार पेटेंट किया गया।

1915 – प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने रूस के खिलाफ जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।

1946 – तत्कालीन सोवियत संघ के मॉडल के आधार पर युगोस्लाविया का छह देशों में विघटन (सर्बिया, मोंटेनेग्रो, क्रोएशिया, स्लोवेनिया, बोस्निया-हर्जेगोविना, मैसेडोनिया) हुआ।1951 – संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतिम संकीर्ण गेज पैसेंजर ट्रेन 'सैन जुआन एक्सप्रेस' सेवा समाप्त की गयी।

1953 – आईरिश समुद्र में नौका दुर्घटना में 130 यात्रियों और नाविकों की मौत हुई। ब्रितानी नौका प्रिंसेज़ विक्टोरिया उत्तरी आयरलैंड जा रही थी जब ये दुर्घटना घटी।

### राजनीति — रिपब्लिकन पार्टी प्रतिक्रिया देने में सबसे आगे

# बाइडेन पर ईरान पर 'जवाबी हमला' करने का दबाव

**वाशिंगटन,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। जॉर्डन में 'टॉवर 22' नामक सैन्य चौकी पर एक ड्रोन हमले में कम से कम तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए और 34 से ज्यादा घायल हो गए। इसके बाद रिपब्लिकन पार्टी (जीओपी/ग्रैंड ओल्ड पार्टी) का राष्ट्रपति जो बाइडेन पर ईरान पर 'जवाबी हमला' करने का दबाव है। मध्य पूर्व में अमेरिकी ठिकानों पर अब तक हुए 150 मिसाइल हमलों में से, यह पहली बार है, जब आतंकवादियों ने पेंटागन की रक्षा ढाल को तोड़ दिया और सैन्य कर्मियों को मार डाला।



■ एक ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक की हो गई थी मौत

रिपब्लिकन की प्रतिक्रिया 2024 में सबसे आगे चल रहे जीओपी (ग्रैंड ओल्ड पार्टी के) उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल इस्लामिक राज्य के 6 बिलियन डॉलर के तेल राजस्व को स्थिर न करने का हवाला देते हुए, ईरान के सामने आत्मसमर्पण करने की बाइडेन की विदेश नीति की आलोचना करने के एक दिन बाद आई है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि सैन्य उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि बाइडेन ने कहा कि इसके खिलाफ जांच और संतुलन है। भले ही राष्ट्रपति बाइडेन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने अपनी पसंद के समय और स्थान पर जवाबी हमला करने की शपथ ली हो, लेकिन हमले पर अपरिहार्य अमेरिकी प्रतिक्रिया ने मध्य पूर्व युद्ध की और बढ़ने की आशंका को बढ़ा दिया है। क्षेत्र में तनाव पहले से ही बढ़ रहा है क्योंकि इजरायल-हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्धविराम अभी हो नहीं पा रहा है। युद्ध शेष बंधकों की वापसी के किसी भी समाधान के बिना लंबा खिंच रहा है। रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग के साथ बैठक से पहले पेंटागन में कार्रवाई की शपथ ली। मीडिया ने ऑस्टिन के हवाले से कहा, राष्ट्रपति और मैं अमेरिकी सेना पर हमले बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम अमेरिका और हमारे सैनिकों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कार्रवाई करेंगे। राष्ट्रपति बाइडेन ने भी जवाब देने का वादा किया है। लेकिन, जीओपी सांसद निश्चित रूप से राष्ट्रपति के आलोचक होंगे क्योंकि 2024 के चुनाव में बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दोबारा मुकाबला निकट प्रतीत होता है। यूएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान पर सीधे हमले से कुछ भी कम, कांग्रेस में कुछ रिपब्लिकन को खुश नहीं करेगा। रिपब्लिकन हाउस के बहुमत नेता स्टीव स्कैलिस ने कहा कि त्रासदी को टाला जा सकता था। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, अब कई वर्षों से बाइडेन ने ईरान को अरबों डॉलर भेजकर और हमारे सैनिकों के खिलाफ उनकी आक्रामकता को सहन करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## दुनिया को जानें

# न्यूजीलैंड में कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

**वेलिंगटन,** 30 जनवरी (एजेंसयां)। न्यूजीलैंड ने कॉस्मेटिक उत्पादों में रसायनों के इस्तेमाल पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा करने वाला यह पहला देश बन गया है। पर्यावरण संरक्षण प्राधिकरण (ईपीए) के अनुसार सौंदर्य प्रसाधनों में इन रसायनों पर प्रतिबंध लगाना चल रही प्रतिक्रिया का हिस्सा है जिसमें न्यूजीलैंड के पर्यावरण में सभी पीएफएएस-अग्निशामक फोम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना और पीएफएएस के पृष्ठभूमि स्तरों का परीक्षण करना शामिल है।

ईपीए के पुनर्मूल्यांकन प्रबंधक शॉन प्रेसो ने कहा पीएफएएस का उपयोग कभी-कभी नेल पॉलिश, शेविंग क्रीम, फाउंडेशन, लिपस्टिक और मस्कारा जैसे उत्पादों में किया जाता है। इन्हें त्वचा को चिकना करने या कॉस्मेटिक उत्पादों को अधिक टिकाऊ, फैलने योग्य और पानी प्रतिरोधी बनाने के लिए उपयोग जाता है। ये रसायन आसानी से टूटते नहीं हैं, वे हमारे शरीर में जमा हो सकते हैं और कुछ उच्च स्तर पर जहरीले हो सकते हैं।

# प्रादेशिकी

## सैनिक राजेंद्र सिंह का पार्थिव शरीर पंच तत्व में विलीन

**कोटद्वार।** सिक्किम आर्मी सप्लाई कोर में तैनात सैनिक राजेंद्र सिंह (42) का पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह कोटद्वार के जशोधरपुर स्थित उनके आवास पर लाया गया। यहां से से पूरे सैनिक सम्मान के साथ पार्थिव शरीर कोटद्वार के मुक्तिधाम में ले गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैनिक राजेंद्र सिंह की सिक्किम में संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि वह अपने स्लीपिंग बैग में सो रहे थे। और अगले दिन वह सुबह मृत अवस्था में मिले।

## वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी विधायक प्राथमिकताएं: सक्खू



■ यूआईडीएफ के तहत शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण व वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी विधायक प्राथमिकताएं: मुख्यमंत्री

**शिमला,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने, आज यहां वार्षिक योजना 2024-25 के लिए विधायक प्राथमिकताओं पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। दूसरे दिन के पहले सत्र में जिला कांगड़ा, किन्नौर तथा कुल्लू के विधायकों ने अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं आरम्भ की गई हैं। सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के उपेक्षित वर्ग को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन-यापन कर सकें।

उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन स्तर को उपर उठाने एवं स्थानीय विकास में इन बैठकों का विशेष महत्व है। वार्षिक योजना 2024-25 में प्रत्येक विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित पांच प्राथमिकताएं प्रस्तावित कर सकते हैं। इनमें सड़कें एवं पुल, लघु सिंचाई योजनाएं, ग्रामीण पेयजल/मल निकासी की एक-एक योजना अथवा किसी एक मद में तीन अथवा दो प्राथमिकताएं प्रस्तावित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रख-रखाव से सम्बन्धित एक प्राथमिकता तथा परिवहन विभाग के अन्तर्गत चार्जिंग स्टेशन सहित इलैक्ट्रिक-बस चलाने के लिए विधायक एक प्राथमिकता शामिल कर सकते हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नाबार्ड से ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आर.आई.डी.एफ.) के तहत केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण योग्य गतिविधियां ही पात्र हैं। ऐसे में नगर निगमों के अन्तर्गत आने वाले शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के निर्माण, वित्त पोषण के लिए एवं विषम क्षेत्रीय विकास की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा सम्बन्धित विधायकों से प्राथमिकताएं मांगकर शहरी अवसंरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) के तहत वित्त पोषण के लिए भेजी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन स्वीकृतियों के मामलों में तेजी आई है। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली एफसीए तथा एफआरए केसों की समीक्षा बैठकों में संबंधित विधायक को भी बुलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य सरकार ने विधायक निधि से भूमिगत केबल बिछाने तथा मुख्यमंत्री लोक भवन के निर्माण कार्य के लिए भी धन उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है, ताकि आय के साधन बढ़ें और प्रदेश आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत परिवहन निगम की बसों को ई-बसों से चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है तथा राज्यभर में ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सीमित संसाधनों से आर्थिकी पर बोझ जरूर बढ़ा है, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत तक सुधार भी आया है।

**जिला कांगड़ा** : नूरपुर से विधायक रणबीर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तारीकरण का आग्रह किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र खुखलेड़ के निर्माण तथा सदवां उप-तहसील के नए भवन के निर्माण, भूमि-कटाव रोकने के लिए चक्की और जबर खड्डु में चैनलाइजेशन का आग्रह किया। उन्होंने नशा माफिया पर लगाम लगाने पर भी सुझाव दिए। इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन ने अपने चुनाव क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने, बसंतपुर स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाने तथा नए शिक्षण संस्थान खोलने की बजाय पुराने संस्थानों को सुदृढ़ करने का आग्रह किया। उन्होंने आईटीआई गंगथ में नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने, बहुतकनीकी कॉलेज खोलने तथा भदरोहा में पुलिस चौकी खोलने की मांग की। उन्होंने नशा तथा खनन माफिया पर नकेल कसने के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। फतेहपुर से विधायक भवानी सिंह पठानिया ने निर्माणाधीन रे कॉलेज तथा संयुक्त कार्यालय भवन फतेहपुर के कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने फतेहपुर में विद्युत बोर्ड का वृत्त कार्यालय खोलने तथा शाह नहर की मरम्मत के लिए समुचित धनरशि उपलब्ध करवाने का आग्रह भी किया। देहरा से विधायक होशियार सिंह ने क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा बेहतर वन प्रबंधन से आर्थिक संसाधन बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने इमारती लकड़ी पर आधारित उद्योग स्थापित करने तथा प्रदेश के मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर्ची के माध्यम से राजस्व बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने लगभग 7000 पौंग बांध विस्थापितों के मुद्दे को केंद्र सरकार से उठाने का आग्रह भी किया।

## कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी : कश्यप



**शिमला,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी सरकार है।

जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में कर्मचारी सड़कों पर है और अपना अधिकार मांग रहा है उसे पूर्ण रूप से स्पष्ट होता है कि यह सरकार कर्मचारी विरोधी है। हिमाचल प्रदेश में सभी वर्गों के कर्मचारी चाहे वह डॉक्टर, आईपीएस, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, आउटसोर्स, एसएमसी, एचआरटीसी, बिजली बोर्ड, पेंशन भोगी, सभी निगम और बोर्ड सभी परेशान और हताश है।

उन्होंने कहा की पेंशनरों को राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पूर्ण आशा थी कि पेंशनरों के देय आर्थिक लाभों पर कोई घोषणा होगी, परंतु पेंशनरों को निराशा ही मिल पाई। उम्मीद थी कि पेंशन संशोधन की 80 फीसदी बकाया राशि, ग्रेच्युटी, लीव-एन-कैशमेंट, कम्युटेशन, महंगाई भत्ते की किस्तें, चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बज़ट न मिलना आदि को पूरा करने हेतु कम से कम महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने की घोषणा तो हो जाएगी। नई सरकार का कार्यकाल एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है, परंतु वरिष्ठ पेंशनरों के प्रति सरकार की उदासीनता बढ़ती जा रही है। इलाज़ के लिए अपनी जेब से खर्च की गई राशि के दौरान लाखों के चिकित्सा बिलों का वर्षों से विभागों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। बहुत से पेंशनर या फैमिली पेंशनर इस दुनिया को छोड़ चुके हैं। मृतक पेंशनरों के वैधानिक उत्तराधिकारियों को सरकार की ओर से अभी तक एक पैसा तक नहीं मिल पाया है।

उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा शास्त्री पद के लिए आरएंडपी में बदलाव किया गया है। इसके खिलाफ बेरोजगार शास्त्रियों ने शिमला में संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के बैनर तले सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संघ ने सरकार पर संस्कृत को बढ़ावा देने की बजाय इसको खत्म करने के आरोप लगाए हैं। भारतीय जनता पार्टी इस बात से सहमत है। सरकार ने शास्त्री पदों के लिए एनसीटीई का हवाला देकर आर एंड पी रूल बदल दिए हैं जिससे शास्त्रियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। सरकार ने शास्त्री पदों के लिए बीए के साथ संस्कृत और बीएड को मान्यता दे दी है और शास्त्रियों को बीएड करने को कहा जा रहा है। जबकि चार से पांच हजार शास्त्री प्रदेश में बेरोजगार हैं।

कश्यप ने कहा की स्थायी पॉलिसी की मांग को लेकर एसएमसी शिक्षकों ने एक बार फिर क्रमिक अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। हम इन कर्मचारियों के साथ है। प्रदेश में 2555 शिक्षक अभी तक अपने हकों के इंतजार में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा था कि उनके लिए कैबिनेट सब कमेटी बन गई है। 28 जून 2023 को सरकार की ओर से कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया था लेकिन यह कमेटी आज तक नहीं बनी। इसके बाद एमएमसी के सदस्य दोबारा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिले।

**सार संक्षेप**

### खाई में गिरी बेकाबू कार, घूमने आए पति पत्नी घायल

**मसूरी।** मसूरी देहरादून मार्ग पर सोमवार देर रात को कोलूखेत के पास एक टैक्सी कार यूके 07 टीडी 0114 अनियंत्रित होकर पहाड़ी से गिर गई। हादसे में टैक्सी में सवार सुखविंदर और उनकी पत्नी चरणजीत कौर निवासी संजय कॉलोनी पटेल नगर देहरादून घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से देहरादून हायर सेंटर अस्पताल भेजा गया। मसूरी पुलिस ने बताया कि सुखविंदर अपनी पत्नी चरणजीत कौर के साथ मसूरी घूमने के लिये आये थे। वापस देहरादून जाते समय कोलूखेत हनुमान मंदिर मसूरी रोड के पास उनकी कार सड़क से नीचे गिर गई। हादसा होने की सूचना पाकर मसूरी पुलिस 108 एंबुलेस के साथ घटना स्थल पर पहुंची। दोनों घायलों को रेस्क्यू कर पहाड़ी से निकाला गया। एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को जिला अस्पताल कोरोनेशन देहरादून के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

### प्रदेश भर में बारिश के आसार

**देहरादून।** प्रदेश भर में 31 जनवरी और एक फरवरी को बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं। इसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 31 जनवरी को प्रदेश भर में गर्जन और बिजली चमकने के साथ बारिश होने के आसार हैं। जबकि पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। ऐसा ही हाल फरवरी के शुरुआत में भी देखने को मिल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा, पश्चिमी विक्षोभ के बढ़ने से बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इससे तापमान पर भी असर पड़ेगा। हालांकि आने वाले दिनों में सामान्य तापमान में ज्यादा गिरावट दर्ज नहीं की जाएगी।इस साल दिसंबर-जनवरी में कोल्ड डे ने नया रिकॉर्ड बनाया है। यही वजह रही कि लोगों को पहाड़ से ज्यादा मैदानों में ठंड ने सताया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आमतौर पर इन दोनों महीनों में बारिश-बर्फबारी होने से शीत दिवस की संभावना कम होती है। लेकिन इस बार बारिश न होने से चार-पांच दिन शीत दिवस जैसी स्थिति रही।

### राष्ट्रपिता को सीएम धामी ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के दिए उपदेश आज भी प्रासंगिक है। उनके आर्दशों पर चलकर युवा देश में सभ्य समाज का निर्माण कर सकते है।

### सुडोकू 6452 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

## नैनी सैनी एयरपोर्ट से शुरू हुई हवाई सेवा

**पिथौरागढ़,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। पिथौरागढ़ में स्थित नैनी सैनी हवाई पट्टी से मंगलवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हवाई सेवा का शुभारंभ किया। इससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।



धामी सरकार के प्रयासों के फलस्वरुप मंगलवार को बहुप्रतीक्षित ष्पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवाष् का शुभारंभ हो चुका है। इस हवाई सेवा के शुरू होने से जहां स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होना जिले के लोगों के लिए सपना बन गया था। हवाई सेवा शुरू करने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन तक हुए। पिछले वर्ष पिथौरागढ़ के विधायक मयूख महर धरने पर तक बैठ गये थे। हर चुनाव में नैनी सैनी से हवाई सेवा शुरू करने को लेकर राजनीति दलों के द्वारा जमकर राजनीति भी की गयी। वहीं इसके माध्यम से सीमांत क्षेत्र का पर्यटन भी और अधिक विस्तारित होगा, जिससे स्थानीय लोगों की। आखिरकार मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फ्लाई बिंग कम्पनी के 19 सीटर विमान से नैनी सैनी पहुंचकर हवाई सेवा शुभारंभ किया। एयरपोर्ट मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि फ्लाई बिंग कम्पनी के द्वारा दो फरवरी से हवाई सेवा सप्ताह में तीन दिन शुरू की जा रही है। सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को नैनी सैनी एयरपोर्ट से जहाज उड़ेंगे। पिथौरागढ़ से देहरादून और पिथौरागढ़ से पंतनगर तक सेवा शुरू होगी।

## अरब हेल्थ 2024 एक्सपो में 2300 करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित हुए, हिमाचल में निवेश का धरातल तैयार हुआ

**शिमला,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की ओर से अरब हेल्थ 2024 में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए गए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मेडिकल डिवाइस और फार्मा क्षेत्र के निवेशकों के साथ महत्वपूर्ण संबंध स्थापित हुए। इस दौरे के दौरान आज संभावित निवेशकों के साथ सफल बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित हुई। इस दौरे के दौरान 2300 करोड़ के निवेश संबंधी एमओयू हस्ताक्षरित हुए। उनका कहना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने में निवेशकों ने अत्यधिक रूचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, जापान और अन्य देशों की अग्रणी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले निवेशकों की ओर से हिमाचल में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच और निवेश संबंधी वातावरण से निवेशक प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित हो रहे बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क से राज्य में मजबूत फार्मा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होगा।

उन्होंने निवेश प्रोत्साहित करने के संबंध में कहा कि बल्क ड्रग्स पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क दोनों के लिए विनिर्माण की लागत को कम करने के उद्देश्य से निवेशकों से समर्थन प्राप्त हुआ है। एक समारोह के दौरान शुरूआत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के रूप में हुई, जो चिकित्सा उपकरण, थोक दवा, पर्यटन, आयुष और हरित ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में होगी और जिसकी कुल कीमत 2300 करोड़ रुपये से अधिक है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान उपस्थित प्रमुखता से विधायक चंद्र शेखर, प्रधान सचिव आरडी नजीम, उद्योग विभाग के निदेशक राकेश कुमार प्रजापति, उद्योग विभाग के अतिरिक्त निदेशक तिलक राज शर्मा, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी पार्टनर एवं निदेशक पारस अरोड़ा, इसी कंपनी के वरिष्ठ सलाहकार दिनेश चौहान, वरिष्ठ सलाहकार भी मौजूद थे।

### एमओयू का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है

क्रमांक, सेक्टर, राशि करोड़ में
1 बल्क ड्रग, 1100 करोड़
2 चिकित्सा उपकरण, 295 करोड़
3 पर्यटन/आयुष, 350 करोड़
4 हरित ऊर्जा, 350 करोड़
5 हेल्थकेयर, 250 करोड़
कुल, 2300 करोड़

## अधेड़ की हत्या कर शव नाले में फेंका

**हरिद्वार।** मंगलौर क्षेत्रांर्तगत गाँव के एक नाले में खून से लथपथ अधेड़ का शव मिलने से पूरे गाँव मे सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और जल्द खुलासा करने की बात कही गयी है। बताया जा रहा है कि मृतक अधेड़ की हत्या उसके घर में ही की गयी थी क्योंकि उसका बिस्तर खून से सना हुआ मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह मंगलौर कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहम्मद पुर जट्ट गांव के एक नाले में शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं सूचना के बाद एसएसपी हरिद्वार, एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, सीओ मंगलौर आदि मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव 54 वर्षीय रमेश पुत्र घसीटा का है जिसकी किसी धारदार हथियार से हत्या की गई है। पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि पुलिस गहनता से पूरे मामले की जाँच कर रही है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि आज प्रातः गांव मोहम्मदपुर जट्ट के एक व्यक्ति रमेश पुत्र घसीटा जो अविवाहित थे व अकेले ही रहते थे (उम्र 56 वर्ष) की हत्या कर हत्यारों ने उसका शव गांव के नाले में फेंक दिया गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की और वह मृतक के घर पहुंची जहां चारपाई पर खून व कुछ मांस के अवशेष थे। जिस पर पुलिस की फारेंसिंक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र करना शुरू किये और पुलिस जांच में जुट गयी है। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल, पुलिस अधीक्षक देहात स्वप्न किशोर, पुलिस अधीक्षक अपराधध्ट्रैफिक पंकज गैरोला, क्षेत्राधिकारी रुडकी पल्लवी त्यागी, एएसपी जितेंद्र मेहरा एवं फॉरेंसिक टीम, स्वान दल पहुंचे।

## पौड़ी में तैनाती रुड़की में ठेकेदार को किया 69 लाख का भुगतान



■ दूसरे के अधिकार क्षेत्र में काम करने के माहिर पेयजल निगम अभियन्ता संजय सिंह

■ मुख्य अभियन्ता पद पौड़ी में तैनात होने के बावजूद चहेते ठेकेदार को दून में दिया 4 करोड़ का लाभ

**देहरादून,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड पेयजल मुख्यालय में तैनात मुख्य अभियन्ता संजय सिंह का विवादों से लम्बा नाता रहा है। वह किसी ने किसी अवैध काम को लेकर चर्चाओं में रहते है। मंगलवार को भी उत्तरांचल प्रेस क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में भी उनके दो कारनामों का खुलासा हुआ है। उन्होंने अमृत योजना में रूड़की से स्थानान्तारण के बाद अपने चहते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए अधीक्षण अभियन्ता पौड़ी में तैनात होते हुए 70 लाख का भुगतान कर दिया। वहीं दूसरी ओर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए मोथरोवाला से आराघर तक बिछाई गई सीविर लाइन में ठेकेदार की ओर से सरकार व विभाग को दी जाने वाली प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी व एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी लगभग 7.49 करोड़ से घटाकर 2.81 करोड़ कर दी। जिसका अधिकार अधीक्षण अभियन्ता को होता है लेकिन संजय सिंह ने मुख्य अभियन्ता पौड़ी गढवाल रहते हुए इस कारनामें को अंजाम दिया। एडवोकेट शाहिद रजा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि मामला रुड़की के प्रोजेक्ट इंप्लीमेन्टशन यूनिट, अमृत योजना का है। जहां संजय सिंह अधिशासी अभियन्ता के पद पर तैनात थे और उनका प्रमोशन अधीक्षण अभियन्ता पद पर होने के बाद 1 जून 2021 को उनका स्थानान्तरण प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता निर्माण मण्डल पौड़ी में किया गया और उन्होंने 4 जून 2021 को पौड़ी में पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन अपने चहते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए उन्होंने प्रोजेक्ट इंप्लीमेन्टशन यूनिट, अमृत योजना रुड़की में 5 जून 2021 से लेकर 28 जून 2021 नौ बार में 69,92,826 रुपये का भुगतान अवैध तरीके से किया। क्योंकि स्थानान्तरण के बाद जो अधिशासी अभियन्ता तैनात किया जाएगा यह उसकी जिम्मेदारी होगी। प्रोजेक्ट इंप्लीमेन्टशन यूनिट, अमृत योजना को कोई अतिरिक्त प्रभार भी इंजीनियर संजय सिंह का नहीं दिया गया था। जिसकी शिकायत महाप्रबन्धक से की गई तों जांच में वित्तीय अनियमितता पाई गई और जांच अधिकारी ने एक जांच कमेटी बनाकर जांच करने की संस्तुति की।

दूसरा मामला आराघर से मोथरोवाला तक सीवर लाइन बिछाने में भी इंजीनियर संजय सिंह ने खेल किया है। अपने चहेते ठेकेदार को काम दिलाने के लिए मुख्य अभियन्ता गढ़वाल मंडल होते हुए देहरादून की आराघर से मोथरोवाला तक सीवर लाइन को पहले की गई निविदा निरस्त कराई गई जबकि मुख्य अभियन्ता मुख्यालय देहरादून को निविदा निरस्त करने का अधिकार था। जिस ठेकेदार को दूसरी बार निविदा निकालने पर काम दिया गया उसे प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी व एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी की तौर पर 7,49,39,715.94 रुपयेजमा करने थे लेकिन इंजीनियर संजय सिंह ने 2,81,08,260.00 रुपये जमा करने के लिए कहा। यह पत्र इंजीनियर संजय सिंह ने मुख्य अभियन्ता गढ़वाल रहते हुए पत्र लिख कर कहा।

## राधा रतूड़ी होंगी उत्तराखण्ड ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस



■ 31 जनवरी को रिटायर हो रहे है डा. संधु

■ 1988 बैच की आइएएस अधिकार है रतूड़ी

■ प्रदेश के कई महत्वपूर्ण पदों पर निभा चुकी है जिम्मेदारी

**देहरादून,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड का अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इसकी घोषणा हो गई है। वरिष्ठ आईएएस राधा रतूड़ी उत्तराखंड के मुख्य सचिव की कुर्सी संभालेंगी। वर्तमान मुख्य सचिव एसएस संधू के रिटायरमेंट के बाद राधा रतूड़ी उत्तराखंड में ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस होंगी। एसएस संधू के बाद राधा रतूड़ी उत्तराखंड में सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी हैं। इस समय राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव हैं। राधा रतूड़ी 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने प्रदेश में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां बखूबी संभाली हैं। वर्तमान में राधा रतूड़ी मुख्यमंत्री धामी के अपर मुख्य सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रही हैं। 31 जनवरी को जैसे ही वर्तमान मुख्य सचिव एसएस संधू रिटायर होंगे, राधा रतूड़ी उत्तराखंड की मुख्य सचिव बन जाएंगी। राधा रतूड़ी के नाम की घोषणा से पहले उत्तराखंड में मुख्य सचिव के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। चर्चा थी कि क्या एसएस संधू को फिर से सेवा विस्तार मिलेगा या फिर उनके बाद सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी उत्तराखंड में ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस बनेंगी। उत्तराखंड को अब पहली महिला मुख्य सचिव मिलने जा रही हैं। सीनियर आईएएस अधिकारी और शासन में अपर मुख्य सचिव के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रही राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बनेंगी। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी फिलहाल शासन में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी देख रही हैं। वो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सबसे करीबी अफसरों में शामिल हैं। उनके पास अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री की भी जिम्मेदारी है। मान मुख्य सचिव एसएस संधू रिटायर हो रहे थे। तब केंद्र सरकार से उन्हें 6 महीने का सेवा विस्तार मिल गया था।

### मुख्य सचिव डा. एसएस संधु को नहीं मिला सेवा विस्तार

राधा रतूड़ी के नाम की घोषणा से पहले उत्तराखंड में मुख्य सचिव के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। चर्चा थी कि क्या एसएस संधू को फिर से सेवा विस्तार मिलेगा या फिर उनके बाद सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी उत्तराखंड में ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस बनेंगी? दरअसल साल 2023 में 31 जुलाई को ही वर्तमान मुख्य सचिव एसएस संधू रिटायर हो रहे थे। तब केंद्र सरकार से उन्हें 6 महीने का सेवा विस्तार मिल गया था।

### राधा रतूड़ी होंगी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव

राधा रतूड़ी के नाम की आधिकारिक घोषणा के बाद उत्तराखंड को पहली महिला मुख्य सचिव मिल जाएगी। ऐसे में सीनियर आईएएस अधिकारी और शासन में अपर मुख्य सचिव के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहीं राधा रतूड़ी उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव बन जाएंगी। 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी फिलहाल शासन में अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी देख रही हैं। वो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सबसे करीबी अफसरों में शामिल हैं। उनके पास अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री की भी जिम्मेदारी है। राधा रतूड़ी उत्तराखंड में विभिन्न जिम्मेदारियां में रह चुकी हैं। राज्य में कई जिलों की जिलाधिकारी के तौर पर उन्होंने जिम्मेदारी देखी है। महिला एवं सशक्तिकरण विभाग को उन्होंने लंबे समय तक देखा है। महिलाओं के विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी गंभीरता भी दिखाई दी है।

## अंगीठी के धुएं से दम घुटने पर तीन लोगों की मौत

नैनीताल, 30 जनवरी (देशबन्धु)। कोयले की गैस लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए कोयले की गैस वाले स्थान में हवा होनी जरूरी है। मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में हाईकोर्ट के समीप अस्थाई रूप से रहने वाले उत्तर प्रदेश(यू.पी.)के तीन मजदूरों की मौत हो गई। रविवार से अंगीठी में जलाई गई आग सोमवार देर रात तक जलती रही जिससे गैस उत्पन्न हो गई। इससे, तीनों मजदूर अपने अस्थाई ठिकाने में सोते रह गए। कमरे में हवा की जगह नहीं होने के कारण कोयले की गैस उन्हें लग गई और वह असहज हो गए। साथियों ने जब उन्हें देखा तो उन्हें तत्काल डेढ़ बजे रात बी.डी.पाण्डे अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने 25 वर्षीय राजकुमार और 21 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया, जबकि 21 वर्षीय मनिंदर को हल्द्वानी हायर सेंटर रैफर किया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार सवेरे मनिंदर ने भी दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि यह श्रमिक हाईकोर्ट में बन रहे एक निर्माण के लिए यू.पी. से आए थे और वह वहीं पास में अस्थाई निर्मित कमरे में रह रहे थे, जहां ठंड से बचाव के लिए जलाई गई अंगीठी की गैस से तीनों की जान चली गई। वरिष्ठ चिकित्सक एम.एस.दुगताल ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए जलाए गए कोयले की गैस घातक होती है और लापरवाही जान ले लेती है। उन्होंनें कहा कि कमरे में शुद्ध हवा के आने का स्थान जरूर होना चाहिए और बीच-बीच में वहां मौजूद लोगों ने बाहर जाकर शुद्ध हवा में सांस लेनी चाहिए।

# प्रादेशिकी

## पीसीएस के 220 पदों के लिए छह लाख आवेदक

**प्रयागराज,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस ) 2024 के 220 पदों के लिए करीब छह लाख आवेदकों ने आवेदन किया है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि सोमवार तक थी। लोक सेवा आयोग पीसीएस प्री परीक्षा आगामी 17 मार्च को आयोजित कराने जा रहा है। मुख्य परीक्षा 17 जुलाई को प्रस्तावित है। आयोग के सचिव ने परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग की वेबसाइट ओवरलोड हो जाने के कारण अंतिम दिन आवेदको को फार्म भरने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा। देर शाम तक अभ्यर्थी फार्म भरने के लिए जूझते रहे। ज्ञातव्य है कि आयोग अब अभ्यर्थियों से विभिन्न परीक्षाओं के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन ( ओटीआर) के तहत आवेदन करा ले रहा है। इसके तहत अभ्यर्थी सभी दस्तावेजों को आयोग की वेबसाइट पर आवेदित कर देगा।

# व्यापार, सुरक्षा व राष्ट्रीय समृद्धि में उत्तर प्रदेश अग्रणी : राजनाथ

**लखनऊ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार के कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करने में सफल रहा है और घनी आबादी वाला यह राज्य व्यापार, सुरक्षा और राष्ट्रीय समृद्धि के क्षेत्र में अग्रणी

■ **रक्षा मंत्री ने व्यापार व वाणिज्य के बीच व्यापक संबंधों पर प्रकाश डाला**

बन कर उभरा है। उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी 'इन्वेस्ट यूपी' तथा इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नई दिल्ली में भारत-अमरीका संबंधों के सुदृणीकरण विषय पर बोलते हुए सिंह ने कहा कि पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुए हैं। साथ ही प्रदेश के सड़क, रेल, एवं वायु मार्गों में भी व्यापक सुधार हुए



**पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था में व्यापक सुधार हुए हैं : राजनाथ सिंह**

हैं, जिसके चलते उत्तर प्रदेश में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। रक्षा मंत्री ने अमरीका के निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें उत्तर प्रदेश में मौजूद निवेश की विभिन्न संभावनाओं को तलाशना चाहिए। इसके अतिरिक्त, राजनाथ सिंह ने व्यापार और वाणिज्य के बीच व्यापक संबंधों पर प्रकाश डाला और कहा कि इससे कर संग्रह में वृद्धि होती है। यह रक्षा और व्यवसाय दोनों के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने निवेश और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) प्रयासों को बढ़ावा देने की महत्ता बताई, नई प्रौद्योगिकियों एवं नवीन उत्पादों की भूमिका पर बल दिया जो रक्षा और नागरिक दोनों क्षेत्रों में उपयोगी साबित होते हैं। रक्षा मंत्री ने व्यापार और सुरक्षा के बीच सकारात्मक संबंध की ओर इशारा करते हुए कहा कि अमरीका ने लंबे समय से व्यापार समृद्धि और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच अंतरसंबंधों को मान्यता दी है। इस अवसर पर सचिव औद्योगिक विकास एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश ने उत्तर प्रदेश में निवेश की असीम संभावनाओं पर एक प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने राज्य के सुदृढ़ बुनियादी ढांचे, निवेश संगत नीतियों तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के सिद्धांतों के बीच बेजोड़ तालमेल पर प्रकाश डाला। अभिषेक प्रकाश ने उत्तर प्रदेश में उपलब्ध मैन्युफैक्चरिंग, प्रौद्योगिकी और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे विभिन्न सेक्टरों में निवेश अवसरों से सभा को अवगत करवाया।

### उप्र असीम संभावनाओं का प्रदेश : सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं का प्रदेश है, देश के चौथे सबसे बड़े राज्य के तौर पर उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए बेहतरीन मंच प्रदान करता है। प्रकाश ने आगे बताया 24 करोड़ की जनसंख्या राज्य को देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता और श्रमिक बाजार बनाती है। राज्य कृषि/खाद्य प्रसंस्करण से लेकर नवीकरणीय/ सौर ऊर्जा, फार्मा तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है। हाल ही में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर (वाराणसी) के जीर्णोद्धार ने उत्तर प्रदेश को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित किया है। विशाल रोड और एक्सप्रेसवे नेटवर्क तथा जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उत्तर प्रदेश में कनेक्टिविटी अतुलनीय है।

# टीबी के प्रति किया गया जागरूक

**मेरठ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। मवाना सीएससी की टीबी यूनिट पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता



एएनएम और आशा संगिनी की बैठक की गई जिसमें सुपरिटेंडेंट द्वारा टीबी बीमारी फैलने के कारण, लक्षण और इलाजकीपूर्ण जानकारी दी गई। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर शबाना बेगम द्वारा बताया गया की प्रत्येक स्तर पर टीबी के उन्मूलन हेतु टीबी के उन्मूलन हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है अनेकों गतिविधियों की जा रही हैं जैसे कम्युनिटी इंगेजमेंट जिसमें समुदाय के लोगों को जोड़ना है और निम्न स्तर पर जाकर टीबी की स्क्रीनिंग करनी है जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र जैसे रेलवे स्टेशन रोडवेज बस स्टैंड टेंपो स्टैंड आदि पर टीबी के प्रति जागरूकता गतिविधियां अनाउंसमेंट, पोस्टर बैनर के माध्यम से प्रचार और अलग-अल जगरुकता बैठके ,सभी धर्मगुरुका सहयोग स्कूल मदरसा के बच्चों का टीबी के प्रति जागरूकता गतिविधियां उनके माध्यम से रैली आदि करना और छळव् के सहयोग से समुदाय में जागरूकता फैलाना पर जोर दिया। ग्रामीण सेवा समाज संस्था की टीम से क्षेत्र में भ्रमण कर टीबी लक्षण वाले मरीजों से संपर्क साधने और जांच करने में सहयोग करने की अपील ओम प्रकाश ने की। इस दौरान टीबी प्रोग्राम में भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली तमाम सुविधाओं के बारे में बताया गया और साथ ही टीबी मुक्त भारत लक्ष्य 2025 और टीबी की शपथ भी कराई गई।

# ब्लाक मुख्यालय से शुरू होगा ध्वज वंदन और भारत छोड़ो यात्रा

**मेरठ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और पूर्व सांसद व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अजय राय के निर्देश पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी ब्लॉकों में ध्वज वंदना और भारत छोड़ो यात्रा निकाली जाएगी। जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, प्रदेश सचिव रंजन शर्मा व प्रवक्ता हरिकिशन अम्बेडकर ने कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि यात्रा की रूपरेखा के बारें में बताया कि प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर ध्वज वंदना, यात्रा झांकी के रूप में भारत जोड़ो नया यात्रा को प्रतिबंधित करेगी, इसके लिए एक गाड़ी पर साउंड सिस्टम के साथ तैयार किया जाएगा,जिसमें मोहब्बत की दुकान लिखा होगा।

गाड़ी को राष्ट्रीय ध्वज एवं कांग्रेस पार्टी के ध्वज से सजा यह रथ ब्लॉक वार्ड के सभी न्याय पंचायत और बाजारों से होकर गुजरे गी। आबादी और बाजार वाले क्षेत्र हो वही पद यात्रा की जायेगी। यात्रा के मार्ग में पढ़ने वाले धार्मिक स्थलों पर प्राथना व महापुरुषों कि प्रतिमाओ पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।यदि मार्ग में किसी स्वतंत्र संग्राम सेनानी परिवार का घर पड़े तो वहां जाकर परिवार से मिलना सम्मान देंगी,मार्ग में बुजुर्ग कांग्रेसी परिवार का घर पड़े तो उन्हें इसी की सूचना देते हुए उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा,मार्ग में पढ़ने वाले धार्मिक





■ **भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रम रूपरेखा तैयार**

स्थलों के दर्शन पूजन किया जाएगा। 30 जनवरी 2024 को जिला मुख्यालय के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पहुंचकर रामधुन बजाई जायेगी। यात्रा के लिए ब्लॉक वार्ड प्रभारी नियुक्त करके जिला शहर अध्यक्ष गण प्रदेश मुख्यालय को सूची भेजेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता हरिकिशन अम्बेडकर मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### सुभारती में युवा उत्सव 2023-24 का रंगारंग शुभारंभ

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव 2023-24 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा नियुक्त सुभारती युवा उत्सव के मुख्य पर्यवेक्षक डॉ.अरुण पाटिल, तकनीकी पर्यवेक्षक दीपक कुमार झा, सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, युवा उत्सव की संयोजक डॉ.भावना ग्रोवर ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान की ओर से भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सभी पदाधिकारियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। विश्वविद्याल के जनरल मोहन सिंह ग्राउंड में प्रतिभागियों के सांस्कृतिक जुलूस के साथ युवा उत्सव का भव्य आगाज हुआ। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। देश की समृद्ध संस्कृति की झलकियों से भरा यह अनोखा जुलूस दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक जुलूस में झूमते, नृत्य करते युवा कलाकारों के ढोल नगाड़ों की ध्वनि से पूरा सुभारती परिसर गुंजायमान हो उठा।

### पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब ने मनाया स्थापना दिवस

**मेरठ।** पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर बलवंत नगर स्थित क्लब कार्यालय पर न्यूटीमा हॉस्पिटल कल्याणी पथ लैब्स के सहयोग से रक्त जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मेरठ सांसद राजेंद्र अग्रवाल,क्लब निदेशक आयुष गोयल,पीयूष गोयल व अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर संदीप गर्ग, कल्याणी पथ लैब्स की डायरेक्टर डॉक्टर श्वेता गर्ग ने संयुक्त रूप से भगवान राम के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा पर्यावरण हम हमारे जीवन का अभिनंदन है, सभी लोगों को जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों की सराहना की। क्लब निदेशक आयुष गोयल पीयूष गोयल ने कहां 30 जनवरी 2017 को क्लब की स्थापना की गई थी, क्लब का उद्देश्य निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करना है। शिविर में डेढ़ सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम में उषा किरण, डॉ. स्तुति गिरी, संध्या गर्ग, विपुल सिंघल,प्रशांत कौशिक, लक्ष्मी शर्मा, सुधा गोयल , बनी सिंह चौहान, प्रीतिश ठाकुर, जस्टिस राजेश चंद्रा, सुधांशु सिंघल, रुचि शर्मा,गीता जिंदल, वरुण गोयल, मुकुल गोयल, हर्ष गोयल, ऋषभ गॉड, अनुपम शर्मा, कृष्ण लाल कक्कड़, शालिनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### असम की छात्रा को लेकर महलका का युवक हुआ फरार

**मवाना।** असम में कंबल बेचने का कारोबार करने वाले फलावदा थाना क्षेत्र के गांव महलका निवासी असम से छात्रा को लेकर फरार हो गया। सोमवार देर रात छात्रा की तलाश में असम पुलिस ने आरोपी युवक के घर पर दबिश दी लेकिन आरोपी के घर ताला लगा हुआ मिला। इस संबंध में मेरठ थाना लोहियानगर की जाकिर कालोनी निवासी सुहेब ने फलावदा थाने में तहरीर दी है।

# कई जिलों के जिलाधिकारी बदले

**फर्रुखाबाद,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार ने देर रात कई जिलों के डीएम को बदल दिया। बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है।

अलीगढ़ के डीएम इंद्र विक्रम सिंह को इसी पद पर गाजियाबाद भेजा गया है। गाजियाबाद के डीएम आरके सिंह को कानपुर नगर का डीएम बनाया गया है। कानपुर नगर के डीएम विशाख जी. को अलीगढ़ का डीएम बनाया गया है। फर्रुखाबाद के डीएम संजय कुमार सिंह प्रथम को रामपुर भेजा गया है। वहीं, रामपुर के डीएम रविंद्र कुमार मंदर को जौनपुर का डीएम बनाया गया है। गाजियाबाद और रामपुर के डीएम को चुनाव आयोग की तैनाती की तीन साल की अवधि के मानक के तहत हटाया गया है।

■ **फर्रुखाबाद के डीएम संजय कुमार सिंह का रामपुर तबादला**

इसके अलावा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के विशेष सचिव दिव्यांशु पटेल को मुरादाबाद का नगर आयुक्त और आगरा के मुख्य विकास अधिकारी मनिकनंदन ए. को बरेली विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जौनपुर अनुज झा को एसीईओ राज्य निर्वाचन आयोग बनाया गया। श्रम विभाग में तैनात निशा आनंद डीएम अमेठी बनाई गईं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**मेरठ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के निर्देश पर आज विकास भवन सभागार में सीडीओ नूपुर गोयल की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आहूत की गई। बैठक के पूर्व में व्यापारियों द्वारा



उठाए गए प्रकरणों पर की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत होते हुए व लंबित प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए सीडीओ द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि व्यापारियों से संबंधित लंबित प्रकरण का प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में हापुड रोड स्थित इमलियान नाले की पुलिया से पूर्व तक भगत सिंह मार्केट तक होते हुये मक्का चीना नाला की साफ-सफाई हेतु मांग की गई, जिस पर सीडीओ द्वारा संबंधित अधिकारी को सफाई से संबंधित रोस्टर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। वैशाली कालोनी में टूटी फूटी गड्ढा युक्त सडक के किनारे निर्माण कराये जाने के संबंध में संबंधित अधिकारी ने बताया कि इस कार्य हेतु टेंडर जारी हो गया है निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करा दिया जायेगा।

जवाहर क्वार्टर्स वार्ड-52 पैठ एरिया टायर वाली गली में एक साईड नाली का निर्माण कराने का निवेदन किया गया जिस पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को उक्त स्थान का निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक मे अवैध अतिक्रमण, शिव चौक छीपी टैंक चौरोह पर पेशाब घर बनवाने, अवैध कब्जा हटाने, नालो तथा शौचालयों की साफ-सफाई, मॉडल पार्क निर्माण, मेडिकल थाने के स्थानांतरण जैसी समस्याधमांग पर सीडीओ द्वारा नगर निगम मेरठ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए।

# सपा गठबंधन से प्रदेश में बदलाव संभव



**मवाना,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे पीडीए पखवाड़े के अन्तर्गत हस्तिनापुर विधानसभा के ग्राम मटौरा में एक जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की। जन चौपाल की अध्यक्षता महिला सभा जिला अध्यक्ष मुर्दुला यादव ने की। संचालन सपा नेता इशरत जहां ने किया, जिसमें पहुंचे सपा नेता पूर्व प्रदेश सचिव किशोर टांक ने आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए की महत्ता पर जोर दिया। किशोर टांक ने बताया कि पीडीए यानी पिछड़े दलित अल्पसंख्यक ही देश में बदलाव ला सकते है। सामाजिक न्याय सत्ता में भागीदारी महिला आरक्षण पीडीए के साथ जातीय जनगणना प्रत्येक स्तर पर आनुपातिक भागीदारी राजनीतिक ताकत के लिए ये सब पीडीए से ही संभव है। समाजवादी पार्टी गठबंधन ही प्रदेश में बदलाव ला सकता है। इस मौके पर सपा नेता कृष्ण पाल यादव ग्राम प्रधान सुदामा यादव मुकेश यादव सचिन गुर्जर संदीप जाटव मनोज बंसल डॉक्टर आदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीजे, डीएम व एसएसपी ने सुरक्षा का लिया जायजा

**मेरठ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) व सूरजकुंड बाल गृह का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी द्वारा बैरक का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से परिजनो की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अधिकारियों ने नारी निकेतन में पाकशाला का निरीक्षण किया गया। सूरजकुंड बालगृह पर भोजनालय, स्वास्थ्य केन्द्र, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर, हैल्थ रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरीराम, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, जेल अधीक्षक जिला कारागार शशिकांत मिश्र आदि मौजूद रहे।



■ **जिला कारागार, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, नारी निकेतन व सूरजकुंड बाल गृह का निरीक्षण कर जांची सुरक्षा**

# मतदाता जागरूकता से नई ऊर्जा का संचार : डा. मेघराज

**मवाना,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट करने वाले छात्र-छात्राओं को डॉ मेघराज सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में स्वीप गैलरी के साथ विद्यालय को चुनावी पाठशाला के रूप में स्थापित किया है, जिसके लिए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रत्येक गतिविधि को मतदाता जागरूकता में परिवर्तित किया जा रहा है। प्रधानाचार्य डॉ.मेघराज सिंह ने बताया कि निश्चय ही यह विद्यालय मतदाता जागरूकता के रूप में मवाना तहसील का एक आकर्षण का केंद्र है। मतदाता जागरूकता से मतदाता में एक नई ऊर्जा का संचार होता है, जिसमें वोट बनाने से लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने तक सभी कार्यक्रम सम्मिलित हैं। कार्यक्रम में चीफप्रॉक्टर कृष्ण चंद, कोऑर्डिनेटर अर्चना तिवारी, अंजू सिंह, प्रॉक्टर श्रवण कुमार, विभा जैन, मीनाक्षी रस्तोगी, वैशाली राणा, विशेष कुमार, अभिषेक आदि का विशेष सहयोग रहा।

■ **मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल छात्रों का हुआ सम्मान**

# उत्तर प्रदेश की झांकी को मिला द्वितीय पुरस्कार

**लखनऊ,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। सीएम योगी के नेतृत्व में विकास के ट्रैक पर तेजी से दौड़ रहे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में यूपी की मनोरम झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। 'विकसित भारत-समृद्ध विरासत' की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की झांकी को 75वें गणतंत्र दिवस पर द्वितीय पुरस्कार मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक शिशिर को भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। 26 जनवरी को 16 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही 9 अलग-अलग मंत्रालयों व विभागों की कुल 25 झांकियां निकली थीं। इसमें पीपुल्स च्वॉइस के आधार पर उत्तर प्रदेश ने दूसरा स्थान हासिल किया। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की थीम पर सजाई गई उत्तर प्रदेश की इस झांकी ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। साथ ही रैपिड रेल,ब्रह्मोस मिसाइल के प्रदर्शन तकनीक के साथ ही आत्मनिर्भर होते यूपी की झलक पेश कर रहा था। उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का क्षण है। उत्तर प्रदेश को गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षक झांकी के लिए अनवरत पांचवें वर्ष सम्मानित किया गया।



**गणतंत्र दिवस समारोह में विकसित भारत-समृद्ध विरासत थीम पर सजाई गई थी यूपी की झांकी**

**आदेश** | *कमिश्नर ने जेडीसी को दिए जांच के आदेश*

# भ्रष्टाचार की जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी गठित

**मेरठ, 30 जनवरी (देशबन्धु)। भ्रष्टाचार के आरोपो से घिरे आवास विकास के अधीक्षण अभियंता पर अब संकट के बादल छाने लगे हैं। पिछले कई दिनों से लगातार उनकी कारगुजारियों को लेकर समाचार मिल रहे थे। इसी को देखते हुए मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने जांच बैठा दी है। जांच के लिए तीन सदस्य टीम का गठन भी कर दिया गया है। जो कई बिंदुओं पर जांच की तैयारी कर रही है।**

■ **अधीक्षण अभियंता पर गिर सकती है गाज**

गौरतलब रहे कि आवास विकास मेरठ के अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार द्वारा कई ऐसे फैसले लिए गए जिसमें न तो सरकार का लाभ दिखा और न ही आमजन को कोई राहत मिलती दिखी, जबकि इन फैसलों से उनके चहेतो को जरूर मलाई खाने को मिली। उदाहरण के तौर पर अगर बात करें तो जेसीबी का टेंडर किस मंशा से दिया गया था, जिसका सवा दो लाख रूपये बतौर किराया भुगतान किया गया। करीब दो माह बीत जाने के बाद कोई उपयोग नहीं हुआ। सुर्खियों में मामले आने पर टेंडर निरस्त कर दिया गया। इससे केवल सरकार के राजस्व को ही चुना लगा। वहीं निर्माण कार्य को लेकर दिए गए टेंडर प्रक्रिया में खेल कर 28 लाख रूपये अधिक रूपये में निविदा स्वीकार करना कहीं न कहीं उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। उधर जेई अजब सिंह को सहारनपुर से मेरठ सम्बद्ध करना भी कई संदेह पैदा कर रहा है, जबकि आवास विकास परिषद स्थानीय स्तर पर सम्बद्ध नहीं कर सकता। इसके लिए आवास आयुक्त के आदेश होना अनिवार्य होते हैं। इस तरह कई मामलों को लेकर अधीक्षण अभियंता रजीव कुमार पिछले कई दिनों से सुर्खियों में बने हैं। जिसका संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त ने जांच के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर के निर्देश के बाद अपर आयुक्त ने जेडीसी मेरठ को इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

### ये हैं जांच के बिन्दु

- जाग्रति विहार एक्सटेंशन योजना संख्या 11 के अन्तर्गत सेक्टर-2 के पार्ट में आंतरिक्त विकास कार्य के अन्तर्गत सड़क, नाली, सीवर, जलापूर्ति एवं पार्क के निर्माण कार्य को लेकर निविदाएं निकाली गई थी, जिसका टेन्डर देने के बाद निरस्त किया और री-टेन्डर लगभग 28 लाख रुपये अधिक पर किया गया।
- आवास विकास के कार्यों को लेकर जेसीबी को सवा दो लाख रूपये प्रतिमाह पर लगाया और कोई उपयोग नहीं किया। जिसका दो माह के किराये का भार आवास विकास के राजस्व पर पड़ा। सुर्खियों में आने के बाद आनन-फानन में टेंडर निरस्तीकरण।
- अवैध निर्माणों पर कार्यवाही में खानापूर्ति वाला रवैया बरतने के आरोपों पर जांच।
- आला अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों की तैनाती पर भेदभाव भरा रवैया अपनाने के आरोपों की जांच।

# यूपी में दस हजार से अधिक कुष्ठ रोगी चिह्नित

**लखनऊ,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में पिछले दो वर्ष में विशेष अभियान चलाकर दस हजार से अधिक कुष्ठ रोगियों को चिह्नित कर उनका इलाज किया जा रहा है। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश भर में कुष्ठ रोग को जड़ से खत्म करने के लिए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को आईएमए में विभिन्न जन जागरुकता के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है। हमें इसे समझना होगा। कार्यक्रम की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. जया देहलवी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में चलाए गए विशेष अभियान में अब तक 10000 से ज्यादा कुष्ठ रोगियों की तलाश की जा चुकी है। कार्यक्रम में कुष्ठ रोगियों को कंबल, चप्पल एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कुशीनगर की कुष्ठ रोगी चैंपियन नलिनी को ससम्मान मंच पर भी स्थान दिया गया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

**नई पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण फिल्म है प्रेम की पुजारन : खेसारीलाल यादव**

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म प्रेम की पुजारन नई पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण फिल्म है। समरशी फिल्म्स मीडिया एंटरटेनमेंट प्रा. लि. के बैनर से बनी खेसारीलाल यादव, यामिनी सिंह एवं रक्षा गुप्ता स्टारर फिल्म प्रेम की पुजारन 9 फरवरी को रिलीज होगी। खेसारीलाल यादव ने कहा कि हमारी यह फिल्म युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। या यूं कहे कि नई पीढ़ी के लिए यह फिल्म ख़ास है, जो जेनरेशन गैप की कहानी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि फिल्म में हमने दिखाया है कि कोई भी नशा हद से ज्यादा सही नहीं होता है।नशा से शरीर को नुकसान होता है। यह फिल्म बेहद मनोरंजक है। हमने इसकी शूटिंग छह महीने पहले गोरखपुर में की थी, जो अब रिलीज को तैयार है।

## मुझे अंकिता से कोई दिक्कत नहीं : मन्नारा चोपड़ा



**मुंबई,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। 'बिग बॉस 17' के ग्रैंड फिनाले में टॉप 3 तक जगह बनाने वाली अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा ने अभिनेत्री अंकिता लोखंडे के साथ अपने प्यार और नफरत के रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। मन्नारा को अक्सर अंकिता के पति विक्की जैन, जिन्हें वह प्यार से 'विक्की भैया' कहती है, उनके साथ करीबी रिश्ते के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था। अंकिता को अक्सर मन्नारा के बारे में बात करते हुए देखा जाता था और कैसे वह अभिनेत्री के पति से बात करके उसे चिढ़ाती थी। क्या शो खत्म होने के बाद से उन्होंने अपना रिश्ता सुधार लिया है, मन्नारा ने कहा कि मुझे उससे कोई दिक्कत नहीं है। मैं बाद के दिनों में उनसे जुड़ी, जब मैंने विक्की भाई के साथ बातचीत करना शुरू किया और फिर सम्मान की भावना से आप जानते हैं कि जब आप किसी व्यक्ति से बात कर रहे होते हैं तो आपको पत्नी को सम्मान देना होता है। इसलिए, मैंने उसे पूरा सम्मान देने की कोशिश की।

मन्नारा को लगता है कि अंकिता ने इसे सकारात्मक रूप से नहीं लिया कि वह शो की पहली महिला फाइनलिस्ट थीं।

लेकिन, जब तक वह टॉर्चर टास्क नहीं हुआ और हमें सीधे फिनाले में जाने का विकल्प नहीं दिया गया। वहां से मुझे लगता है कि वह इसे बहुत सकारात्मक तरीके से नहीं ले सकी और बहुत कठोर बातें बोलीं, जिससे मुझे वास्तव में दुख हुआ। मैं वास्तव में ज्यादा कुछ नहीं कह सकी क्योंकि विक्की भाई के प्रति मेरे मन में सम्मान है, जिसे मुझे बनाए रखना चाहिए। मन्नारा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह क्या महसूस करती है, लेकिन विक्की भाई के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है और मैं अंकिता जी को भी देना चाहूंगी। घर में अंतिम टॉर्चर टास्क के बाद, मन्नारा और ईशा मालविया के बीच एक बड़ी लड़ाई हुई, जहां उन्होंने उन पर अपमानजनक टिप्पणी की।

### वैज्ञानिकों को चिकित्सकीय रूप से प्राप्त अल्जाइमर का मिला पहला प्रमाण

## 1959 और 1985 के बीच ब्रिटेन में कम से कम 1,848 लोगों का किया था इलाज

**लंदन,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। पहली बार ब्रिटिश वैज्ञानिकों की एक टीम ने अल्जाइमर रोग (मनोभ्रंश) के पांच मामलों की पहचान की है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे दशकों पहले चिकित्सा उपचार के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुए थे और अब उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अल्जाइमर रोग अमाइलॉइड बीटा प्रोटीन के कारण होता है और आमतौर पर यह उम्र बढ़ने के साथ होती है। शायद ही कभी यह जेनेटिक स्थिति होती है जो दोषपूर्ण जीन के कारण होती है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल), यूके की टीम के अनुसार पांचों लोगों को एमाइलॉइड-बीटा प्रोटीन के संचरण के कारण अल्जाइमर रोग हुआ। नेचर मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित पेपर में टीम ने बताया कि उन सभी को मृत व्यक्तियों की पिट्यूटरी ग्रंथियों से निकाले गए एक प्रकार के मानव विकास हार्मोन के साथ बच्चों के रूप में ट्रीटमेंट दिया गया था। इसका उपयोग 1959 और 1985 के बीच ब्रिटेन में कम से कम 1,848 लोगों के इलाज के लिए किया गया था, और छोटे कद के विभिन्न कारणों के लिए इसका उपयोग किया गया था। इसे 1985 में वापस ले लिया गया था क्योंकि यह माना गया था कि कुछ सी-एचजीएच बैच प्रिओन्स (प्रदूषित प्रोटीन) से दूषित थे, जिसके कारण कुछ लोगों में क्रुट्जफेल्ट जैकब रोग हुआ था। फिर सी एचजीएच को सिंथेटिक ग्रोथ हार्मोन से बदल दिया गया, जिसमें सीजेडी प्रसारित होने का जोखिम नहीं था। यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रियन डिजीज के निदेशक और प्रमुख लेखक प्रोफेसर जॉन कोलिंग ने कहा कि ऐसा कोई सुझाव नहीं है कि अल्जाइमर रोग दैनिक जीवन की गतिविधियों या नियमित चिकित्सा देखभाल के दौरान व्यक्तियों के बीच फैल सकता है। उन्होंने आगे कहा कि जिन मरीजों का हमने वर्णन किया है, उन्हें एक विशिष्ट और लंबे समय से बंद चिकित्सा उपचार दिया गया था, जिसमें मरीजों को ऐसे पदार्थ के इंजेक्शन लगाना शामिल था, जो अब रोग-संबंधी प्रोटीन से दूषित हो गए हैं। शोधकर्ताओं ने पहले बताया था कि सी-एचजीएच उपचार (जिसे आईट्रोजेनिक सीजेडी



कहा जाता है) के कारण सीजेडी वाले कुछ रोगियों के मस्तिष्क में समय से पहले अमाइलॉइड-बीटा प्रोटीन जमा हो गया था। उन्होंने सुझाव दिया कि दूषित सी-एचजीएच के संपर्क में आने वाले व्यक्ति जो सीजेडी के शिकार नहीं हुए और लंबे समय तक जीवित रहे, उनमें अंततः अल्जाइमर रोग विकसित हो सकता है। नए अध्ययन में टीम ने आठ लोगों की रिपोर्ट की, जिनका कई वर्षों तक बचपन में सी-एचजीएच से इलाज किया गया था। इनमें से पांच लोगों में डिमेंशिया के लक्षण थे और उनमें से किसी एक को पहले से ही अल्जाइमर रोग का निदान किया गया था, एक अन्य व्यक्ति हल्के संज्ञानात्मक हानि के मानदंडों पर खरा उतरा। इन लोगों की उम्र 38 से 55 साल के बीच थी, जब उनमें न्यूरोलॉजिकल लक्षण शुरू हुए। बायोमार्कर विश्लेषण ने निदान के साथ दो रोगियों में अल्जाइमर रोग के निदान का समर्थन किया और एक अन्य व्यक्ति में अल्जाइमर का संकेत दिया, एक शव परीक्षण विश्लेषण ने दूसरे रोगी में अल्जाइमर रोगविज्ञान दिखाया। जिस असामान्य रूप से कम उम्र में इन रोगियों में लक्षण विकसित हुए, उससे पता चलता है कि उनमें सामान्य छिटपुट अल्जाइमर नहीं था, जो बुढ़ापे से जुड़ा होता है। जिन पांच रोगियों में आनुवंशिक परीक्षण के लिए नमूने उपलब्ध थे, टीम ने विरासत में मिली अल्जाइमर बीमारी से इनकार किया। सी-एचजीएच उपचार का अब उपयोग नहीं किया जाता है, इसलिए इस मार्ग के माध्यम से किसी भी नए संचरण का कोई जोखिम नहीं है। किसी अन्य चिकित्सा या शल्य चिकित्सा प्रक्रिया से प्राप्त अल्जाइमर का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। ऐसा कोई सुझाव नहीं है कि अमाइलॉइड-बीटा दैनिक जीवन में या नियमित चिकित्सा या सामाजिक देखभाल के दौरान पारित हो सकता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि उनके निष्कर्ष यह सुनिश्चित करने के उपायों की समीक्षा करने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं कि अन्य चिकित्सा या शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के माध्यम से अमाइलॉइड बीटा के आकस्मिक संचरण का कोई जोखिम नहीं है, जो सीजेडी के आकस्मिक संचरण में शामिल हैं।

## 95 प्रतिशत भारतीय माता-पिता बच्चों की स्क्रीन लत को लेकर चिंतित

### 80 प्रतिशत और 70 प्रतिशत ने क्रमशः गेमिंग की लत और वयस्क सामग्री के बारे में चिंता व्यक्त की

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। आज के डिजिटल युग में, पालन-पोषण अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करता है। ऑनलाइन सामग्री से भरी दुनिया में बड़े हो रहे बच्चों के साथ, रचनात्मक जुड़ाव और हानिकारक लत के बीच की रेखा तेजी से धुंधली हो गई है। भारत में स्मार्ट पेरेंटिंग सॉल्यूशंस में अग्रणी बातू टेक ने एक हालिया सर्वे के परिणामों की घोषणा की, जो बच्चों में स्क्रीन की लत, गेमिंग और वयस्क सामग्री देखने के बारे में भारतीय माता-पिता की चिंताओं पर प्रकाश डालता है। 3000 प्रतिभागियों के बीच किए गए सर्वे से पता चला कि 95 प्रतिशत भारतीय माता-पिता स्क्रीन की लत के बारे में गहराई से चिंतित हैं, जबकि 80 प्रतिशत और 70 प्रतिशत ने क्रमशः गेमिंग की लत और वयस्क सामग्री के बारे में चिंता व्यक्त की।



पहले भी कई रिसर्च ने संकेत दिया है कि ज्यादा स्क्रीन समय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, विकास और सामाजिक संपर्क में बाधा डाल सकता है। विशेष चिंता बच्चों में गेमिंग की लत की बढ़ती प्रवृत्ति है। जर्नल ऑफ बिहेवियरल एडिक्शन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 3-4 प्रतिशत बच्चे समस्याग्रस्त गेमिंग व्यवहार का अनुभव करते हैं। यह लत विभिन्न प्रकार के हानिकारक प्रभावों को जन्म दे सकती है, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, नींद के पैटर्न में व्यवधान और शारीरिक गतिविधि में कमी। इसके अलावा, हिंसक या आक्रामक खेल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क को बढ़ती आक्रामकता और वास्तविक जीवन की हिंसा के प्रति असंवेदनशीलता से जोड़ा गया है। माता-पिता और शिक्षकों को गेमिंग की लत के संकेतों के बारे में पता होना चाहिए और बच्चों के जीवन में गेमिंग और अन्य गतिविधियों के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। जुड़ाव के वैकल्पिक रूपों को बढ़ावा देकर और स्पष्ट सीमा निर्धारित कर हम बच्चों को टेक्नोलॉजी के प्रति एक सर्वांगीण दृष्टिकोण विकसित करने और अत्यधिक गेमिंग के नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद कर सकते हैं। बातू टेक के संस्थापक और प्रबंध निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि बातू टेक भारतीय माता-पिता की चिंताओं को समझता है और बच्चों में स्क्रीन की लत और अनुचित सामग्री उपभोग के गंभीर मुद्दे को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि डिजिटल युग में पालन-पोषण के लिए निरंतर सतर्कता, खुले और ईमानदार संचार और एक जानकारी के आधार पर दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। हमारे स्मार्ट पेरेंटिंग समाधान माता-पिता को अपने बच्चों की भलाई की रक्षा करते हुए डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए सशक्त बनाते हैं।

## सावरकर हमेशा समय से आगे थे : रणदीप हुड्डा

**मुंबई,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। आगामी बायोपिक 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले अभिनेता रणदीप हुड्डा ने कहा है कि वीडी सावरकर हमेशा समय से आगे थे और आज वह पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर', जिसकी रिलीज इस साल 22 मार्च को तय हो गई है, वीडी सावरकर की कहानी को जीवंत करने वाली एक सम्मोहक स्टोरीलाइन पेश करती है। फिल्म का निर्देशन करने वाले रणदीप मुख्य किरदार भी निभा रहे हैं। उनका चित्रण टूर डी फ़ोर्स होने का वादा करता है। इसमें अंकिता लोखंडे और अमित सियाल भी हैं।




रणदीप ने कहा कि सावरकर के साथ कालापानी में लगभग दो साल बिताने के बाद आखिरकार उनके लिए आजादी की ओर कदम बढ़ाने का समय आ गया है। यह यात्रा कठिन रही है, लेकिन इसने मुझे एक अभिनेता के रूप में खुद से आगे बढ़कर एक फिल्म निर्माता और बहुत कुछ करने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश को हमारे स्वतंत्रता संग्राम में सशस्त्र क्रांति के योगदान के बारे में पता चले। सावरकर हमेशा समय से आगे थे और आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। फिल्म का निर्माण ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर द्वारा किया गया है और यह रूपा पंडित, सैम खान, अनवर अली, पांचाली चक्रवर्ती द्वारा सह-निर्मित है यह फिल्म 22 मार्च को हिंदी और मराठी में रिलीज होने वाली है।

## दबी हुई भावनाओं और गहन प्रेम को दिखाता है सोनल चौहान, ताहा शाह का 'जहर मोहब्बत'

**मुंबई,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री सोनल चौहान और ताहा शाह का आगामी म्यूजिक वीडियो 'जहर मोहब्बत' को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि इसमें उनका किरदार दबी हुई भावनाओं और गहन प्रेम के बारे में है। गाने में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए सोनल ने कहा कि जहर मोहब्बत में मेरा किरदार दबी हुई भावना और गहन प्रेम के बारे में है। मैं इस जटिल किरदार को निभा रही हूं जो एक भावुक रिश्ते के उतार-चढ़ाव में गहराई से उलझा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे गाने में आप मेरे किरदार को प्यार की जटिल यात्रा से गुजरते हुए, इसके अनूठे आकर्षण से निपटते हुए और इसके जबरदस्त प्रभाव से संघर्ष करते हुए देखेंगे। सोनल का कहना है कि उनका चरित्र चित्रण कहानी में गहराई जोड़ता है, प्यार की जटिलताओं के साथ आने वाली कमजोरी और ताकत को दर्शाता है। उसी के बारे में बोलते हुए ताहा शाह ने कहा कि कहानी में, मेरा किरदार एक खानाबदोश, सौदागर है, जो सामान खरीदने और बेचने के लिए यात्रा करता है। एक जनजाति से गुजरते समय उसकी मुलाकात एक आदिवासी लड़की से होती है और उनके बीच चिंगारी भड़क उठती है। हालांकि, वह जानता है कि उसे अपने लिए जीवन बनाने के लिए आगे बढ़ना होगा। इस नंबर को स्वर तितलियां फेम अफसाना खान ने दिया है।



अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अफसाना ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, मैंने कुछ अद्भुत गाने गाए हैं जो दर्शकों से जुड़े रहे। हर गाने का अपना अलग ही वाइब होता है। जहर मोहब्बत खास है क्योंकि यह प्यार की गहरी भावनाओं को उजागर करती है, जिससे मुझे अपनी आवाज के एक अलग स्वर का पता लगाने का मौका मिलता है। यह गाना एक फरवरी में रिलीज होने वाला है।

## ब्लैकज़ोन स्मार्टफोन की ब्रैंड एंबेसडर बनी मौनी रॉय

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। ब्लैकज़ोन मोबाइल्स ने अपने फीचर फोन और स्मार्टवॉच की रेंज के लिए ब्रैंड एंबेसडर के तौर पर मशहूर भारतीय अभिनेत्री मौनी रॉय के साथ गठजोड़ करने की घोषणा की है। इस साझेदारी से अपनी अनोखी डिज़ाइनों, तकनीकी इनोवेशन और किफायती कीमतों के लिए लोकप्रिय ब्रैंड की बढ़ती लोकप्रियता को और गति मिली है। ब्लैकज़ोन 'मेक इन इंडिया' को सफल बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इसके लिए मेट्रो शहरों से




निकलकर छोटे भारतीय शहरों और कस्बों तक अपनी पहुंचा का विस्तार कर रहा है। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक दिलचस्प रील शेयर करते हुए रॉय ने अपने दर्शकों के लिए ब्लैकज़ोन ब्रैंड को पेश किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह सिर्फ एक फोन ब्रैंड नहीं है, बल्कि यह आपके स्टाइल को दर्शाता है जिसके हर फोन की अपनी अलग खासियतें हैं। ब्लैकज़ोन द्वारा बनाए हुए एक फीचर फोन को दिखाते हुए रॉय ने कहा, 'दोस्तो, आज मैं आपके सामने ब्रैंड ब्लैकज़ोन पेश कर रही हूं जो हमारे अपने ब्रैंड्स में से ही एक है। यह सिर्फ एक फोन नहीं है, बल्कि एक स्टाइल स्टेटमेंट है। उन्होंने कहा, ब्लैकज़ोन आपके लिए लेकर आया 4जी फीचर फोन जो न सिर्फ किफायती हैं, बल्कि उनका साइज़ भी बहुत छोटा है।

## खाना पकाने का आनंद लेती हैं अभिनेत्री सनी लियोनी

**नोएडा,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री सनी लियोनी भले ही उस इंडस्ट्री में हैं, जहां सही खान-पान मायने रखता है, लेकिन वह खाने की शौकीन हैं और उन्हें खाना पकाना बहुत पसंद है। सनी ने बताया कि मुझे खाना बनाना पसंद है। बेकिंग मेरी विशेषता है। वह ऐसी चीज है, जिसका मैं आनंद लेती हूं। रेस्तरां की मालकिन बनी अभिनेत्री ने कहा कि वह बेकिंग की प्रक्रिया का आनंद लेती हैं।

उन्होंने कहा कि मैं बेकिंग की प्रक्रिया का आनंद लेती हूं, चाहे वह ब्रेड, क्रस्ट या पिज्जा आटा या



विभिन्न प्रकार की मिठाइयां हों, मैं घर में पिज्जा का आटा भी बनाती हूं। सनी ने आगे कहा कि फिर अपने बच्चों के लिए खाने के लिए अलग-अलग चीजें बनाना और उन्हें खाते हुए देखना सबसे अच्छा है। सनी एक अलग तरह की खाने की शौकीन हैं। वह अलग-अलग स्वाद आजमाना पसंद करती हैं।

अभिनेत्री ने कहा कि हां, मैं खाने की शौकीन हूं। लेकिन, मेरा मानना है कि खाने के शौकीन दो अलग-अलग तरह के होते हैं। कुछ लोग हैं जो सिर्फ खाते हैं, कुछ ऐसे खाने के शौकीन हैं जो वास्तव में खाद्य पदार्थों के स्वाद का आनंद लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए हो सकता है कि मैं पूरी प्लेट ख़त्म न कर पाऊं, लेकिन, मैं अलग-अलग खाद्य पदार्थों और अलग-अलग स्वादों को आजमाना चाहूंगी।

## ओटीटी की वजह से कलाकारों के घर जल रहे चूल्हे : टीनू

**जयपुर,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता और निर्देशक टीनू आनंद ने कहा है कि आज ओटीटी की वजह से हर कलाकार के घर में चूल्हे जल रहे हैं। आनंद ने रिफ क्लब की ओर से जेम सिनेमा में आयोजित पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ-2024) के चौथे दिन मंगलवार को इसमें भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म जिक्र करते हुए कहा कि ओटीटी पर काम करने वाले नहीं जानते की इस मंच ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया है और आज ओटीटी की वजह से हर कलाकार के घर में चूल्हे जल रहे हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इन सभी के पास मोबाइल है तो ये सभी फिल्म मेकर बन सकते हैं। कालिया, शहंशाह, दुनिया मेरी जेब में, मैं आजाद हूं जैसे बड़ी फिल्मों को निर्देशित कर चुके टीनू आनंद ने रिफ में इस दौरान विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव शेयर किए। उन्होंने विद्यार्थियों को कल्चर बेस्ड मूवीज, ओटीटी प्लेटफॉर्म, फिल्म डायरेक्शन के बारे में सीख दी।

मंच का संचालन कर रहे लेखक जगदीप सिंह से जैसे ही टीनू आनंद मिले तो दोनों ने अपने स्कूल के पुराने दिनों को याद किया। मंच पर मिले स्कूलमेट्स में टीनू आनंद ने जहां अपनी जैकेट पर स्कूल का बैच पहना हुआ था वहीं जगदीप सिंह ने अपने स्कार्फ पर बैच लगाकर एक बार फिर पुरानी यादें ताजा कर दी।

150 फिल्मों में काम कर चुके टीनू आनंद ने सत्यजीत रे के साथ अपने करियर के खास अनुभव शेयर किए। भारतीय सिनेमा में अपने करियर की शुरूआत टीनू आनंद ने सत्यजीत रे के निर्देशन में बनी फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर की थी। टीनू आनंद ने इसके लिए नौ महीने तक बंगाली भाषा भी सीखी। फिल्मी सफर के इस मुकाम पर पहुंचे टीनू आनंद ने इसका श्रेय सत्यजीत रे, सुपरस्टार अमिताभ बच्चन, अपने माता-पिता, अपने भाई और अपनी पत्नी को दिया ।

रिफ में फिल्म शुद्धि का वर्ल्ड प्रीमियम भी किया गया। फिल्म को जेम्स हिगिन्सन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कहानी कुष्ठ रोगियों के जीवन पर ही आधारित है। जिसे विश्व कुष्ठ दिवस पर ही प्रदर्शित किया गया है। फिल्म कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने का संदेश देती है।

सुनील पुरोहित के डायरेक्शन में बनी फिल्म हेलमेट की स्क्रीनिंग में बड़ी संख्या में बच्चे और यूथ के साथ ही जयपुर के माणक चौक थाने के सीआई भूपेंद्र सिंह भी शामिल हुए। फिल्म यातायात के नियमों का पालन ना करने पर दुर्घटना का शिकार होने पर आधारित है। सोलह मिनट की शॉर्ट फिल्म गाड़ी चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने का संदेश देती है।

रिफ फेस्टिवल में सिनेमा के माध्यम से पर्यटन निवेश एवं संस्कृति को बढ़ावा देने की थीम पर भी टॉक शो आयोजित किया गया। जिसमें फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक सुनील पुरनीक, अभिनेता नंदिश सिंह संधू, फिल्म डायरेक्टर जेम्स हिगिन्सन और फेस्टिवल डायरेक्टर एवं मॉडरेटर सोमेंद्र हर्ष मौजूद रहे। टॉक शो में राजस्थान पर्यटन के बारे में चर्चा की गई।

## सरयू व घाघरा दो अलग नदियां हैं, या एक नदी के दो नाम!

### गोंडा जनपद के चंदापुर मांझा गांव के पास होता है दोनों नदियों का मिलन

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 30 जनवरी (देशबन्धु)। नदी को सबसे ज्यादा पानी देने वाली नदी का नाम है घाघरा। यही नहीं उत्तर भारत की सबसे कम प्रदूषित नदी भी यही है। सरकार ने इस नदी का नाम बादल सरयू कर दिया है जबकि सरयू और घाघरा दो अलग-अलग नदियां हैं। प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने से हर कोई अयोध्या और सरयू नदी के विषय में जानना चाहता है। वीगन आंदोलन चला रहे पर्यावरणविद अभिषेक दूबे सरयू नदी पर काफी कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि भौगोलिक दृष्टि से देखें तो तीन सरयू नदी हैं। एक उत्तर प्रदेश, एक उत्तराखंड और एक चित्रकूट में बहती हैं। उत्तराखंड वाली सरयू भी इसी घाघरा नदी तंत्र का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने घाघरा नदी का नाम बदलकर सरयू कर दिया तो क्या घाघरा ही सरयू है आइए समझते हैं। घाघरा नदी का उद्गम तिब्बत का पठार है।



वहां से निकलकर यह नदी नेपाल होते हुए भारत में प्रवेश करती है। नेपाल में इसे करनाली के नाम से जाना जाता है और ये नेपाल की सबसे बड़ी नदी है। फिर भारत में बहराइच में इसमें शारदा नदी के विलय के बाद यह घाघरा कहलाती है। दूसरी ओर बहराइच के एक तालाब से निकलती है एक अन्य नदी जिसे सरयू (सरजू) कहते हैं। सरयू बहराइच से होते हुए गोण्डा जनपद में आती है और लगभग 210 किमी की यात्रा करके ये गोण्डा के पसका से लगभग 6 किमी दूर अयोध्या के निकट घाघरा नदी में विलीन हो जाती है। सरयू नदी के घाघरा में विलय के बाद ही घाघरा को सरयू नाम दिया जाने लगता है और आगे अयोध्या में घाघरा ही सरयू कहलाती है लेकिन फिर अयोध्या से आगे निकलने के बाद उसे पुनः घाघरा ही कहा जाता है जब तक ये बिहार में गंगा में नहीं मिल जाती।

सरकार ने घाघरा को भी सरयू कह दिया तो भूगोल इतिहास के विद्यार्थियों में भ्रम उत्पन्न होना स्वाभाविक है। गोण्डा व बहराइच में सरयू के घाघरा में विलय से पहले जो लोग दोनों नदियों के बीच में हैं, उनके लिए सरकारी नाम के अनुसार दोनों ओर ही सरयू नदी हो गई। लेकिन लोग प्राचीन समय से अभी भी छोटी नदी को



सरयू और बड़ी को घाघरा कहते आए हैं और धार्मिक समागम भी प्रमुख रूप से छोटी सरयू के किनारे ही दिखता है। एक प्रश्न यह भी उठता है कि लोग सरयू के घाघरा में विलय के बाद ही घाघरा को अयोध्या में सरयू क्यों कहते हैं? इसका एक उत्तर यह हो सकता है कि सरयू नदी अतीत में घाघरा में विलय अयोध्या में ही करती रही होगी जिससे अयोध्या में पूरी नदी को ही सरयू कहा जाता रहा है। दार्शनिक अरुण प्रकाश कहते हैं कि पानी का प्रवाह जहां ज्यादा होता है उस नदी को वहां का स्थानीय नाम मिल जाता है।

चूंकि नदियां अपना मार्ग अपने बाढ़ क्षेत्र में बदलती रहती हैं और सरयू व घाघरा का संगम भी अपना स्थान बदलता रहता है। कुछ दशक पूर्व ही वह संगम बिल्कुल पसका में ही होता था जहां हर वर्ष माघ के माह में मेला लगता है और साधुओं का समागम होता है। अब यह पसका से पांच किमी आगे चंदापुर मांझा गांव के पास होता है। वर्तमान में घाघरा को सरयू कहा गया तो इसमें कोई दिक्कत नहीं लेकिन सदियों से जो नदी सरयू के नाम से जानी जाती रही है उसकी पहचान तथा उसका महत्व कहीं घटा न दिया जाए, ये बड़ी चिंता का विषय है। गोण्डा जनपद में जिस स्थान को गोस्वामी तुलसीदास का जन्मस्थान माना जाता है, वह भी छोटी सरयू के किनारे ही है जिसे अवधी में सरजू कहा जाता है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 2.19 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.60 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.59 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.24 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.14 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 5.17 प्रतिशत |
| टाइटन | 3.13 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 3.08 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.83 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.81 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4550-4650 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5650 |
| दाल चना | 6550-6650 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9700-9800 |
| अरहर दाल | 11500-11600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



# 1.14 लाख स्टार्टअप भारत में 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा करते हैं : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (आईएएनएस)। वित्त मंत्रालय ने भारतीय अर्थव्यवस्था की अपनी नवीनतम समीक्षा में कहा कि भारत में 1.14 लाख से अधिक स्टार्टअप ने अब तक 12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। द इंडियन इकोनॉमी: ए रिव्यू जनवरी 2024% शीर्षक वाली रिपोर्ट में, आर्थिक मामलों के विभाग ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 1.14 लाख स्टार्टअप ने अक्टूबर 2023 तक12 लाख से अधिक नौकरियां पैदा कीं।

दस्तावेज़ में कहा गया है कि राज्य के स्वामित्व वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने नवंबर 2023 तक 63 लाख से अधिक लेनदेन किए। 2023 में मूल्यांकन के मुद्दों, कुछ आईपीओ, नियामक परिवर्तनों और व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक रुझानों जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा तकनीकी स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बना हुआ है, इसमें पिछले साल 950 से अधिक तकनीकी स्टार्टअप स्थापित हुए हैं।

ज़िनोव के सहयोग से नैसकॉम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 31हजार से अधिक तकनीकी स्टार्ट अप के लिए संचयी फंडिंग 70 बिलियन डॉलर (2019 से 2023 तक) से अधिक हो गई है। नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष ने कहा, 2023 में, वैश्विक आर्थिक और नियामक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, भारतीय तकनीकी स्टार्टअप ने अपने व्यापार के बुनियादी सिद्धांतों को बढ़ाने, लाभप्रदता और विकास को बढ़ावा देने की अनिवार्यता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, टियर 2 और 3 शहरों में तकनीकी स्टार्टअप का प्रसार पारिस्थितिकी तंत्र के लचीलेपन को दर्शाता है। 2024 में आगे बढ़ते हुए, टेक स्टार्टअप संस्थापकों को बी2बी टेक स्टार्टअप के लिए व्यय को अनुकूलित करने और लाभप्रदता को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए मापा कदमों के साथ राजस्व वृद्धि पथ जारी रखने की उम्मीद है।

डीपटेक में निवेश 2024 में ऊपर की ओर बढ़ता रहेगा। जेनरेटिव एआई (जेनएआई) त्वरण के साथ, 70 प्रतिशत स्टार्ट-अप संस्थापक अपने समाधानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को शामिल कर रहे हैं। चूंकि सामान्य तौर पर भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए फंडिंग दुर्लभ हो जाती है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विस्फोट ने देश में उद्यमियों और संस्थापकों को जीवन का एक नया पट्टा दिया है, क्योंकि केंद्र इस क्षेत्र को समर्थन दे रहा है।




## प्राथमिक डीलरों के लिए 5,000 करोड़ रुपये जारी किए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने स्थायी तरलता सुविधा के तहत स्टैंडअलोन प्राइमरी डीलर्स (एसपीडी) को 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने का फैसला किया है। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, यह राशि 31 जनवरी से 6.50 प्रतिशत की मौजूदा रेपो दर पर उपलब्ध होगी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि राशि जारी करने का निर्णय मौजूदा और उभरती तरलता स्थितियों के आकलन पर आधारित है।

## 7 प्रतिशत से अधिक विकास दर की वित्त मंत्रालय को उम्मीद, लेकिन भू-राजनीतिक तनाव का जोखिम




**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग और आर्थिक सुधारों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन इजरायल-हमास युद्ध जैसे भू-राजनीतिक तनाव से खतरा भी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट देश के आर्थिक विकास पथ पर आशावादी है, जिसमें जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर से दोगुना होकर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। 29 जनवरी तक, भारतीय अर्थव्यवस्था के 3.7 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छूने की खबर है, जो एक दशक पहले 1.9 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति से एक बड़ी छलांग है। वैश्विक मंदी के बीच वित्त मंत्रालय ने भारत की मजबूत विकास दर का श्रेय कई आर्थिक सुधारों और बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश को दिया है, जिसका अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में कई गुना प्रभाव पड़ा है। इन सुधारों ने वैश्विक झटकों के बीच देश को आर्थिक मजबूती दी है। बुनियादी ढांचे में सरकार के निवेश में पर्याप्त वृद्धि देखी गई है, जो वित्त वर्ष 2015 में 5.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में अनुमानित 18.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह निवेश आर्थिक विकास को बनाए रखने और बढ़ाने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जो पिछले तीन वर्षों में 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ मजबूत रहा है। हालांकि, साथ ही इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पैदा हुए सर्विस सेक्टर में नौकरी में कटौती का खतरा, जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के बीच समन्वय बनाना और पर्याप्त रूप से कुशल कार्यबल की उपलब्धता शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के युग में, भारत का विकास दृष्टिकोण वैश्विक विकास के प्रभावों पर भी निर्भर करता है, न कि केवल इसके घरेलू प्रदर्शन पर। यह लाल सागर में दिखता है, जिसके चलते शिपिंग लागत में वृद्धि हुई है और व्यापार खेपों में देरी हुई है।

## फिडेलिटी ने मीशो में अपनी हिस्सेदारी का मूल्यांकन घटाकर 3.5 बिलियन डॉलर किया

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (आईएएनएस)। विश्व निवेश फर्म फिडेलिटी ने सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो में अपनी हिस्सेदारी का मूल्यांकन घटाकर 3.5 बिलियन डॉलर कर दिया है। फिडेलिटी ने हाल ही में यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के साथ एक नियामक फाइलिंग में मीशो का मूल्यांकन 5 बिलियन डॉलर से घटाकर 4.1 बिलियन डॉलर कर दिया था। टेकक्रंच के अनुसार, लेटेस्ट मूल्यांकन समायोजन पिछले साल के अंत में द्वितीयक बिक्री लेनदेन के बाद हुआ है। उस बिक्री में मीशो का मूल्य 3.5 बिलियन डॉलर था। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, फिडेलिटी फाइलिंग, धारित शेयरों की संख्या और कुल बकाया पूरी तरह से डाइल्यूट शेयरों की वर्तमान संख्या के आधार पर, मूल्यांकन 3.5 बिलियन डॉलर आंका गया है। प्रवक्ता ने कहा, बकाया शेयरों की संख्या में वृद्धि, विशेष रूप से ईएसओपी पूल विस्तार के कारण, इस मूल्यांकन बदलाव में योगदान दे सकती है। मीशो के निवेशकों में मेटा, पीक एक्सवी, प्रोसस वेंचर्स, बी कैपिटल और सॉफ्टबैंक हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी मौजूदा ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) रन रेट 5 अरब डॉलर से ज्यादा है। फिडेलिटी ने अक्टूबर 2021 में मीशो के सीरीज एफ राउंड में लगभग 42 मिलियन डॉलर का निवेश किया। पाइन लैब्स में, फिडेलिटी का लेटेस्ट दौर जुलाई 2021 में था जब सिंगापुर-पंजीकृत कंपनी ने 600 मिलियन डॉलर जुटाए थे।

## 'बजट में ग्रामीण एमएसएमई इकाइयों को ब्याज-पूंजी सहायता, प्रशिक्षण की सिफारिश'

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। बजट 2024-25 के लिए अपनी सिफारिशों में भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की सूक्ष्म, लघु और मझोली (एमएसएमई) इकाइयों को विश्वक आर्थिक धाराओं से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है।

युवा ग्रामीण उद्यमियों के लिए नवाचार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में संलग्न इस गैर सरकारी संगठन ने ऐसी इकाइयों को कर्ज पर दो-तीन प्रतिशत की ब्याज सहायता अथवा 25 लाख रुपये तक की क्रेडिट सीमा वाली विनिर्माण कार्य में लगी सूक्ष्म इकाइयों के लिए स्वीकृत प्रयुक्त ऋण राशि के पांच-10 प्रतिशत के बराबर 'बैक-एंड' (अंत में) पूंजीगत सब्सिडी जैसे लाभ पर विचार किए जाने की सिफारिश की है।




संगठन ने मंगलवार को जारी एक एक विज्ञप्ति में कहा, ग्रामीण एमएसएमई दरअसल अप्रयुक्त क्षमता का भंडार हैं, जो अनलॉक होने पर, देश को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा। एमएसएमई क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए उम्मीद की है कि वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक ध्यान केन्द्रित रखा जाएगा। संगठन ने कहा है कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने पहली जुलाई, 2020 और पहली अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा दर्ज किया है। संगठन ने इस क्षेत्र के लिए ऋण सहायता बढ़ाने, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, तकनीकी सहायता, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों पर बल दिया है।

युवा शक्ति ट्रस्ट ने कहा है कि भारत ने खुद को एक ऐसे देश के रूप में भी स्थापित किया है, जहां निवेश करना लोगों की पहली पसंद हो सकता है।

### सार संक्षेप

## एनटीपीसी ने महाराष्ट्र में हरित हाइड्रोजन परियोजना के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने 1 मिलियन टनप्रति वर्ष, क्षमता तक ग्रीन हाइड्रोजन और डेरिवेटिव (ग्रीन अमोनिया, ग्रीन मेथनॉल) के विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली दिग्गज कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस योजना में 2 गीगावॉट की पंप हाइड्रो परियोजनाएं और राज्य में 5 गीगावॉट तक भंडारण के साथ या उसके बिना नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का विकास शामिल है। कंपनी के बयान के अनुसार, एनटीपीसी की 2032 तक 60 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बनाने की योजना है। यह समझौता ज्ञापन अगले पांच वर्षों में महाराष्ट्र सरकार की हरित निवेश योजना का हिस्सा है और इसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपये के संभावित निवेश की परिकल्पना की गई है। एनजीईएल एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसका लक्ष्य कार्यान्वयन के तहत 7 गीगावॉट सहित पाइपलाइन में 3.4 गीगावॉट और 26 गीगावॉट से अधिक की परिचालन क्षमता के साथ एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा का ध्वजवाहक बनना है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एनजीईएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित भार्गव और महाराष्ट्र के उप सचिव (ऊर्जा) नारायण कराड के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

## पूंजी बाजार से संबंधित कराधान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि निकट भविष्य में बजट को लेकर उम्मीदें बाजार को प्रभावित करेंगी। बाजार को पूंजी बाजार से संबंधित कराधान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा, इसलिए ऐसे किसी भी प्रस्ताव का बाजार पर असर पड़ेगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निफ्टी ने 29 जनवरी को सप्ताह के पहले दिन को 4 दिसंबर के बाद से अपने सबसे बड़े एकल-दिवसीय लाभ के साथ समाप्त किया, इसमें हेवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज ने लाभ में सबसे अधिक योगदान दिया। अंत में निफ्टी 1.80 फीसदी या 385 अंक ऊपर 21737.6 पर था। 29 जनवरी को निफ्टी तेजी से बढ़ा और एक लंबी बुल कैंडल बनाई। 21851-21970 निफ्टी के लिए अगला प्रतिरोध बैंड हो सकता है, जबकि 21482 समर्थन के रूप में कार्य कर सकता है। लेखानुदान से पहले तैयारी शुरू हो गई लगती है। उन्होंने कहा, इस तेजी का इस्तेमाल उन व्यक्तिगत शेयरों में वजन कम करने के लिए किया जा सकता है जो बहुत तेजी से बढ़े हैं। बीएसई सेंसेक्स 223 अंक नीचे 71,718.40 अंक पर है। बजाज फाइनेंस में 4 फीसदी, आईटीसी में 1.7 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.5 फीसदी की गिरावट आई है।

# बजट और फेड रिजर्व के फैसले से पहले लुढ़का बाजार

**मुंबई** 30 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय और स्थानीय स्तर पर नये वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले आम बजट से पहले हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार ने पिछले दिवस की तेजी गंवा कर आज एक प्रतिशत से अधिक टूट गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 801.67 अंक अर्थात 1.11 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,139.90 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत लुढ़ककर 21,522.10 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.53 प्रतिशत गिरकर 38,175.88 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 44,900.90 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3907 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1861 में बिकवाली जबकि 1953 में लिवाली हुई वहीं 93 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 13 में तेजी रही।

बीएसई में रियल्टी की 0.36 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.40, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.87, एफएमसीजी 1.00, वित्तीय सेवाएं 0.47, हेल्थकेयर 0.54, इंडस्ट्रियल्स 0.77, आईटी 0.33, दूरसंचार 0.74, यूटिलिटीज 0.92, ऑटो 0.17, बैंकिंग 0.26, कैपिटल गुड्स 1.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.40, धातु 0.33, तेल एवं गैस 0.18, पावर 1.12, टेक 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.14 प्रतिशत उतर गए।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.55, जर्मनी का डैक्स 0.14 और जापान का निक्केई 0.11 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 2.32 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.83 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 59 अंक की बढ़त लेकर 72,000.20 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 72,142.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 71,075.72 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 71,941.57 अंक के मुकाबले 1.11 प्रतिशत की गिरावट लेकर 71,139.90 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 38 अंक बढ़कर 21,775.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,813.05 अंक के उच्चतम जबकि 21,501.80 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,737.60 अंक की तुलना में 0.99 प्रतिशत टूटकर 21,522.10 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस ने सबसे अधिक 5.17 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसी तरह टाइटन 3.13, अल्ट्रासिमको 3.08, एनटीपीसी 2.83, रिलायंस 2.81, आईटीसी 2.67, एलटी 2.02, सन फ़ार्मा 1.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, एचसीएल टेक 1.01, एचडीएफसी बैंक 0.79, एशियन पेंट 0.73, एक्सिस बैंक 0.72, इंडसइंड बैंक 0.65, भारती एयरटेल 0.32, इंफ़ोसिस 0.31, मारुति 0.30, टाटा स्टील 0.22, नेस्ले इंडिया 0.19, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.15, विप्रो 0.12, आईसीआईआई बैंक 0.10, टीसीएस 0.06 और कोटक बैंक के शेयर भी 0.05 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, टाटा मोटर्स 2.19, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.60, एसबीआई 0.59, टेक महिंद्रा 0.24 और पावरग्रिड ने 0.14 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## अमेरिकी प्राधिकरण ने कर का कम भुगतान करने को लेकर इंफोसिस पर 225 डॉलर का जुर्माना लगाया

**बेंगलुरु,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में दो तिमाहियों के लिए संशोधित व्यापार कर का कम भुगतान कर कथित तौर पर नियम का उल्लंघन करने के कारण नेवादा कराधान विभाग पर 225 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि वह दावे की सत्यता की जांच के बाद आगे के कदम निर्धारित करने की प्रक्रिया में है।




■ कंपनी के वित्त, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा : इंफोसिस

इंफोसिस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, जनवरी को नेवादा कराधान विभाग ने जुर्माना वसूलने के लिए एक संचार भेजा, जिसमें नियम का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाया गया। कहा गया कि 2021 की पहली तिमाही से 2022 की चौथी तिमाही तक के लिए संशोधित व्यापार कर का कम भुगतान किया गया।

इंफोसिस ने कहा कि इस घटनाक्रम का कंपनी के वित्त, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अल्प भुगतान से तात्पर्य आंशिक या कम किए गए भुगतान से है जो चालान की गई राशि से कम है।

इससे पहले, फ्लोरिडा के राजस्व विभाग ने कर भुगतान में कमी के लिए अगस्त 2023 में इंफोसिस पर 76.92 डॉलर का जुर्माना लगाया था।

अक्टूबर 2023 में मैसाचुसेट्स के राष्ट्रमंडल ने इंफोसिस पर 1,101.96 डॉलर का जुर्माना लगाया था।

भारत के वाणिज्यिक कर विभाग ने पिछले साल सितंबर में इंफोसिस को जुर्माना और ब्याज शुल्क के साथ एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आईजीसीएसटी) के लिए 26.5 लाख रुपये का डिमांड नोटिस भेजा था।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चावल महंगा

नई दिल्ली, 30 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चावल महंगा हो गया।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 76 रिंगिट गिरकर 3875 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट की गिरावट के साथ 45.26 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10450-10550, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# बजट से सामाजिक और उद्योग संगठनों को बहुत अपेक्षाएं

नई दिल्ली 30 जनवरी (एजेंसियां)। आगामी बजट सरकार पर अपनी अपेक्षाओं पर अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष मधु पंडित दासा कहते हैं कि सरकार पीएम पोषण कार्यक्रम में बाजरा को शामिल करने के अलावा दोपहर के भोजन के साथ नाश्ते को भी इसमें शामिल करने की योजना के विस्तार से बच्चों को लाभ होगा।

ऑटो क्षेत्र से बीएनसी मोटर के सीईओ अनिरुद्ध रवि नारायणन कहते हैं, सरकार बैटरी शॉपिंग नीति का पालन करें जिसकी घोषणा 2 साल पहले बजट में की गई थी। इसका ईवी उद्योग पर जबरदस्त सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा अब समय है कि उद्योग अपने पैरों पर खड़ा हो इसके अलावा फेम को हटाने से ईवी को आगे अपनाने पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। हमने इसे पहले ही देखा था जब फेम 40 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत हो गया था,लेकिन 5 महीना के भीतर उद्योग पूर्व कटौती के अनुरूप वापस आ गया था।

प्रिया पी अय्यर, को फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर इको पैलेट कहतीं हैं कि उद्योगों को नवीकरण उर्जा को प्रोत्साहन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और लॉजिस्टिक क्षेत्र में ऐसी टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहन देना चाहिए जो पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप हो।

शेखर सान्याल कंट्री हेड और डायरेक्टर आईईटी इंडिया कहते हैं कि भारत में अनुसंधान एवं विकास पर निवेश बढ़ाना होगा तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाना चाहिए। अंशुमान दास, सह-संस्थापक और सीईओ, करियरनेट कहते हैं कि हमारी अपेक्षाओं में एमएसएमई, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आवास और शहरी विकास के लिए बढ़ा हुआ आवंटन शामिल है। विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए विनिर्माण को मजबूत करना और बुनियादी ढांचे पर अधिक खर्च करना आवश्यक है।

रवि रामास्वामी, अध्यक्ष - हेल्थकेयर वर्किंग ग्रुप, आईईटी फ्यूचर टेक पैनल ने कहा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी का पता लगाना, स्वास्थ्य देखभाल वितरण, टेलीमेडिसिन सेवाओं और स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन में सुधार के लिए डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों के विकास को बढ़ावा देना, डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए बजट आवंटन बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

इसी क्रम में साइकिल प्योर अगरबत्ती के प्रबंधक निदेशक अर्जुन रंगा ने 300 करोड़ से कम टर्नओवर वाले व्यवसायों के लिए केंद्रीय करों में कमी और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने पर बल दिया।

इसके साथ ही रॉयलओक फर्नीचर के विजय सुब्रमण्यम ने कहा बजट को न केवल मौजूदा आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए बल्कि खुदरा क्षेत्र को गतिशील भविष्य की ओर प्रेरित करना चाहिए। सीआईईएल एचआर के एमडी और सीईओ आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा कार्यबल कौशल पहल पर ध्यान केंद्रित करने,विभिन्न क्षेत्रों में श्रम की सुचारू आवाजाही को सुविधाजनक बनाने, प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना उनके लिए प्रभावी अनुकूल वातावरण बनाने से समावेशी अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त होगा।

# खेल जगत

## मार्कस रैशफोर्ड प्रशिक्षण पर वापस, अनुशासनात्मक मामला बंद : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने हाल ही में फारवर्ड मार्कस रैशफोर्ड के बीमार होने की सूचना के बाद एक नाइट क्लब में देखे जाने से जुड़े विवाद को आधिकारिक तौर पर संबोधित किया है, जिसमें कहा गया है कि खिलाड़ी ने अपनी इस हरकत को स्वीकार कर लिया है। क्लब द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस मामले को आंतरिक अनुशासनात्मक मुद्दा माना गया है और अब इसे बंद माना जाता है। युनाइटेड द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, इसे एक आंतरिक अनुशासनात्मक मामले के रूप में निपटाया गया है, जो अब बंद हो गया है। वेल्स में रविवार की जीत के बाद मैनेजर एरिक टेन हाग ने कहा, उन्होंने बीमार होने की सूचना दी है। बाकी एक आंतरिक मामला है और मैं उससे निपटूंगा।



## ओलंपिक के बारे में सोचने से मुझ पर दबाव बनेगा : श्रीजा अकुला



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। भारत की स्टार पैडलर श्रीजा अकुला ने कहा है कि ओलंपिक जैसे नतीजों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, वह जुनून के साथ प्रक्रिया को अपनाने और उसका आनंद लेने को प्राथमिकता देती हैं। हर दिन बेहतर होने का प्रयास करती हैं और खुद पर अनावश्यक दबाव कम करती हैं।

श्रीजा ने इस महीने की शुरुआत में अमेरिका के टेक्सास में डब्ल्यूटीटी फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 में महिला एकल स्पर्धा में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीता।

अपना पहला खिताब जीतने की राह में श्रीजा ने फाइनल में तीन बार के ओलंपियन सहित दो उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर गोवा में एक मजबूत क्षेत्र में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

श्रीजा ने बताया, मैं अपनी मानसिक शक्ति में सुधार करने पर काम कर रही हूं। मैं कभी-कभी अंतिम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करती हूं। लेकिन मैं अभी भी हर दिन, जब भी मैं अभ्यास करती हूं, अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं और मैं अपनी मानसिक फिटनेस में सुधार करने की कोशिश कर रही हूं।

फिलहाल मेरा ध्यान सिर्फ प्रक्रिया का आनंद लेने पर है। अगर मैं ओलंपिक और उस सब के बारे में अधिक सोचती हूं, तो यह मेरे ऊपर अधिक दबाव बनता है। इसलिए, मैं बस प्रक्रिया का आनंद लेने और हर दिन सुधार करने की कोशिश कर रही हूं। खेल में अपने तकनीकी कौशल को बढ़ाने के बारे में पूछे जाने पर, श्रीजा ने अपने प्रदर्शन को निखारने और बढ़ाने के अपने निरंतर प्रयासों के बारे में जानकारी साझा की। एशियाइयों के खिलाफ खेलते हुए, मुझे एहसास हुआ कि मुझे टेबल पर और भी तेज होने की ज़रूरत है।

मेरी सजगता मेरे पैरों पर तेज़ और तेज होनी चाहिए। इसलिए, मैं उस पहलू पर काम करने की कोशिश कर रही हूं।

दो टूर्नामेंटों में अपने अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन ने एकल रैंकिंग में 15 स्थानों की छलांग लगाई और करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 51 पर पहुंच गई।

ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र चल रहा है।अगले महीने बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप एक प्रमुख टूर्नामेंट है, जिसकी श्रीजा को तलाश है क्योंकि पुरुष और महिला प्रत्येक स्पर्धा में आठ क्वार्टर फाइनलिस्ट पेरिस 2024 ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों में स्थान हासिल करेंगे।

ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित श्रीजा ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित युगल स्वर्ण हासिल करने में अपने साथी, अनुभवी शरत कमल से प्राप्त मूल्यवान सबक का खुलासा किया।

> मैं अपनी मानसिक शक्ति में सुधार करने पर काम कर रही हूं। मैं कभी-कभी अंतिम परिणाम पर ध्यान केंद्रित करती हूं। लेकिन मैं अभी भी हर दिन, जब भी मैं अभ्यास करती हूं, अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही हूं और मैं अपनी मानसिक फिटनेस में सुधार करने की कोशिश कर रही हूं: श्रीजी अकुला

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 का लोगो, शुभंकर लॉन्च

**जम्मू,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और उपराज्यपाल लद्दाख ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा ने मंगलवार को खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 का लोगो और शुभंकर लॉन्च किया। उपराज्यपाल ने कहा कि खेलो इंडिया शीतकालीन खेल लुभावने बर्फीले पहाड़ों पर खेल उत्कृष्टता, साहस और चरित्र का सम्मान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि शीतकालीन खेलों का शुभंकर, स्नो लेपर्ड, हिमालय की प्राकृतिक विरासत का प्रतीक है और वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शीतकालीन खेलों के चौथे संस्करण, स्नो स्केटिंग, आइस हॉकी और कर्लिंग को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि अन्य खेल प्रतियोगिताएं विश्व प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट, गुलमर्ग में आयोजित की जाएंगी।

## नीदरलैंड से हार कर भारत विश्व कप की खिताबी दौड़ से बाहर



सत्येन्द्र पाल सिंह

मस्कट, 30 जनवरी (एजेंसियां)। ओमान में चल रहे एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में भारत को नीदरलैंड से 4-7 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक ढंग से की थी जिसका फायदा भी उसे मिला जब मैच की शुरुआती मिनट में ही मोहम्मद राहील ने शानदार फील्ड गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया हालांकि भारत की यह खुशी ज्यादा समय तक साथ नही रही और नीदरलैंड ने जवाबी हमला करते हुये सैंडर डी विजन के चौथे मिनट में दागे गोल से मुकाबले को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। त्वरित बराबरी से प्रभावित हुए बिना भारत ने अपनी आक्रामक रणनीति जारी रखी और मोहम्मद राहील ने सातवें मिनट पर एक और गोल किया। दूसरी ओर नीदरलैंड ने लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए अलेक्जेंडर शॉप (10%) के गोल की बदौलत एक बार फिर बराबरी करने में कामयाबी हासिल की।

मैच में आगे-पीछे का दौर जारी रहा और मनदीप मोर ने 11 वें मिनट पर भारत के लिए बढ़त हासिल कर ली। फिर भी, नीदरलैंड ने तेजी से गोल करके जवाबी हमला किया। लुकास मिडेंडोर्प ने 12वें और जेमी वान आर्ट 13वें मिनट पर गोल कर मैच को नीदरलैंड के पक्ष में मोड़ दिया।

हाफटाइम की शुरुआत में सैंडर डी विज़न 15वें ने एक महत्वपूर्ण चुनौती वाला गोल किया, जिससे भारत पिछड़ गया। दूसरे हाफ में नीदरलैंड्स ने अपना दबदबा कायम किया। पेपिजन रेयेन्गा ने 20वें और अलेक्जेंडर शॉप ने 26वें मिनट पर गोल कर अपनी बढ़त को आगे बढ़ाया। मोहम्मद राहील के 25वें मिनट पर साहसिक प्रयास के बावजूद भारत अंततः 4-7 से हार गया।

भारत अब पांचवें से आठवें स्थान के लिये अपना अगला मुकाबला आज शाम केन्या के खिलाफ खेलेगा।

## भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रनों से हराया



**ब्लूमफोंटेन** 30 जनवरी (एजेंसियां)। मुशीर खान के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मंगलवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर-6 के पहले मुकाबले न्यूजीलैंड को 214 रनों से हरा दिया है।

इससे पहले मुशीर खान ने 131 रन की शतकीय और आदर्श सिंह ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के को आठ विकेट पर 295 रनों का स्कोर खड़ा किया है।

296रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत और उसने पहले ही ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज टॉम जोन्स का विकेट शून्य पर गवां दिया। इसे बाद न्यूजीलैंड के विकेट लगातार गिरते चले गये। जेम्स नेल्सन 10 रन, कप्तान ऑस्कर जैक्सन 19 रन, जैक कमिंग16 रन, एलेक्स थॉम्पसन16 रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई अंक के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। सौमी पांडे के चार विकेट, मुशीर खान और राज लिंबानी के दो-दो विकेट, नमन तिवारी और अर्शीन कुलकर्णी के एक-एक विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को 28.1 ओवर में 81 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला जीत लिया।

आज यहां टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी नौ रन पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर खो दिया। इसके बाद आदर्श सिंह ने मुशीर खान के साथ दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। आदर्श 58 गेंद में छह चौके की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान उदय सहारन ने मुशीर के साथ 87 रन की साझेदारी की। उदय 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अरावेली अवनीश 17 रन, प्रियांशु मोलिया 10 रन, सचिन दास 15 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच मुशीर खान ने शतक जड़ा। यह उनका इस टूर्नामेंट में दूसरा शतक है। मुशीर खान ने टूर्नामेंट में चार मैच की चार पारियों में 81.25 की औसत से 325 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक है। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 295 रन बनाये।

न्यूजीलैंड की ओर से मेसन क्लार्क चार विकेट मिले। रयान त्सोर्गस, इवाल्ड श्रेडर,जैक कमिंग और ओलिवर तेवतिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## हादसे के बाद लगा था कि मेरा समय इस दुनिया में खत्म हो गया : पंत



**मुंबई,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत और उनके फैंस के लिए 30 दिसंबर 2022 का दिन काफी मनहूस था। इस दिन ऋषभ पंत जब अपनी मर्सिडीज एसयूवी कार से नई दिल्ली से रूड़की जा रहे थे तो वो एक भयानक सड़क हादसे का शिकार हो गए थे जिसमें उनकी जान बाल-बाल बची थी। इस भयानक सड़क हादसे को याद करते हुए ऋषभ पंत ने कहा कि उस समय उनको लगा कि उनका समय इस दुनिया में पूरा हो गया। दुर्घटना में पंत के दाहिने घुटने का लिगामेंट फट गया और उनके माथे पर दो चोटें आईं। यह 26 साल का विकेटकीपर बल्लेबाज तब से क्रिकेट से दूर है। स्टार स्पोर्ट्स की बिलीव सीरीज़ के साथ एक बातचीत में पंत ने कहा, जीवन में पहली बार मुझे ऐसा लगा कि इस दुनिया में मेरा समय खत्म हो गया है। दुर्घटना के दौरान मुझे घावों के बारे में पता था, लेकिन मैं भाग्यशाली था क्योंकि यह और अधिक गंभीर हो सकता था। पंत ने पहली बार इस हादसे के बारे में बात की। यह कार्यक्रम गुरुवार (1 फरवरी) शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर विशेष रूप से प्रसारित किया जाएगा। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा साझा किए गए प्रोमो में पंत ने 2022 के अंत में अपनी घातक कार दुर्घटना के भयावह क्षणों को स्पष्ट रूप से याद किया। उस दुर्घटना के एक साल से अधिक समय बाद, पंत अब ठीक हो गए हैं और जल्द ही एक्शन में लौटने की संभावना है। खेल की उथल-पुथल भरी दुनिया में जीत की कहानियां अक्सर विपरीत परिस्थितियों की गहराइयों से सामने आती हैं।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के लिए जीशान अली भारतीय कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने जीशान अली को पाकिस्तान के खिलाफ 3-4 फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले आगामी मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम का कप्तान नियुक्त किया है। यह निर्णय नामित के रूप में नामित रोहित राजपाल के फैसले के बाद आया है जो व्यक्तिगत कारणों से अपने कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं। अली, जो पहले भारतीय डेविस कप टीम के कोच के रूप में काम कर चुके हैं, को राजपाल की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी है। टेनिस में अनुभव और विशेषज्ञता के साथ, जीशान अली इस दौरान इस महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

### ग्रीन ऑस्ट्रेलिया के बेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं : वॉटसन

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन युवा स्टार ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को देश के सबसे प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में से एक मानते हैं। उनका मानना है कि एक बार जब वह क्रीज पर स्कोरिंग के लिए सही दृष्टिकोण स्थापित कर लेते हैं, तो उनकी पूरी क्षमता सामने आ जाती है। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद कैमरून ग्रीन ने टेस्ट टीम में अपनी जगह दोबारा हासिल कर ली। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने नंबर चार के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। साथ ही स्टीव स्मिथ को बतौर सलामी बल्लेबाज टीम में जगह मिली है। ग्रीन ने अपने नए बैटिंग ऑर्डर पर केवल 21.33 की औसत से रन बनाए हैं। हालांकि, वॉटसन वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में दूसरी पारी में 42 रन के उनके प्रयास से प्रभावित थे और उन्हें लगता है कि यह युवा स्टार के लिए सिर्फ शुरुआत है। वॉटसन ने एसईएनक्यू मॉर्निंग्स को बताया, कैमरून ग्रीन निश्चित रूप से एक युवा बल्लेबाज के रूप में हमें देश में मिले सबसे प्रतिभाशाली और उच्च कुशल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्हें ऐसा करने में सक्षम होने के लिए बस सही तरीका और सही मानसिकता रखनी होगी। उसे वास्तव में यह समझने में थोड़ा समय लगने वाला था कि उसके लिए सही गेम प्लान क्या था, लेकिन एक बार जब वो लय हासिल कर लेगा तो वो एक शानदार खिलाड़ी बन सकता है। ग्रीन दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड जाने से पहले फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे।

## भारत की पुरुष-महिला बैडमिंटन टीम चीन के साथ एक ही समूह में



**नई दिल्ली,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। एकल में एचएस प्रणय की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम और युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जबरदस्त जोड़ी को एक चुनौतीपूर्ण ड्रा में आगामी बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के लिए हांगकांग और एशियाई पावरहाउस चीन के साथ ग्रुप ए में रखा गया है।

चैंपियनशिप का पांचवां संस्करण 13-18 फरवरी, 2024 तक शाह आलम, मलेशिया में होने वाला है। केवल शीर्ष दो टीमों के नॉकआउट चरण में पहुंचने के साथ, भारत को उस समूह में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है जिसमें क्षेत्र के सबसे मजबूत बैडमिंटन राष्ट्र में से कुछ शामिल हैं इसी तरह, प्रतिष्ठित पी.वी सिंधु की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम को चीन के साथ ग्रुप डब्ल्यू में रखा गया है। पुरुषों के समूह के विपरीत, महिलाओं के समूह में केवल दो टीमें शामिल हैं, जिससे भारत और चीन दोनों को नॉकआउट चरण में जगह मिल गई है। फ्रेंच ओपन में लगी चोट के कारण लगभग तीन महीने तक बाहर रहीं सिंधु इस टूर्नामेंट से वापसी करेंगी। महिला टीम में अश्विनी पोनप्पा, गायत्री गोपीचंद और नवोदित अनमोल खरब जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप प्रतिष्ठित थॉमस कप (पुरुष टीम विश्व कप) और उबेर कप (महिला टीम विश्व कप) के लिए क्वालीफायर के रूप में काम करती है। पोडियम फिनिश का लक्ष्य रखने वाली भारतीय टीमों के पास पिछले संस्करण से अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का मौका है, जहां पुरुष और महिला दोनों टीमें ग्रुप चरण में बाहर हो गई थीं।

## हरियाणा ने बंगाल को 41-36 से हराया



**पटना** 30 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा स्टीलर्स ने बंगाल वारियर्स को 41-36 के अंतर से हराकर प्रो कबड्डी लीग के 10वें सत्र की अंक तालिका में चौथा स्थान पर पहुंच गया है।

हरियाणा की यह 16 मैचों में नौवीं जीत है, जबकि बंगाल की लगातार तीसरी और कुल सातवीं हार है। बंगाल को अपने डिफेंस की नाकामी के कारण हार का सामना करना पड़ा। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में सोमवार को हुए मुकाबले में हरियाणा के लिए शिवम पटारे (12) और सिद्धार्थ देसाई (11) ने अपनी चमक दिखाई। कप्तान मनिंदर सिंह (13) की अगुवाई में रेड में 28 के मुकाबले 29 अंक लिए। नितिन ने 9 अंक के साथ उनका अच्छा साथ दिया। उनका डिफेंस सिर्फ पांच अंक ले सका। दूसरी ओर, हरियाणा के डिफेंस ने आठ अंक जुटाए। लगातार दो हार के बाद जीत की पटरी पर लौटने को बेताब बंगाल ने शुरुआती तीन मिनट में 3-1 की बढ़त ली। पहली रेड पर आउट हुए मनिंदर ने रिवाइव होने के बाद लगातार दो अंक लेकर बंगाल को 5-3 से आगे कर दिया लेकिन अक्षित ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ शुरुआती सात मिनट में स्कोर 5-5 कर दिया। 10 मिनट की समाप्ति तक हरियाणा एक अंक से आगे रहा। नितिन ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ स्कोर बराबर कर दिया। 15 मिनट के बाद दोनों 15-15 फेल्ड टैकल कर चुकी थीं। 12-15 के स्कोर पर बंगाल के लिए सुपर टैकल ऑन था। मैट पर सिर्फ मनिंदर बचे और उन्होंने सुपर रेड के साथ अपने दो साथियों को रिवाइव करा लिया। फिर वैभव ने शिवम को सुपर टैकल कर बंगाल को 17-16 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम से पहले ही अंतिम रेड पर एक अंक लेकर बंगाल की टीम दो अंक की लीड के साथ ब्रेक पर गई। बंगाल ने हालांकि जल्द ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद हालात बदले और देसाई के शानदार खेल की बदौलत हरियाणा ने बंगाल को पहली बार ऑलआउट कर 24-22 की बढ़त ले ली।

देसाई ने एक मल्टी प्वाइंट रेड के साथ अपना सुपर-10 पूरा किया और अपनी टीम को चार अंक की बढ़त दिला दी। देसाई के बाद शिवम ने भी एक मल्टी प्वाइंट रेड के साथ हरियाणा को 31-27 से आगे कर दिया। बंगाल एक बार फिर ऑलआउट की ओर अग्रसर थी। मनिंदर एक बार फिर अकेले बचे थे और इस बार वह साथियों को रिवाइव नहीं करा सके। बंगाल को दूसरी बार ऑलआउट कर हरियाणा ने 37-29 की बढ़त ले ली थी। पांच मिनट शेष रहते हरियाणा 10 अंक से आगे था। इसी बीच बंगाल के डिफेंस ने पहली बार देसाई का शिकार किया लेकिन एक शिकार के साथ शिवम ने अपना सुपर-10 पूरा किया। तीन मिनट शेष रहते बंगाल 10 अंक से पीछे था। तमाम प्रयासों के बावजूद बंगाल की टीम हार के अंतर को पांच तक पहुंचा सकी।

## डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में 31 देशों की खिलाड़ी भाग लेंगी

**मुंबई,** 30 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (एमएसएलटीए) और क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) द्वारा आयोजित मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों की खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगी, जो छह साल के अंतराल के बाद टेनिस कैलेंडर में लौट आया है।

यह डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन का तीसरा संस्करण है, जिसमें दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका (2017) और थाईलैंड की लुक्सिका कुमखुम (2018) सहित पिछले एकल चैंपियन शामिल हैं। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में एक रोमांचक लाइन-अप में एकल में तीन शीर्ष 100 खिलाड़ी और युगल स्पर्धा में छह शीर्ष 100 खिलाड़ी शामिल होंगे, जो डब्ल्यूटीए 125ञ्च श्रृंखला का एक हिस्सा है।

टूर्नामेंट क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट पर खेला जाएगा। क्वालीफाइंग मैच 3 और 4 फरवरी से खेले जाएंगे जबकि मुख्य ड्रॉ की कार्रवाई 5 फरवरी से शुरू होगी। फाइनल 11 फरवरी को खेला जाएगा। अमेरिकी कायला डे, 2016 यूएस ओपन गर्ल्स सिंगल्स चैंपियन और विश्व नंबर 82, जापान की नाओ हिबिनो, तीन डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब के विजेता और पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक, 97 वें स्थान पर हैं, के साथ 32-खिलाड़ियों के क्षेत्र का नेतृत्व करेंगी।




मैदान में अन्य खिलाड़ियों में अमेरिकी केटी वोलिनेट्स, ऑस्ट्रेलियाई अरीना रोडियोनोवा और किम्बर्ली बिरेल और ब्राजील की लौरा पिगोसी शामिल हैं। सोलह वर्षीय रूसी अलीना कोर्नीवा, जो पिछले साल दुनिया में शीर्ष क्रम की जूनियर थीं, और लड़कियों का एकल खिताब जीतने के सिर्फ 12 महीने बाद 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल स्पर्धा के तीसरे दौर में पहुंचीं, भी इसमें नजर आएंगी। भारत की शीर्ष क्रम की युगल खिलाड़ी प्रार्थना थोम्बारे और डच जोड़ीदार एरियन हार्टोनो को युगल स्पर्धा में सीधा प्रवेश है। आने वाले दिनों में टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड की घोषणा होने की उम्मीद है।

संजय खंडारे और प्रवीण दराडे, दोनों आईएएस और आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा, हम कुछ वर्षों के अंतराल के बाद विश्व स्तरीय टेनिस को मुंबई में वापस लाकर खुश हैं। डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन ने अतीत में कुछ बड़े नामों और उभरते सितारों को आकर्षित किया है, जिसमें दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी शामिल हैं, जिन्होंने 2017 में यहीं मुंबई में अपना पहला डब्लूटीए 125ञ्च खिताब जीता था।

उन्होंने जोड़ा, हमारे पास इस साल भी एक मजबूत क्षेत्र है, जिसमें कायला डे, नाओ हिबिनो और तमारा जिदानसेक के साथ-साथ उभरती हुई रूसी अलीना कोर्निवा भी शामिल हैं। हमें उम्मीद है कि मुंबई में टेनिस प्रशंसक खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए झुंड में आएंगे।